समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 117
लखनऊ, शनिवार 14 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखना पहली प्राथमिकता : डीआईजी 08

भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं : राजनाथ सिंह 12

संक्षिप्त समाचार

आरबीआई के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल आरबीआई की वेबसाइट पर मिला है। इसके बाद मुंबई के एमआरए पुलिस स्टेशम में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। मुंबई पुलिस के जोन 1 के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ई-मेल आया है। ई-मेल रूसी भाषा में था, जिसमें बैंक को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। माता रमाबाई मार्ग एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। कुछ महीने पहले मुंबई में आरबीआई के पिछले गेट पर संदिग्ध गाड़ी रखे जाने की जानकारी मिली थी। उस समय आरबीआई के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था।

हंदवाड़ा के बोबन वन क्षेत्र में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

कुपवड़ा। सुरक्षाबलों द्वारा संयुक्त अभियान के तहत कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा के बोबन वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को हंदवाड़ा क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान बलों ने ठिकाने से संदिग्ध सामान बरामद किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान विशेष जानकारी के आधार पर चलाया गया था।उन्होंने कहा कि अभियान फिलहाल जारी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। दोनों टीमें जांच कर रही हैं। अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नौ दिसंबर को दिल्ली के 40 से अधिक स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी। दावा किया गया था कि उनके कैंपस में बम लगाए गए हैं। ई-मेल में कहा गया था कि अगर बम फटे तो भारी नुकसान होगा। मेल भेजने वाले ने ब्लास्ट रोकने के एवज में 30 हजार डॉलर की मांग की थी। छह स्कूलों को भेजे गए ई-मेल में धमकाया गया है कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक हैं। इस गतिविधि में एक डार्क वेब समूह और कई रेड रूम भी शामिल हैं। 13 और 14 दिसंबर (दोनों दिन) यह फट सकते हैं।

नेंड्रा के जंगल में हुई मुठभेड़ दो वर्दीधारी नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिसने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के नेंड्रा के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस पर इलाके में कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन की यंग प्लाटून, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों की संयुक्त टीम नेंड्रा के जंगल सुबह 7.30 बजे पहुंच कर सर्च अभियान चलाया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में 5500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा

कुंभ में दुनिया देखेगी एकता का महासंगम

एक भारत-श्रेष्ठ भारत की तस्वीर पेश करता है महाकुंभ : मोदी

समृद्धि न्यूज

महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुंभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था।मोदी ने कहा कि यहां से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ जाती है।

सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध किया

आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं। इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या के विकास के हम सब साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्व में है। प्रयागराज का विकास इसी का प्रतीक है। हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है।

प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से साकार हो रहा दिव्य, भव्य व डिजिटल महाकुंभ का सपना : योगी

ठीक एक महीने बाद विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन, मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत तथा सनातन के महापर्व महाकुम्भ का शुभारम्भ होने जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन तथा उनके द्वारा 5500 करोड़ की 167 परियोजनाओं के लोकार्पण के प्रति आभार जताते हुए प्रयागराज, प्रदेश व महाकुम्भ में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की ओर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आगमन मां गंगा-यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा-अनुष्ठान के साथ ही प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह सम्पूर्ण सनातन धर्मावलम्बियों, देश व दुनिया के अंदर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से कुंभ 2019 का सफल आयोजन हुआ था और अब महाकुम्भ के सफल आयोजन के लिए मिल रहे मार्गदर्शन के लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन की प्रशंसा करते हुए उनके नेतृत्व में किए गए प्रयास और सनातन धर्मावलम्बियों के हितों की रक्षा के साथ ही कुम्भ को लेकर स्थापित किए गए उच्च प्रतिमानों की पूर्ति को लेकर आभार जताया। 2019 ने सिखाया कुंभ का आयोजन कैसे होना चाहिए योगी ने कहा कि पहली बार 2019 के प्रयागराज कुम्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व आदेश पर सैंकड़ों वर्षों के बाद श्रद्धालुओं को अक्षय वट के दर्शन हुए थे।

हंगामा : राज्यसभा की कार्यवाही 16 तक स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा की कार्यवाही 16 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई है। राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर जमकर हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा में सभापति धनखड़ और खड़गे के बीच जमकर बहस हुई।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, मैं किसान का बेटा हूं, झुकता नहीं हूं. विपक्ष ने संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं। मैंने बहुत कुछ बर्दाश्त किया है। मैं मल्लिकार्जुन खरगे जी की इज्जत करता हूं। मैंने कभी सम्मान देने में कोई कमी नहीं रखी। मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा। आप मुझसे मिलने का वक्त तो निकालें मैं आपसे जरूर मिलूंगा। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं। आप विपक्षी सांसदों का अपमान करते हैं। सदन चलाना सभापति की जिम्मेदारी है। आप सदन परम्परा के साथ चलाएं। हम आपकी तारीफसुनने के लिए सदन में नहीं आए हैं। इस बीच संविधान को लेकर लोकसभा में चर्चा जारी है। लोकसभा में राजनाथ सिंह ने चर्चा की शुरुआत की।

इस दौरान उन्होंने कहा, संविधान सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं यह जनता को मौलिक अधिकार देता है। हमारा मंत्र सबका साथ-सबका विकास है। संविधान पर चर्चा लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को जबकि राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को होगी। बीजेपी ने इसे लेकर अपने सांसदों को व्हिप भी जारी कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस ने अपने सभी सदस्यों को 13-14 दिसंबर को सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित

नई दिल्ली। संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में शुक्रवार को उस समय व्यवधान पड़ गया, जब तृणमूल सदस्य महुआ मोइत्रा ने जस्टिस लोया का नाम लेकर टिप्पणी की। उनके बोलने के बाद भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे और बाद में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताई। इसी बीच हंगामा हुआ और कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। शुक्रवार को संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में जस्टिस लोया का नाम आया। महुआ मोइत्रा के वक्तव्य के पूरा होने के बाद निशिकांत दुबे ने कहा कि मामला न्यायिक रूप से समाप्त हो चुका है। उन्हें अपनी बातों को प्रमाणित करना चाहिए। दुबे के बयान के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने भी मोइत्रा के बयान पर आपत्ति जताते हुए कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इस पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। हंगामे के चलते कार्यवाही को पहले आधा घंटा के लिए और बाद में शाम 6.15 बजे तक स्थगित किया गया।

बंगाल से जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध सहयोगी को एनआईए ने किया गिरफ्तार

कोलकाता। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सनापारा इलाके से एक युवक को जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान साबिरुद्दीन के रूप में हुई है। स्रोतों के अनुसार, साबिरुद्दीन के घर से बड़ी मात्रा में नकदी, एक मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। उसे पहले ही कोलकाता स्थित एनआईए कार्यालय लाया गया है। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा आठ राज्यों में 19 स्थानों पर की गई छापेमारी का हिस्सा है। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। इस गिरफ्तारी को मौजूदा समय में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बीजेपी विधायक समेत 16 के खिलाफ गैंगरेप व धोखाधड़ी के आरोप में केस

समृद्धि न्यूज

बदायूं जिले की एक विशेष अदालत ने दिया आदेश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले की एक विशेष अदालत ने बिल्सी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक हरीश शाक्य समेत 16 लोगों के खिलाफगैंगरेप और करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

एसीजेएम 2, विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट लीलू चौधरी ने मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किया। यह मामला जमीनी विवाद और बलात्कार से जुड़ा है, जिसमें पीड़िता के पति ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़िता के पति और मुकदमे के वादी व विधायक के खिलाफ शिकायत करने वाले ललित कुमार का आरोप है कि शहर के निकट गांव बुधबाई में पूनम लॉन के पास उसके पिता ने काफी समय पहले जमीन खरीदी थी। यह इलाका सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में आता है और जमीन की कीमत करोडों रुपए में है। वादी का आरोप है कि हरीश शाक्य के गुर्गों ने उस पर जमीन बेचने का दवाब बनाया और लगभग 18 करोड रुपए की जमीन की कीमत 16 करोड़ 50 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। जमीन की कीमत का 40 फीसदी एग्रीमेंट के वक्त देना तय हुआ मगर कुछ दिन बाद ही बिना 40 फीसदी दिए विधायक और उनके गुर्गे एग्रीमेंट का दबाव बनाने लगे। रकम लिए बिना एग्रीमेंट नहीं करने पर पुलिस ने शिकायतकर्ता के चचेरे भाई को उठा लिया और उसे प्रताड़ित किया।

लखनऊ कोर्ट ने राहुल गांधी को किया तलब, 10 जनवरी को पेश होने के निर्देश

लखनऊ । लखनऊ की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर पर विवादित टिप्पणी और भड़काऊ भाषण देने के लिए तलब किया है। उन्हें 10 जनवरी को अदालत में पेश होने के आदेश दिए है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय ने गुरुवार को उनके कथित भड़काऊ बयान और वीर सावरकर पर विवादित टिप्पणी के संबंध में दर्ज परिवाद पर सुनवाई की। अदालत ने राहुल गांधी को प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत अपराध के लिए दोषी पाया है। उनका पक्ष जानने के लिए 10 जनवरी 2025 को पेश होने का आदेश दिया है। उनके खिलाफ समन भी जारी किया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई तय तारीख पर होगी।

दिल्ली विस चुनाव : कांग्रेस की 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने गुरुवार देर शाम अपनी पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में पार्टी ने कुल 21 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। नयी दिल्ली सीट से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को और बादली विधानसभा सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को टिकट दिया गया है।

नयी दिल्ली विधानसभा सीट पर संदीप दीक्षित का मुकाबला आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से हो सकता है। यह उनकी पारंपरिक सीट रही है जहां से साल 2013 से वह तीन बार लड़े हैं और हर बार जीते हैं। हालांकि आप ने अब तक इस सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बादली विधानसभा सीट से कांग्रेस ने देवेंद्र यादव को टिकट दिया है। इसके अलावा, पटपड़गंज से अनिल चौधरी को टिकट दिया है, जहां उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अवध ओझा से होगा। इनके अलावा नरेला से अरुणा कुमारी, बुरारी से मंगेश त्यागी और आदर्श नगर से शिवानी सिंघल को मैदान में उतारा गया है। सुल्तानपुर माजरा से जय किशन, नांगलोई जाट से रोहित चौधरी, शालीमार बाग से प्रवीण जैन और वजीरपुर से रागिनी नायक को उम्मीदवार बनाया गया है।

अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार, हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

हैदराबाद। तेलुगू फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को यहां संध्या थिएटर भगदड़ मामले में शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां उन्हें 14 दिन की न्यायायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। अभिनेता की ओर से निचली अदालत के आदेश के खिलाफ तेलंगाना उच्च न्यायालय में दायर अर्जी पर उनकी अंतरिम जमानत मंजूर कर ली गयी। इसबीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि अभिनेता अर्जुन की गिरफ्तारी में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले की विस्तृत जानकारी के बाद ही कुछ बोल सकते हैं। यह घटना चार दिसंबर को अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल ' के प्रीमियर शो के दौरान हुई थी।

सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा की अभद्रता से सुपरवाइजर आहत

नगर निगम जोन-7 में वार्ड में सफाई का काम करा रहे सुपरवाइजर से सफाई निरीक्षक ने की गाली-गलौज

सुपरवाइजर पर पार्षद के विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाते हैं सफाई निरीक्षक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। वैसे तो प्रदेश की भाजपा सरकार अपने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाती रहती है लेकिन जनता से या अपने मातहत कर्मचारियों से अधिकारी कैसे बात करें यह शायद सिखाना भूल गई है।

ताजा मामला नगर निगम जोन-7 का है जहां सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा चेकिंग के नाम पर शुक्रवार को वार्ड में सफाई का काम करा रहे सुपरवाइजर से मां-बहन की गालियां देते नजर आ रहा है वहीं खास जाति को टारगेट कर पूरी ही जाति को गाली देकर संबोधित कर रहा है।

नगर निगम की सफाई व्यवस्था को देखने के बजाय काम कर रहे कर्मचारी को गाली देते नजर आ रहे। इसका एक आडियो वायरल हुआ है (जिसकी पुष्टि समृद्धि न्यूज नहीं करता है) जिसमे वार्ड संख्या 42 में तैनात सुपरवाइजर पवन कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि सुनील वर्मा ने चेंकिग के नाम पर उन्हें मां-बहन की गाली देते हुए अभद्रता की जिसकी शिकायत वह नगर आयुक्त व मेयर से करेंगे और कार्रवाई की मांग करेंगे। पीड़ित का कहना है वह उन पर पार्षद के विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाते हैं और तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर उन्हें परेशान करते हैं।

गौरतलब है कि सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा का विवादों से गहरा नाता है इससे पहले भी अभद्रता के कारण जोन 7 उनका तबादला मुख्यालय कर दिया गया था लेकिन अपनी ऊंची पहुंच के कारण वह फिर से उसी जोन में आकर अपनी दबंगई दिखा रहा। सूत्रों से पता चला है कि इसके पहले वह जोन 3 में तैनाती के दौरान कबाड़ी वालों से वसूली को लेकर भी हटाया जा चुका था।

पिछली सदन की बैठक में कई पार्षदों ने उनका विरोध किया था जिस पर मेयर ने उनको 24 घंटे के अंदर हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे उसका मनोबल जैसे सांतवे आसमान पर है। अब देखना है कि इनकी इस अनुशासनहीनता को लेकर मेयर व नगर आयुक्त कोई कार्रवाई करतें हैं या इनकों पहले की तरह ही छूट देते हैं।

राज्यसभा में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के हाल ही में दिए गए विवादित बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। सुप्रीम कोर्ट ने जहां तीन दिन पहले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के विवादित भाषण पर संज्ञान लिया है, आज राज्यसभा के 55 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है।

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल के नेतृत्व में सांसदों ने न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के बारे में उनकी हालिया टिप्पणियों को लेकर राज्यसभा महासचिव के समक्ष महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है। 55 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रस्ताव पर संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान विचार किए जाने की उम्मीद है। इसमें आरोप लगाया गया है कि न्यायमूर्ति यादव द्वारा दिया गया भाषण प्रथम दृष्टया नफरत फैलाने वाला भाषण है और सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देता है, जो देश के संविधान का उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त यह दावा किया गया है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित राजनीतिक मामलों पर सार्वजनिक रूप से विचार व्यक्त करके न्यायमूर्ति यादव ने न्यायिक जीवन के मूल्यों के पुनर्कथन, 1997 का उल्लंघन किया है। महाभियोग प्रस्ताव के माध्यम से सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से अनुरोध किया है कि वे न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 के अनुसार घृणा फैलाने वाले भाषण, सांप्रदायिक विद्वेष और न्यायिक नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने और आरोप सिद्ध होने पर न्यायमूर्ति यादव को पद से हटाने के लिए उचित कार्यवाही शुरू करने के लिए भारत के राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजें।

उपलब्धि

लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मिलेगी मदद

भारत को मिली एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है।

स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है। एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई।

मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ, जिसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया। अब अंतिम परीक्षण में भारत ने एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ ने हाल ही में देश की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया, जो लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है।

बकरी चरा रहे व्यक्ति पर टाइगर ने किया हमला

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

वन रेंज भीरा क्षेत्र में हिंसक जंगली जानवरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है,आए दिन जंगल किनारे वाले गांवों में हिंसक जंगली पशुओं से हादसे हो रहे हैं।

क्षेत्र में लगातार बाघ और तेंदुए के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। शुक्रवार को भीरा वनरेंज क्षेत्र के पडरिया बीट के महेशा पुर गांव का एक ग्रामीण जंगल किनारे खेतो में अपनी बकरी चरा रहा था तभी हिंसक जंगली पशु ने अचानक हमला बोल दिया। जंगली पशु के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए

बिजुआ सीएचसी पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने ओएल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। भीरा वनरेंज क्षेत्र से सटे हुए तमाम गांव बसे हुए हैं। सीमा से सटे गांवों के खेत जंगल की सीमा से बिल्कुल सटे हैं। ऐसे में कई बार बाघ और तेंदुए जंगल से निकल कर आबादी में आ जाते हैं। इससे खेतों में काम करने वाले लोगों पर खूंखार वन्य जीवों का हमला बढ़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बहादुर

पुत्र राम औतार उम्र करीब 60 वर्ष निवासी महेशा पुर जंगल के किनारे खेत में बकरी चरा रहे थे बताते है तभी एक टाइगर जंगल से निकल कर अचानक बहादुर पर हमला कर दिया हमले में बहादुर गंभीर रूप से घायल

> जंगल के अंदर बकरी चरा रहा था वही टाइगर ने झपट्टा मार दिया है, टाइगर तीन दिन से वही पर बैठा था वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा था। उक्त व्यक्ति के कंधे पर पंजे लगे हैं जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।
>
> -राजकुमार शर्मा
> रेंजर, वन रेंज भीरा

हो गया। घायल के साथियों ने बताया बाघ ने उसके साथी बहादुर पर हमला कर फौरन जंगल की ओर भाग गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ कर कागजी कार्यवाही चालू कर दी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में मूकबधिर युवक का मिला शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखीमपुर के शारदानगर थाना क्षेत्र के चमेली गांव के पास घर से लापता 17 वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे शारदानगर थानाध्यक्ष ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शारदानगर थाना क्षेत्र के चमेली गांव निवासी कामता प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र पुनीत जो बुधवार की रात लगभग 09.00 बजे अपने घर से लापता था, इस संबंध में परिजनों ने दिनांक 12.12.24 को थाना शारदानगर में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। दर्ज गुमशुदगी के आधार पर पुलिस द्वारा खोजबीन का प्रयास किया जा रहा था, शुक्रवार की सुबह पुनीत का शव चमेली गांव के किनारे प्राथमिक स्कूल के पीछे स्थित गन्ने के खेत के बाहर पड़ा बरामद हुआ। घटना को सूचना मिलते ही शारदानगर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौर्य

मौके पर पहुंच गए शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शव के जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही शुरू की जाएगी।

प्रबंधन द्वारा मांगें पूरी करने के आश्वासन पर समिति का धरना-प्रदर्शन स्थगित

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़। संघर्ष समिति बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के पदाधिकारियों ने बताया कि 11 दिसंबर को होने वाला धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया। चूंकि कर्मचारियों की कई मांगों को प्रबधंन ने पूरा करने का आश्वासन देने के साथ जनवरी माह से लागू करने की बात कही है। वहीं एक दो मांगों पर भी संभवतः सकारात्मक निर्णय होने के चलते समिति ने संतुष्टता जताई है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 7 सितंबर को समिति द्वारा माग पत्र दिया गया था। जिसके संदर्भ में कई चरणों की वार्ता के बाबजूद कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बन सकी थी। जिस कारण समिति ने विवश होकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इसके बाद मिल प्रबंधन ने समिति पदाधिकारियों से वार्ता की। जिसमें प्रबंधन द्वारा मांगों पर सहमति बन गई। जिसमें प्रत्येक परमानेंट विभागों से एक कर्मचारी परमानेंट होगा, सन 2020-21 के समस्त बाउचर कर्मचारियों का टेम्प्ररी होगा, टेम्प्रेरी से सीजनल होना, योग्यता व अनुभव के अनुसार ग्रेड, इंक्रीमेंट, प्रमोशन व फिटमेंट होना, मृतक आश्रित का होना, एक्सीडेंट आश्रितों का होना, सिविल व इलेक्ट्रिकल विभाग में सुचारु रूप से कम्पलेन्ट सुनिश्चित करना, कालोनियों की सफाई व रख रखाव सही कराना। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि एक दो मांगों पर वार्ता होनी शेष है। जिसके चलते 11 दिसंबर को होने वाला धरना-प्रदर्शन स्थगि कर दिया गया। कर्मचारियों की उक्त मांगे जनवरी माह से लागू कर दी जाएगी। इस मौके पर शकर मजदूर यूनियन के गिरजाशंकर, मजदूर यूनियन शुगर फैक्ट्री दामोदर नाथ तिवारी, भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ के जाकिर अली, गन्ना मजदूर यूनियन के रामकुमार सिंह सहित समिति के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

वैज्ञानिक विधियों से अंधविश्वास पर किया करारा प्रहार

गांधी विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित जिला विज्ञान क्लब लखीमपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम के तहत अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल 'रिंकू' द्वारा किया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अंधविश्वास विकसित भारत के मार्ग की प्रमुख बाधा है। कार्यक्रम में गोला नगर के 12माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी के विजेताओं में प्रथम मोहिनी, कृषक समाज इंटर कॉलेज, द्वितीय-अंशिका चक्रवर्ती, ग्लोबल पब्लिक इंटर

कॉलेज, गोला, तृतीय-आयुष प्रजापति, राजकीय हाई स्कूल अहमद नगर सांत्वना पुरस्कार प्रियांशी सोनी, अलीशा मंसूरी, विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में प्रथम-आराध्या शुक्ला, सरस्वती विद्या मंदिर गोला द्वितीय-विवेक कुमार, गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तृतीय-मुज़फ्फर तुफैल, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, गोला व सांत्वना पुरस्कार वसुंधरा तिवारी, अंशिका सोनी को दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विज्ञान संचारक लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा अंधविश्वासों का वैज्ञानिक विधि से खंडन रहा। कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों के समक्ष मंत्र शक्ति से अग्नि प्रज्ज्वलित करना, भभूत पैदा करना, कुर्सी में व्यक्ति को फंसा देना, नारियल से अग्नि, जीभ से त्रिशूल आर पार करना, खाली कमंडल से नदियों का जल उत्पन्न करना आदि चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने कहा कि ब्रह्मांड की प्रत्येक घटना विज्ञान के किसी न किसी सिद्धांत पर आधारित है। जिनको वैज्ञानिक विधि से जाना जा सकता है। मंच संचालन विज्ञान अध्यापक डॉ राजेश कुमार ने किया। निर्णयक मंडल के सदस्य के रूप में आशुतोष अग्निहोत्री आमिर हुसैन रहे। कार्यक्रम में गोला नगर के विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक सहित करीब 250 लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मनोज कुमार, राकेश शाह, सत्यपाल गंगवार, दिनेश कुमार, मनोज वर्मा, याचना वर्मा, सुनीता सिंह, उमेश कुमार, तेजराम गंगवार मौजूद रहे।

कारसवार युवक ने दो युवकों पर फायर करने व सोने की चेन लूटने का आरोप लगाया

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। शुक्रवार को अपने प्रतिष्ठान पर काम के लिए कार से जा रहे एक युवक पर दो युवकों ने तमंचे की नोक पर कार सहित रोककर मारपीट व एक दो तोले की सोने की चेन लूट लेन व जान से मारने की नियत से फायर किया। फायर मिस होने के कारण गंभीर हादसा टल गया। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुखवीर चौधरी पुत्र महावीर सिंह निवासी पंजाबी कालोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह प्रतिदिन की भांति लखीमपुर रोड बाईपास स्थित आफिस के लिए कार से जा रहा था। उसी दौरान गोला हास्पिटल के सामने पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी अश्वनी कुमार वर्मा निवासी बिजौरिया, विवेक वर्मा निवासी अर्जुननगर कालोनी थाना गोला तमंचा लेकर उसकी गाड़ी के सामने आ गए। गाड़ी रोककर उसे नीचे घसीटते हुए मारपीट व हाथापाई करने लगे और उसे जान से मारने की नियत से विपक्षी अश्वनी ने तमंचे से फायर कर दिया। फायर मिस होने के बाद तमंचे की बट से उसके मुंह पर मारकर उसे जख्मी कर दिया। जिससे उसके बाए होठ के नीचे व अंदरुनी चोटे आई है। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान विपक्षियों ने उसे धमकी दी कि वह उसे गोला में कोई काम धंधा नहीं करने देंगे। विपक्षियों ने उसके गले में पडी दो तोला सोने की चेन भी लूट ली और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना के वह किसी तरह थाने आकर सूचना दे रहा है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर जांच कर रही है।

कॉरिडोर को लेकर व्यापारियों से न किया जाए भेदभाव

व्यापार मण्डल ने विधायक को दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल छोटी काशी के दर्जनों व्यापारियों ने निर्माणाधीन छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें व्यापारियों ने भेदभाव न किए जाने की बात कही।

उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विधायक अमन गिरि को दिए ज्ञापन में बताया। कि कॉरिडोर की जद में जिन व्यापारियों की दुकाने आ रही हैं उनके साथ भेदभाव न कर उचित स्थान देकर उसी जगह स्थापित किया जाए।

विधायक ने व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि व्यापारियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और उन्हें उचित स्थान पर उनका व्यापार सुरक्षित रखा जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री कैलाश चंद्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष नानक चंद वर्मा, नगर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्रा, नगर महामंत्री संजय अवस्थी, राकेश तिवारी, गोपाल कृष्ण शुक्ला, बालकृष्ण गुप्ता, मनोज जायसवाल, जितेंद्र गट्टानी, श्रवण माहेश्वरी, पंकज हालन, सचिन गुप्ता मौजूद रहे।

निबंध, वाद-विवाद एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

प्राचार्या प्रोफ़ेसर गीता शुक्ला की अध्यक्षता में शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष 25/12/2024- 25/12/2025 का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में निबंध, वाद विवाद एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का निर्णय अर्चना सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग एवं विमलेश, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा, वाद- विवाद प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर क्षमा तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग एवं डॉ राखी चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग ने किया। काव्य पाठ

प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर रेखा पांडेय, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग एवं डॉक्टर प्रीति सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ प्रियंका सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, वीना चौरसिया, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग एवं डॉ राखी चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। निबंध प्रतियोगिता में ईशा तिवारी बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, महिमा वर्मा बी ए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं अंशिका यादव बीए प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपा बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, आस्था वर्मा बीए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं सविता देवी बीए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में महिमा वर्मा बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, स्वाति बीए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं सविता देवी बीए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या ने महाविद्यालय की छात्राओं को अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन काल से प्रेरणा लेने की सीख दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रही।

नाली जाम, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

संसरपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड के ग्राम संसारपुर के मुख्य मार्ग बांकेगंज संसारपुर रोड पर नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार विभागीय लोगों से की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि नाली जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। गंदा पानी घरों में घुसने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार विकास खंड के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। गांव के ग्राम पंचायत सदस्य शकील अहमद

> खंड विकास अधिकारी ऋषिकांत अहीरवाल का कहना है कि शीघ्र ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

लाइक अंसारी उस्मान मुन्ना अंसारी आफताब अंसारी आदि का कहना है कि कई माह से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे उठने वाली दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं। गंदा पानी सड़क पर बहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। इस मार्ग से दो पहिया वाहन चालक, बच्चे व बुजुर्ग नाली के पानी में अक्सर फिसलकर गिरने से चोटिल हो जाते हैं।

मोहम्मदी रोड स्थित पांडे मार्केट में हुई लाखों की चोरी

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़। थाना मितौली क्षेत्र के कस्बा भीखमपुर में लखीमपुर मोहम्मदी रोड पर पांडे मार्केट में गत रात्रि हुई लाखों की चोरी हो गई। ज्ञात हो कि कस्बा भीखमपुर स्थित पांडे मार्केट में गुड्डन पुत्र रामस्वरूप निवासी भीखमपुर की गुड्डन डीजे एंड टेंट हाउस की दुकान में पीछे से दरवाजा तोड़कर लाखों रुपए का कीमती सामान अज्ञात चोर उड़ा ले गए वहीं दुकान के बगल में रखें राजेंद्र कुमार अवस्थी पुत्र स्वर्गीय मुरारी लाल अवस्थी के परचून के खोखे के दोनों ताले तोड़कर लगभग बारह हजार का सामान और नगदी चोर ले गए। इसी रोड पर स्थित 100 मीटर की दूरी पर त्रिवेदी मार्केट में रोहित कुमार पुत्र सुरेश कुमार त्रिवेदी के लगे कारखाना, पालेसर ,तेल कोल्हू, से

लगभग 15 लीटर टिपिया सहित डीजल और लगभग 10 लीटर लाही का तेल चोर उड़ा ले गए। कस्बे के व्यापारियों में भय व्याप्त और आक्रोश भी है कि कैसे अपनी दुकान की सुरक्षा की जाए। पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर हुई चोरी से कस्बे के व्यापारियों में भय मितौली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भीखमपुर कस्बे में पूर्व में हुई कई चोरियों का मितौली पुलिस अभी तक नहीं खुलासा कर पाई है जिससे नागरिको मे रोष व्याप्त है।

खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों ने दिखाए जौहर, जमकर बहाया पसीना

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

सिल्वरसिटी एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में शुक्रवार को दूसरे दिन विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं की श्रंखला में सेक रेस सोहन सिंह प्रथम, कार्तिक शुक्ला द्वितीय, प्रभाकर तृतीय स्थान पर रहे। जबकि फ्रॉग रेस में शिवायराज प्रथम, अपिल द्वितीय, ऋषिकेश तृतीय रहे। स्पून रेस में आराध्या, इजहान प्रथम, श्रुति दीक्षित, कपिल द्वितीय, रोली, एहतशाम तीसरे पायदान पर रहे। निडिल एंड थ्रेड रेस में अनुष्का प्रथम,

यूनिका द्वितीय, नूरी खान तृतीय रही। खोखो में ब्लू हाउस को पराजित कर रेड हाउस के खिलाडी छात्रों ने विजय हासिल की। फुटबाल मैच मे रेड हाउस ने ब्लू हाउस को पराजित कर जीत हासिल की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुनानक इंटर कालेज लखीमपुर के पूर्व अध्यक्ष तथा कुश्ती के राष्ट्रीय खिलाडी कश्मीर सिंह ने की। इस मौके पर प्रबंधक हरमोहन सिंह खुराना, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, अश्वनी मिश्रा, अशोक शर्मा, मिथिलेश शुक्ला, निखिल तिवारी, अभिषेक गुप्ता, संदीप, अनूप, शफीक, अजीत सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

बैकयार्ड पोल्ट्री स्कीम के तहत निःशुल्क मुर्गी के बच्चे, दाना एवं दवा का किया गया वितरण

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में अनुसूचित जाति की महिलाओं को बैकयार्ड पोल्ट्री स्कीम के तहत निशुल्क मुर्गी के बच्चे, दाना एवं दवा का वितरण किया गया जिसके तहत विकास खंड ईसानगर की जसवंत नगर एवं मिर्जापुर की अनुसूचित जाति की 42 महिला लाभार्थियों को निशुल्क 50 देसी मुर्गी के बच्चे, दाना एवं दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर, पशु औषधिक खमरिया महादेव

> विकास खंड ईसानगर की जसवंत नगर एवं मिर्जापुर की अनुसूचित जाति की 42 महिलाएं हुईं लाभांवित

प्रसाद एवं सभी लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रही। प्रदीप कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर ने बताया कि सरकार द्वारा बैकयार्ड पोल्ट्री को बढ़ावा देने एवं इनसे होने वाले फायदे के लिए ग्राम की अनुसूचित जाति की गरीब महिलाओं को आत्म निर्भर करने के उद्देश्य से देसी मुर्गी के बच्चों को वितरित किया जाता है। इन बच्चों से कुछ मुर्गी बड़ी होकर अंडा उत्पादन करेगी जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी एवं मुर्गा बेचकर भी पैसा कमा सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बैकयार्ड मुर्गी पालन एक अच्छी स्कीम है जिससे कम जगह मे भी मुर्गी पालन करके आसानी से आय में वृद्धि की जा सकती है, एवं अंडों से बने बच्चों का व्यवसाय भी ग्रामीण क्षेत्र में आसानी से बढ़ाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष जनपद के अनुसूचित जाति की 200 महिलाओं को इस स्कीम से लाभान्वित किया जाता है।

कंपोजिट विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विधायक ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

ब्लाक बांकेगंज पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि गोला विधान सभा प्रभारी अवधेश मिश्रा ने दीप जलाकर किया। विद्यालय की छात्रा कामिनी शर्मा, नदिंनी व अरीवा ने सरस्वती वंदना, आफरीन एवं रागिनी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सौंगन्ध मुझे इस मिट्टी की, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पढ़ेगी बेटी बढ़ेगी बेटी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। खेल जगत में लगातार 7 बार विजेता बनने

वाली बालिका वर्ग की कैप्टन रागिनी, बालिका वर्ग में मोहम्मद आरिफ और उनकी टीम को विधायक अमन गिरि ने पुरस्कृत किया। इसके साथ में कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले एवं शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने वाले सभी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक अमन गिरि ने कहा कि भाजपा सरकार देश और प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं होता। विशिष्ट अतिथि अवधेश मिश्रा ने पढ़ाई में बढ़ती स्पर्धा और चुनौती पर प्रकाश डाला और कहा कि जिन छात्रों का आज सम्मान हो रहा है, उन्हें यह आगे भी निरंतर मेहनत कर पढ़ाई करनी होगी ताकि आगे की कक्षाओं में भी उनको यह सम्मान मिले। कुम्भी ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय पाल वर्मा ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी छात्रों की प्रतिभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपिन कुमार वर्मा ने वर्ष भर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी मुकेश कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर बांकेगंज ब्लॉक के अध्यक्ष आशुतोष गिरि, पलिया विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा रामानुज मिश्रा, एडीओ पंचायत आरिफ, ग्राम प्रधान कलामुद्दीन, सिसनौर प्रधान मनीष वर्मा, सुखविंदर सिंह, जितेंद्र कुमार, मुशर्रफ अली, शिवपाल सिंह, नीरज बाजपेई, यशपाल यादव आदि मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड शासन

विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। तीर्थाटन एवं पर्यटन की दृष्टि से लोग यहां आयें तथा पर्यटन के साथ-साथ तीर्थों के भी दर्शन कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं ताकि पर्यटक शीतकाल में पर्यटन के साथ तीर्थों का भी आनन्द ले सकें।"

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

देवभूमि रजत उत्सव
9 नवंबर 2024-25 | उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

देवभूमि उत्तराखण्ड

शीतकालीन यात्रा

1 श्री यमुनोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास
यमुना मन्दिर
खरसाली (उत्तरकाशी)

यमुनोत्री चारधाम यात्रा का प्रथम पड़ाव है। यमुनोत्री मन्दिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने पर मां यमुना की डोली को खरसाली लाया जाता है जो कि मां यमुना का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकालीन प्रवास के दौरान खरसाली में ही मां यमुना की पूजा की जाती है और यहीं पर यमुना जी के भाई भगवान शनिदेव जी का मन्दिर भी स्थित है।

3 श्री केदारनाथ धाम का शीतकालीन प्रवास
ओंकारेश्वर मन्दिर
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)

ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मन्दिर भगवान केदारनाथ का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान भगवान केदारनाथ की पूजा इसी मन्दिर में की जाती है। केदारनाथ मन्दिर से मूर्तियों की उत्सव डोली को ऊखीमठ लाया जाता है और ओंकारेश्वर मन्दिर में छह महीने तक पूजा की जाती है।







2 श्री गंगोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास
गंगा मन्दिर
मुखीमठ, मुखबा (उत्तरकाशी)

मुखीमठ, मुखबा स्थित मां गंगा का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान गंगोत्री मन्दिर के कपाट बंद होने पर मां गंगा की मूर्ति को गंगोत्री से मुखबा लाया जाता है और शीतकाल के दौरान इसी मन्दिर में मां गंगा की पूजा की जाती है।

4 श्री बदरीनाथ धाम का शीतकालीन प्रवास
योगध्यान बदरी मन्दिर
पांडुकेश्वर (चमोली)

शीतकाल के दौरान बदरीनाथ मन्दिर के कपाट बंद होने पर नारायण योगध्यान बदरी मन्दिर, पांडुकेश्वर (चमोली) में जनकल्याण के लिए ध्यान अवस्था में रहते हैं। पांडुकेश्वर स्थित योगध्यान बदरी मन्दिर में उद्धव जी और कुबेर जी की उत्सव डोलियों को भी लाया जाता है। आदिगुरु शंकराचार्य की डोली शीतकाल के दौरान ज्योतिर्मठ स्थित नृसिंह मन्दिर में प्रवास करती है।

सनशाईन पर्यटन

एक ओर जहां देश के बहुत से भाग कोहरे की चादर ओढ़े हैं, वहीं देवभूमि उत्तराखण्ड के पहाड़ों में खिलखिलाती धूप का आनन्द उठाया जा सकता है।

आईये! आप भी उत्तराखण्ड में आध्यात्म व पर्यटन का आनन्द उठाईये।

उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक और प्राकृतिक गंतव्य

इको-टूरिज्म हो या वाइल्डलाइफ टूरिज्म या रोमांचकारी अनदेखी बर्फीली चोटियां और रोमांचकारी स्कीइंग और माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग और ट्रेकिंग के रोमांचकारी रास्ते, आपको यहां वह सब कुछ मिल सकता है जिसके लिए कई देशों की यात्रा करनी पड़ सकती है। उत्तराखण्ड अब हरित पर्यटन, माइंडफुल ट्रैवल, वन्यजीव यात्रा, प्राकृतिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। बेहतर पर्यटन नीतियों और उच्च संभावनाओं को देखते हुए विगत वर्षों में राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर निवेश तो हुआ ही है साथ ही भविष्य में कई बड़े निवेशकों ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशी हैं। साहसिक गतिविधियों के लिए उत्तराखण्ड उभरता हुआ पर्यटन स्थल बनता जा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

आयुक्त ने शिकायत के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को लगाई फटकार

- समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी
- शिकायत के निस्तारण में लापरवाही हुई तो होगी कार्रवाई
- पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की आयुक्त ने की समीक्षा
- प्रत्येक शिकायत करने वाले से किया जाये सम्पर्क

देवीपाटन मण्डल/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को आयुक्त सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का असंतोषजनक निस्तारण करने पर आयुक्त ने बैठक कर कई अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि कई विभागों द्वारा शिकायतों का उचित निस्तारण न करने पर नवम्बर माह के मासिक मूल्यांकन में देवीपाटन मण्डल सातवें नम्बर पर है। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त होने शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। यदि आगे से विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा। आईजीआरएस मैं बेहतर रैंकिंग लाने

के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों में अधीनस्थ की आख्या का परीक्षण करने के उपरान्त शिकायतकर्ता से वार्ता करने के पश्चात् ही निस्तारित करें। यदि प्रकरण स्पेशल क्लोज श्रेणी के अन्तर्गत का है तो निस्तारण के समय अनिवार्य रूप से अंकित करें।

शिकायतकर्ता से जरूर किया जाए संपर्क : आयुक्त

बैठक के दौरान मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि शिकायतकर्ता से वार्ता करने में यह कह जाता है कि निस्तारण कार्यालय द्वारा उनसे सम्पर्क नहीं किया गया, जिसके कारण मा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से फीडबैक में प्रकरण असंतुष्ट फीडबैक में स्थानान्तिरित कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में निस्तारण आख्या में शिकायतकर्ता का नम्बर, वार्ता करने का समय अवश्य अंकित किया जाये, जिससे फीडबैक में उनके द्वारा यह न कहा जाये कि संबंधित कार्यालय से सम्पर्क नहीं किया गया। ऐसे संदर्भ जिसमें किसी अधीनस्थ अधिकारियों की शिकायत की गई है, उनको संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित न किया जाये। निस्तारण आख्या में अग्रसारित करने वाले अधिकारी का नाम व मुहर अनिवार्य रूप में अंकित करें। निस्तारण आख्या में यदि शिकायतकर्ता या संबंधित स्थल का फोटो अपलोड किया जा रहा है, तो फोटो में दिनांक व समय अंकित करें। बैठक में अपर आयुक्त, अपर निदेशक स्वास्थ्य, संयुक्त आयुक्त उद्योग, उप आबकारी आयुक्त आबकारी विभाग, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई वह अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मैजापुर चीनी मिल परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की नवीन शाखा का डीएम ने किया शुभारंभ

- चिनी मिल परिसर में बैंक शाखा खुलने से किसानों एवं चीनी मिल में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हुआ आसान : डीएम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को बलरामपुर चीनी मिल की यूनिट मैजापुर चीनी मिल परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान चीनी मिल परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का संचालन होने से मिल के आसपास के गांवों के किसानों के लिए बहुत ही सुविधाजनक कार्य हुआ है। इसके साथ ही मिल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारी को भी इस शाखा से सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया है कि यहां पर बैंक की शाखा खोलने से यहां के आसपास के ग्रामीणों के लिए बहुत ही खुशी की बात है अब उन्हें बैंक शाखा के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही गन्ना बेचने वाले किसानों के लिए भी काफी आसानी होगी। डीएम ने मिल प्रबंधन के साथ बैंक के अधिकारियों से कहा कि सरकार की रोजगार परक योजनाओं के साथ मिलकर रोजगार के अवसर लोगों को उपलब्ध कराएं यही इस नई बैंक शाखा की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि पहले लोग स्टेट बैंक में खाता खुलवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते है अब शाखा गांव गांव तक बैंकिंग सुबिधा दे रही है। इससे आसपास के ग्रामीण अंचल के ग्राहकों को कटरा बाजार करनैलगंज नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर सीजीएम संदीप अग्रवाल, एसडीएम भारत भार्गव, तहसीलदार मनीष कुमार, सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रशानिक अधिकारी सौरभ गुप्ता, पीके चतुर्वेदी सहित भारी संख्या में बैंक अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

बाइक सवार दंपति को डंफर ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले के मनकापुर-दर्जी कुआं मार्ग पर एक गांव के पास गुरुवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। ससुराल से पति के साथ मायके जा रही बाईक सवार दंपति को तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दिया, जिससे पत्नी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पति को मामूली चोटे आई हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक गोंडा जिले के मनकापुर कोतवाली के गांव मझरिया की रहने वाली सुमन मिश्रा 35 वर्ष अपने पति के साथ कर्नलगंज कोतवाली के गांव गौरवा खुर्द अपने ससुराल जा रही थी। देहात कोतवाली पुलिस चौकी दर्जी कुआं से कुछ ही दूरी पर मनकापुर-दर्जी कुआं मार्ग के सुल्तान जोत गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने पति के साथ मायके

मृतका की फाइल फोटो

से ससुराल जा रही महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर तत्काल दर्जीकुआं पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि डंपर चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात ने बताया कि घटना के संबंध में वाहन को कब्जे में लिया गया है। लिखा-पढ़ी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

डीएम ने की प्रेस वार्ता

गोंडा, समृद्धि न्यूज। आगामी 16 दिसंबर को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में उपराज्यपाल जम्मू कश्मीर मनोज सिन्हा जी के आगमन पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें पत्रकारों के साथ जिलाधिकारी नेहा शर्मा की वार्ता हुई साथ ही साथ प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडे ने विद्यालय के विकास के बारे में बताया साथी उन्होंने बताया कि इस विद्यालय का शुभारंभ 2 अक्टूबर 1966 में मात्र 35 बच्चों से किया गया जो आज विद्यालय में सभी संकाय चालू है और लगभग 8000 बच्चे हैं जिनमें आधे लड़के हैं आधे लड़कियां बहुत ही गौरव का विषय है कि आज महाविद्यालय जनपद का एक सर्वांगीण विकास का केंद्र बन चुका है आज के प्रेस वार्ता के दौरान लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा की प्रेस कांफ्रेंस नेहा शर्मा जिलाधिकारी गोंडा/अध्यक्ष प्रबंध समिति, उपाध्यक्ष प्रबंध समिति वर्षा सिंह, सचिव प्रबंध समित उमेश शाह, प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार, नैक समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह,शोध निदेशक प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो राम समुझ सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी प्रो शिव शरण शुक्ला, क्रीड़ा सचिव डा मनोज कुमार मिश्र, निर्माण सहायक शरद पाठक आज की प्रेस कान्फ्रेंस में उपस्थित रहे।

डीआईजी अमित पाठक ने थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा का किया आकस्मिक निरीक्षण

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक द्वारा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, शौचालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर अपराध हेल्प डेस्क,साइबर थाना आदि का निरीक्षण किया।

डीआईजी अमित पाठक द्वारा थाना क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु नियमित पैदल गस्त करने,कस्बे की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कर यातायात को जाम से मुक्त रखने, अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। डीआईजी द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया एवं थाना परिसर की साफ सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त कर निरन्तर साफ सफाई रखने की बात कही गई।

तत्पश्चात डीआईजी अमित पाठक द्वारा गोण्डा शहर के विभिन्न मार्गों/बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर शहर के मार्गों को अतिक्रमणमुक्त किये जाने के संबंध में दिए गए अपने निर्देश के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया एवं मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए।

खबरें एक नजर में

गोंडा में पांच दिवसीय जिला स्तरीय योग व स्वास्थ्य संवर्धन शिविर संपन्न

गोंडा, समृद्धि न्यूज। सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड वूमेन एडवांसमेंट (सेवा) सरैया नान्हू परशपुर गोण्डा के तत्वावधान में दिनांक 09.12.2024 से 13.12.2024 तक जनपद के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में योग तथा स्वास्थ्य संवर्धन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 12 इंटर कॉलेज, 10 जूनियर तथा 8 प्राथमिक विद्यालयों में 5000 से अधिक बच्चों उनकी पढ़ाई तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को योग द्वारा दूर करने का प्रयास किया गया। 3 आचार्यों की टोली में नायक के रूप में दिल्ली से आये डॉ योगी रवि 16 वर्षों से योग शिक्षक का कार्य रहे हैं। भारत सरकार से प्रमाणित व पुरस्कृत योग शिक्षक हैं। शिविर के दौरान उन्होंने विद्यालयों में जाकर कक्षा 9 से 12 के बच्चों को अध्यापन के दौरान आने वाली समस्याओं को योग द्वारा दूर करने की विशेष कक्षाएं ली। उनके साथ आये आचार्य शिवानन्द जी 70 वर्ष के होने के बावजूद 40 वर्ष के युवा की तरह सुबह 5.30 बजे शाम 3 बजे तक लगातार बच्चों में परिवर्तन के लिए लगे रहे। उन्होंने एनआईटी, मंदिरों, मदरसों और कई उच्च शिक्षण संस्थानों में पिछले 40 वर्षों में लाखों बच्चों को अपने योग ज्ञान और अनुभव से लाखों बच्चों को परिवर्तित किया है। साथ ही एडवांस योग प्रशिक्षिका बिट्टू कुमारी ने एडवांस योग प्रदर्शन किया तथा बच्चों को सटीक अभ्यास करने में सहयोग प्रदान किया। सत्यवती सुन्दरपती मेमोरियल इंटर कालेज, सरैया नान्हू में प्रतिदिन सुबह 5.30 से 2 घंटे की 5 दिवसीय 9 से 13 दिसंबर तक स्थायी योग शिविर चलता रहा, जिसमें योग ध्यान प्राणायाम और जीवन के अनुभव पूर्ण सूत्र दिये गये। जिसे आयोजित करने में विद्यालय प्रबंधक श्री अनिल मिश्रा जी जी का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य राम संतोष तिवारी, शिक्षकों में अनुराग मिश्रा, साधना मिश्रा तथा शिवम मिश्रा तथा समस्त शिक्षक गणों का निरंतर सहयोग कार्यक्रम की सफलता के लिए बना रहा।

व्यक्ति मन की बुराइयों को त्याग दे तो यह भी किसी व्रत से कम नहीं

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। मां दुर्गा की कृपा ही हर जीव का कल्याण करती हैं। देवी पुराण में मां दुर्गा की स्तुति के साथ मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन सुनने को मिलता है। धन्य है वह लोग जो मां दुर्गा की महिमा का गुणगान देवी पुराण में सुनते हैं। यह बात श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित देवी पुराण के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित शिवम नगाइच ने उपस्थित श्रोताओं से कही। पंडित शिवम नगाइन ने श्रोताओं को बताया कि देवी पुराण साक्षात मां दुर्गा है। जीवन में हम चाहे व्रत करें न करें लेकिन एक व्रत हमेशा व्यक्ति को करना चाहिए। यदि व्यक्ति मन की बुराइयों को त्याग दे तो यह भी किसी व्रत से कम नहीं है। व्यक्ति यदि ज्ञानवान है, बुद्धिमान है तो उसे इसका उपयोग करना चाहिए। दूसरों के कल्याण के लिए अपना ज्ञान वितरण करना चाहिए। यह भी किसी व्रत से कम नहीं है। उपवास रखना ही व्रत नहीं है। मन से किए गए श्रेष्ठ कार्य भी व्रत के समान ही है। जीवन में हम यदि किसी एक संकल्प को व्रत मानकर करें तो वह भी व्रत-उपवास से कम नहीं है। इस संसार में मां के बिना व्यक्ति का जीवन अस्तित्व में नहीं आता। मां ही जीव का कल्याण करती है। जिस घर में नारी का समान होता है वहां हमेशा मां दुर्गा एवं भगवान की कृपा बनी रहती है। परिवार धन-धान्य से परिपूर्ण रहता है। नारी की महिमा अपरंपार है। नारी के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। देवी भागवत महापुराण के पांचवें दिन मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज, अनुरुद्ध विश्नोई, अंजनी श्रीवास्तव, भगवानदास गुप्ता, लवकुश, जय पचौरी, सुबोध, विनय, नरेश, आकाश, प्रीति, वंदना, सुशीला, प्रेरणा, संध्या, दिव्या, करुणा आदि ने श्रद्धाभाव से कथा को सुना।

नोटिस के बाद भी नहीं हटा रहे कब्जा

- दो दिन बाद चलेगा बुलडोजर, राजस्व कर्मियों ने दी चेतावनी

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

रामपुर धोबियाहार बाजार में दो दर्जन से अधिक लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है। जिनको नोटिस जारी की गई है। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटा है। ऐसे में अब तहसील प्रशासन बुलडोजर की कार्रवाई पर विचार कर रही है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबियाहार बाजार में लगभग दो दर्जन लोगों ने सरकार की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यह लोग पान की दुकान, होटल और मकान बनाकर रह रहे हैं। इसकी शिकायत मिलने पर तीन दिन पूर्व सभी को नोटिस जारी

कर कब्जा हटवाने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटा है। इस पर शुक्रवार को उप निरीक्षक शिव कुमार शर्मा, हेड कास्टेबल सन्तोष चौधरी, कास्टेबल शैलेन्द्र सोलंकी, राजस्व निरीक्षक मिश्री लाल, विश्व नाथ, लेखपाल, अनुज श्रीवास्तव,शुभम यादव, प्रदीप कुमार, पंकज यादव, सत्यम कुमार आदि बाजार गए। सभी ने नोटिस का हवाला देकर कब्जा हटाने की बात कही, लेकिन लोग नहीं माने। इस पर राजस्व कर्मियों ने दो दिन में कब्जा न हटने पर बुलडोजर की कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

- मंदिर में शिवलिंग, मां दुर्गा व हनुमान जी की प्रतिमा की हुई प्राण-प्रतिष्ठा
- विशेश्वरगंज थाना परिसर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उपस्थित रहीं एसपी व सीओ

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

विशेश्वरगंज थाना परिसर पर नवनिर्मित मंदिर में गुरुवार को प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना परिवार व आमजन के सहयोग से थाना परिसर में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में शिवलिंग, मां दुर्गा व हनुमान जी की

प्रतिमा स्थापित की गई। गुरुवार को आवाहित देवता पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा, ब्राह्मण व अतिथि भोज का आयोजन किया गया। शाम पांच बजे विधायक प्रतिनिधि पयागपुर निशंक त्रिपाठी,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय,पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला,क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी द्वारा फीता काटकर मंदिर का शुभारंभ किया गया। मंदिर में कसान द्वारा पूजा अर्चना करके माता जी को सोने का टीका भेंट किया गया।तत्पश्चात कसान द्वारा मंदिर के विशिष्ट सहयोगियों व गरीबों को कंबल का वितरण भी किया। थाना प्रभारी नवीन सिंह ने बताया कि थाना परिसर में हनुमान जी टीन शेड में विराजमान थे जहां उनकी पूजा हो रही थी। हमारी पोस्टिंग यहां हुई,बार-बार मेरे मन में थाना परिसर पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए सवाल उठ रहे थे। इसीलिए थाना परिवार व स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण किया गया। इसके बाद भगवान शंकर के शिवलिंग व बजरंग बली की प्रतिमा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया। मंदिर निर्माण से क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। लोगों द्वारा थाना प्रभारी की सराहना की।इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान थाने के पुलिस कर्मियों सहित भारी संख्या में गणमान्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

तहसीलदार पयागपुर की गाड़ी को टैंकर ने मारी टक्कर, गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज गोंडा-बहराइच हाइवे पर उधरना सरहदी के पास सामने से आ रही

तेज रफ्तार टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह तहसीलदार पयागपुर धर्मेंद्र कुमार अपनी सरकारी गाड़ी संख्या यूपी 40 जी 0406 से नेपाल के किसी मंत्री को सीऑफ करने बहराइच-गोंडा बॉर्डर तक निकले थे। वापसी में उधारना सरहदी के पास भारत पेट्रोलियम का टैंकर संख्या यूपी 40 टी 3940 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में तहसीलदार,उनका ड्राइवर व अर्दली बाल बाल बच गए।थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है।

एएसपी नगर ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया अभियान

- सड़क, चौराहों व बाजारों को कराया अतिक्रमण मुक्त

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन, परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा सड़क पर अतिक्रमण के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में निर्गत निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों, घण्टाघर से लेकर चौकी तिकोनी बाग के मध्य क्षेत्राधिकारी नगर, स्थानीय पुलिस, थाना प्रभारी कोतवाली नगर व क्षेत्र के समस्त चौकी प्रभारियों, यातायात निरीक्षक मय यातायात पुलिस

व आरआरएफ की एक प्लाटून के साथ मिलकर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसके अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा सड़क पर स्वयं उतरकर सड़कों के किनारे फुटपाथ पर व्यापारिक दुकानदारों द्वारा किये गये अवैध अस्थायी अतिक्रमण व अवैध रूप से लग रहे ठेले, स्टॉल, स्ट्रक्र्स आदि को हटवाया तथा इन्हें निर्देशित किया कि अपनी दुकान निर्धारित जगह पर ही लगायें व विधि विरुद्ध तरीके से चल रहे वाहनों के विरुद्ध चालान व सीज की कार्यवाही की। जिससे यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो तथा चौराहों से 50 मीटर की परिधि में ठेले आदि न लगने व बस, टैक्सी तथा ई-रिक्शा चालकों का अवैध स्टैंड बनाकर वाहन संचालित न होने देने को लेकर सभी चौकी इंचार्जों को सख्त निर्देश दिये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा रोडवेज पर बेतरतीब तरीके से खड़ी बसों को हटवाकर तरीके से खड़ी कराया तथा बसों को सड़क पर खड़ी करके सवारी न बैठाने को लेकर हिदायत दिया जिससे सड़क पर आवागमन करने वालों को आसानी रहे। वहीं शहर के व्यस्ततम इलाके घण्टाघर, पीपल तिराहा, तिकोनीबाग आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणकारी दुकानदारों को चेतावनी जारी करते हुए दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी तथा बताया कि आदेश का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। अभियान के तहत सभी चौकी इंचार्ज और थाना प्रभारियों को अतिक्रमण हटाने तथा नियमित चेकिंग कर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही को अमल में लाने के निर्देश दिये ताकि सड़कों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न होने पाए तथा आवागमन तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

अज्ञात वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, दोनों सवार की हुई मौत

- पयागपुर से वापस घर आते समय हुआ हादसा

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत पुरैना मोड़ निवासी दो नाबालिक नैतिक व ओम सोनी की बीती रात एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैतिक पुत्र जग्गू व ओम सोनी पुत्र लड्डू उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी पुरैना मोड़ थाना विशेश्वरगंज बीती रात अपनी स्कूटी पर सवार होकर पयागपुर से अपने घर वापस आ रहे थे। रास्ते में मुंडेरवा ठकुराइन थाना पयागपुर गोंडा-बहराइच हाइवे पर किसी अज्ञात वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि नैतिक की मौके पर ही मृत्यु हो गई ,तथा ओम सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में सीएचसी पयागपुर पश्चात जिला अस्पताल बहराइच ले जाया गया ।जहां घायल की गंभीरता को देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया जहाँ पहुंचते पहुंचते उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। दोनों मृतक के पिता की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है।दोनों की मृत्यु से उनकी मां अब पूर्ण रूप से बेसहारा हो चुकी है। दोनों का रो रो कर बुरा हाल है।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा की पूर्ण तैयारी कराएं शिक्षक : आशीष कुमार सिंह

- अर्द्धवार्षिक परीक्षा की बीएसए ने की विभागीय समीक्षा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने आगामी 23 दिसम्बर से होने जा रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा की विभागीय समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी शिक्षक अर्द्धवार्षिक परीक्षा की पूर्ण तैयारी कराने के साथ निर्धारित पाठ्यक्रम भी पूरा करा ले। यह परीक्षा अक्टूबर माह में होनी थी किन्तु नैट परीक्षा व नैस आकलन के कारण यह परीक्षा अब

23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक होंगी तथा 30 दिसम्बर को परीक्षाफल व रिपोर्ट कार्ड वितरित किया जाएगा। 31 दिसम्बर से शीतकालीन अवकाश प्रारम्भ हो जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होंगी,जबकि कक्षा दो व तीन में 50 प्रतिशत मौखिक और 50 प्रतिशत लिखित परीक्षा कराई जाएगी। कक्षा 4 और 5 में 70 प्रतिशत लिखित तथा 30 प्रतिशत मौखिक होंगी, जबकि कक्षा 6 से 8 केवल लिखित परीक्षा होंगी द्य कोर्स पूर्ण कराने तथा परीक्षा की विधिवत तैयारी की निगरानी व सहयोग के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अकादमिक टीम को निर्देशित किया गया है।

मानव वन जीव संघर्ष को लेकर गोष्ठी आयोजित

बहराइच समृद्धि न्यूज।

मानव वन्यजीव संघर्ष के विषय में जागरूकता कार्यक्रम रूपईडीहा रेंज के अंतर्गत पंडितपुरवा पौधशाला एवं हथियाबोजी ग्राम पंचायत में मानव वन्य जीव संघर्ष के विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

वन रेंज अधिकारी अतुल श्रीवास्तव के दिशा निर्देश एवं कुशल नेतृत्व में वन दरोगा अनंतराम, वन दरोगा हरिओम गौतम, वन रक्षक ब्रह्मदेव द्वारा जागरूक किया गया। रुपईडीहा रेंज के अंतर्गत पंडित पुरवा एवं हथियाबोझी ग्राम पंचायत में मानव वन्यजीव संघर्ष के विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जंगल के पास रहने वाले ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा वन्यजीवों के हमलों से बचाव के विषय में जानकारी दी गई। इसमें स्कूल टीचर अशोक कुमार प्रधानाध्यापक अमर चंद्र सहायक अध्यापक मीरा देवी प्रधान एवं सुभाष सुरेश याकूब सहदेव मुश्ताक कमला देवी शीला सुमन कौशल्या, इस अवसर पर नागरिक जगदीश प्रसाद शर्मा, मोहम्मद असलम, आसाराम,लूले, रीना पाठक बछराज यादव पलथीराम चंपा, किरण सोनी, लव कुश उपस्थित रहे।

शासकीय धन का फर्जीवाड़ा करने पर लेखाकार व सीएलएफ अध्यक्ष के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

बहराइच समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड-फखरपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित प्रयास प्रेरणा महिला संकुल समिति के बचत खाते से सचिव रेशमी पाल के फर्जी हस्ताक्षर करके वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक लेखाकार विक्रम मिश्रा द्वारा रू. 9,96,700.00 एवं सीएलएफ अध्यक्ष अनुसूईया देवी द्वारा रू. 4,99,560.00 कुल धनराशि रू.14,96,260.00 का अन्तरण करवाये जाने का तथ्य संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के निर्देश पर सम्बन्धित के

विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के अन्तर्गत धारा 319 (2), 318 (4), 340 (2), 316 थाना-फखरपुर में 13 दिसम्बर 2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित प्रकरण के संज्ञान में आने पर सीडीओ के निर्देश पर उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा 23 नवम्बर 2024 को जिला मिशन प्रबन्धक मानवेन्द्र यादव विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) एवं समस्त ब्लाक मिशन मैनेजर के साथ प्रकरण की जांच की गई। जिसमें शिकायत की पुष्टि एवं दोषी कर्मिको द्वारा पूर्व में लिखित रूप से उपरोक्त कृत्य स्वीकार किये जाने की आख्या उपलब्ध कराये जाने पर सीडीओ के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा थाना फखरपुर में लेखाकार विक्रम मिश्रा व सीएलएफ अध्यक्ष श्रीमती अनुसूईया देवी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

सराहनीय कार्य

पुलिस ने ढूंढ निकाले लाखों रुपये के खोए हुए मोबाइल

- गायब हुए मोबाइल फोन मिलने के बाद खिले लोगों के चेहरे, पुलिस को कहा- धन्यवाद
- सर्विलांस टीम ने पंद्रह लाख रुपए कीमत के 101 मोबाइल किए बरामद

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

आमतौर पर किसी का मोबाइल फोन खो जाए तो शायद ही मिले, लेकिन अगर एक दिन अचानक आपको पुलिस खुद फोन करके बताए कि आपका मोबाइल फोन मिल गया है तो यकीनन आप खुशी से झूम उठेंगे। पुलिस की सर्विलांस टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। विगत कुछ महीनों में खोए हुए पंद्रह लाख रुपए कीमत के मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया है। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के किरण हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि विगत कुछ माह में बड़ी संख्या में लोगों के मोबाइल फोन खो गए थे। जिसमें कुछ टैबलेट भी थे। सर्विलांस सेल और एसओजी की संयुक्त टीम ने लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 101 स्मार्ट फोन बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किए हैं।

जिले में पुलिस के पास अक्सर मोबाइल चोरी होने या खोने की शिकायतें मिलती रहती हैं। चोरी हुए या खोए हुए मोबाइल को तलाशने के लिए एसपी डॉ यशवीर सिंह ने सर्विलांस प्रभारी के नेतृत्व में टीम को जिम्मदारी सौंपी है। सर्विलांस टीम ने प्रयास कर करीब 101 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बरामद किये गए मोबाइल फोन की कीमत करीब पंद्रह लाख रुपये बताई है। शुक्रवार को सभी मोबाइल फोन के स्वामियों को सर्विलांस टीम द्वारा बुलाया गया और उनके मोबाइल उन्हें सुपुर्द किए गए।

लोगों ने कहा धन्यवाद: अलग-अलग कम्पनियों के महंगे मोबाइल जिसके खोए होंगे वो इसका दर्द बखूबी जानते होंगे। लेकिन, शुक्रवार को जब इन मोबाइल फोन के मालिकों के पास फोन पहुंचा कि आपका मोबाइल मिल गाय है, तो ये लोग खुशी से झूम उठे. ये सभी एक सुर में रायबरेली पुलिस को धन्यवाद देते नजर आए।

एसपी बोले- जारी रहेगा अभियान

एसपी डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल का जखीरा बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मोबाइल रिकवर करने में सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सर्विलांस टीम ने इन मोबाइल को ट्रेस कर बरामद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी ने खुद ही पुलिस को सूचित किया कि उन्हें ये मोबाइल कहीं पड़ा मिला, तो कोई खुद ही मोबाइल लेकर ही पुलिस के पास पहुंच गया। पुलिस का ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डॉ यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक रायबरेली।

अनियंत्रित ई रिक्शा खाई में पलटा, तीन की हालत गंभीर

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

ई रिक्शा अनियंत्रित हो जाने से लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर खाई में जाकर पलट गया, जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना शुक्रवार सुबह 10:30 बजे की है। जब थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंदनगंज से सवारियों को बैठाकर रिक्शा बछरावा की ओर जा रहा था। तभी लखनऊ प्रयागराज पर स्थित ग्राम खैरहनी के निकट सवारियो से भरा हुआ ई रिक्शा अनियंत्रित हो गया। जो सड़क के बगल में स्थित खाई में जा गिरा। और पेड़ से टकरा गया। हादसे में बैठी हुई सवारियां तीन गंभीर रूप से घायल हो गई। ई रिक्शा चालक सौरभ पुत्र श्यामलाल निवासी कुशेली खेड़ा थाना बछरावां साथ में रिक्शा में बैठे वृद्ध पति और पत्नी दसउ पुत्र लौटन उम्र 65 वर्ष एवं उनकी पत्नी राजरानी उम्र 62 वर्ष निवासी गोविंदपुर थाना क्षेत्र शिवगढ़ निवासी जो कुंदनगंज से बछरावां की ओर आ रहे थे। तीनों घायलों का सीएचसी मे प्राथमिक उपचार किया गया परंतु स्थिति नाजुक होने पर उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

खबरें एक नजर में

शरारती तत्वों ने विधालय का गिराया गेट और बाउंड्री

महराजगंज, रायबरेली। ग्राम पंचायत मोन के प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार द्वारा कोतवाली पुलिस में लिखित तहरीर देते हुए बताया गया कि शरारती तत्वों द्वारा प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर मोन की बाउंड्री व गेट गिराए जाने के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया कि 13.12.24 को प्रातः 8:40 पर जब मैं विद्यालय पहुंचा तो विद्यालय का मुख्य गेट व गेट से लगी बाउंड्री वॉल लगभग 10-12 फुट गिरी मिली। गेट के सामने खाली दारू के पाउच व बियर की बोतल भी पड़ी मिली। इससे प्रतीत होता है कि शरारती तत्वों द्वारा विद्यालय की बाउंड्री गिराई गई। प्रधान प्रतिनिधि ने कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई।

विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ शिव शक्ति महायज्ञ

बछरावां, रायबरेली। स्थानीय विकासखंड स्थित ग्राम शेखपुर समोधा के मजरे खालेगाव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर झारखंडे स्वर महदेव मे बीते एक सप्ताह से चल रहा शिव शक्ति महायज्ञ का समापन शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बीते एक सप्ताह पूर्व मंगल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था जो विभिन्न गांव की गलियों से निकलता हुई अंत में कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुई थी, ब्रहर्षि आचार्य धीरेंद्र महाराज प्रयागराज के संरक्षण में संपन्न हुई इस यज्ञ में 33 कोटि देवताओं के आवाहन के साथ प्रारंभ हुई। इस महायज्ञ में अंतरराष्ट्रीय हैग्रीवाचार्य महाराज, प्रयागराज डॉक्टर दिनेश महाराज, मानस पीयूष धर्म संघ काशी के द्वारा एक सप्ताह तक राम कथा का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों भक्तों द्वारा राम कथा का श्रवण किया गया। इस स्थान पर प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होता है जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जाता है। कार्यक्रम के आयोजन में सभी क्षेत्र वासियों, ग्रामवासियों एवं दूर दराज से आए हुए सभी शिव भक्तों की भूमिका सराहनीय रही।

निराश्रित महिला पेंशनर बैंक से डीबीटी/एनपीसीआई कराएं: जयपाल वर्मा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेन्शन (विधवा पेन्शन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेण्ट किया जा रहा है, जिन लाभार्थियों के बैंक खातो में डीबीटी/एनपीसीआई नही होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय तिमाही का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं होगा। उन्होंने पेंशन प्राप्त कर रही समस्त महिला लाभार्थियों से कहा है कि सम्बन्धित बैंक से अविलम्ब सम्पर्क कर डीबीटी/एनपीसीआई करें ताकि ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

बाइक से गिरकर किशोर घायल, जिला अस्पताल रेफर

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के कन्नावा गाँव निवासी शिवकुमार प्रजापती पुत्र हरिकेश प्रजापती उम्र 18 अपने दोस्त गौरव पुत्र आनंद कुमार 18 के साथ बाइक द्वारा अपने पिता हरिकेश को वीसाका फैक्ट्री खाना पहुचाने जा रहा था। तभी कन्नावा मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई, जिसमें शिवकुमार को गंभीर चोंटे आयी वही गौरव को मामूली चोंटे लगी जिन्हे बछरावां अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद शिवकुमार की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बार एसो. उतरौला के चुनाव को राज्य विधिज्ञ परिषद ने दिए निर्देश

उतरौला (बलरामपुर)। राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने बार एशोसिएशन उतरौला की एल्डर कमेटी को निर्देश दिया है कि 5 जनवरी तक चुनाव आयोजित कर परिणाम राज्य विधिज्ञ परिषद को सूचित किया जाए। यह आदेश बार काउंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा प्राप्त एक पत्र के बाद दिया गया, जिसमें बार एशोसिएशन उतरौला का कार्यकाल 22 नवम्बर को पूरा हो चुका था, लेकिन एक वर्ष बीतने के बावजूद चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं की गई थी, जो कि मॉडल बाइलॉज का उल्लंघन है। रमेश चतुर्वेदी, जो कि बार एशोसिएशन उतरौला के वरिष्ठ सदस्य हैं, ने इस मुद्दे को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सामने उठाया था। अब, चुनाव प्रक्रिया की जिम्मेदारी एल्डर कमेटी को दी गई है, और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि निष्पक्ष चुनाव कराया जाए। चुनाव में मतदान करने और चुनाव लड़ने वाले के लिए सीओपी (Certificate of Practice) अनिवार्य है।

अवैध गैस रिफिलिंग और सुरक्षा को लेकर बढ़ता खतरा

उतरौला (बलरामपुर)। गैस रिफिलिंग के दौरान सुरक्षा से जुड़ी गंभीर खतरों को नज़रअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। उतरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे इलाके की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान गैस सिलेंडर में लीक होने का खतरा रहता है, जो किसी भी समय विस्फोट का कारण बन सकता है। इसके अलावा, गैस का रिसाव होने पर दम घुटने का खतरा भी बना रहता है, जो किसी की जान के लिए भी खतरे का कारण बन सकता है। उतरौला शहर के विभिन्न स्थानों पर गैस रिफिलिंग की जा रही है, लेकिन यह सभी प्रक्रिया अवैध तरीके से की जा रही है, जिससे यह सुरक्षा के लिहाज से गंभीर समस्या बन गई है। इस तरह की घटनाओं में न केवल जान-माल का नुकसान हो सकता है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की संपत्ति भी नष्ट हो सकती है। अगर इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह पूरे गांव या बस्ती के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सभी नागरिकों को अवैध गैस रिफिलिंग से बचने की अपील की जा रही है। हमेशा अधिकृत और प्रमाणित गैस डीलरों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। इसके अलावा, गैस सिलेंडर का नियमित निरीक्षण भी आवश्यक है। अगर गैस सिलेंडर से लीकेज हो तो तुरंत सिलेंडर बंद कर दें और विशेषज्ञ से मदद लें। समाजसेवियों ने स्थानीय प्रशासन से यह आग्रह किया है कि वे इस गंभीर खतरे को नजरअंदाज न करें। यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो यह घटना किसी भी समय एक बड़े हादसे में बदल सकती है, जिसमें जीवन और संपत्ति का बड़ा नुकसान हो सकता है।

पिपरा राम से महुवा धनी जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील, आवागमन बाधित

महुवा बाजार (बलरामपुर)। पिपरा राम से महुवा धनी मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। मंसूर जोत, नगरिया बढ़या, बभनी बुजुर्ग बिजौरा, तिलखी, महुवा धनी, अर्जुन देवरिया समेत दर्जनों गांव के किसान इसी मार्ग से गन्ना लेकर गन्ना क्रय केंद्र पर ले जाते है। गन्ने से भरी ट्रॉली कई बार पलट जाती है किंतु जिम्मेदारों को इन किसानो का दर्द नही दिख रहा है। जिस देश में जय जवान जय किसान का नारा बुलंद किया जाता है। वहा किसानों को चलने के लिए मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका। कई बार लोगों ने इसकी जानकारी भी क्षेत्रीय नेताओ को दिया फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण विनोद कुमार, राधेश्याम, राज कुमार, पेशकार, दिलीप कुमार बबलू ने शासन प्रशासन से सड़क बनवाने की मांग की है। विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा ने बताया कि प्रस्ताव दीया जा चुका है बरसात बाद सड़क बनना प्रारंभ हो जाएगा।

ट्रैक्टर ने वृद्ध को मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर

बछरावा रायबरेली। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने हाईवे मार्ग पर निकल रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 13 दिसंबर सुबह 5:00 बजे शुक्रवार की है। जब थाना क्षेत्र के बांदा बहराइच मार्ग पर नंदाखेड़ा निवासी एक वृद्ध छंगा पुत्र छेदा उम्र लगभग 62 वर्ष सुबह शौच क्रिया के लिए घर से निकले थे, तभी हाईवे मार्ग पर नंदा खेड़ा चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों के द्वारा वृद्ध के परिजनों को सूचना दी गई। वृद्ध के परिजनों के द्वारा घायल अवस्था में एंबुलेंस की सहायता से उन्हे बछरावां सीएचसी लाया गया। जहां वृद्ध का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

अनियंत्रित पिकअप पलटा, दो घायल

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

पुवाल का कटा हुआ भूसालाद कर लखनऊ जा रहा पिकअप अचानक सड़क पर पलट गया, जिसमें सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए, जिसमें एक को जिला अस्पताल तथा दूसरे को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। घटना शुक्रवार सुबह 4:30 बजे के आसपास की है। जब थाना क्षेत्र के टेरा बरौला से पुवाल का कटा हुआ भूसा लादकर लखनऊ के लिए जा रहा पिकअप लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर पहुंचते ही टोल प्लाजा के निकट अचानक पलट गया। जिसमें सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी प्राप्त हुई है कि पिकअप लखनऊ के लिए जा रहा था। तभी हाईवे पर ही एक डीसीएम का पहिया पंचर हो जाने के कारण डीसीएम चालक पहिया निकाल कर सड़क पर रख दिया था। पिकअप चालक के द्वारा सड़क पर रखे हुए पहिया के ऊपर पिकअप चढ़ गया। जिससे पिकअप सड़क पर ही पलट गया। पिकअप में सवार रामचंद्र पुत्र महावीर उम्र 28 वर्ष, एवं शैलेंद्र पुत्र सल्लू उम्र 30 वर्ष दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। रामचंद्र को रायबरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया है तो शैलेंद्र को गंभीर चोट होने की चलते ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

विद्युत विभाग ने निकाली रैली

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए एक मुक्त समाधान योजना (ओटीएस) प्रारंभ की गई है। जिसके तहत पावर कारपोरेशन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में सर चार्ज माफ किया जाएगा ।इस योजना का उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा एक मुक्त समाधान योजना जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत बिजली कर्मचारियों द्वारा हर गली मोहल्लों में जाकर विद्युत उपभोक्ताओं को (ओटीएस) योजना के बारे में जानकारी दी।

गौरतलब है शुक्रवार को विद्युत अवर अभियंता के नेतृत्व में मुराई बाग कस्बों में विद्युत कर्मचारी सहित व डलमऊ क्षेत्र के हर गली मोहल्ले ,कस्बे में जाकर (ओटीएस) योजना जागरूकता रैली निकालकर लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वहीं अवर अभियंता ने बताया हैं पावर कॉरपोरेशन उत्तर प्रदेश द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत सरचार्ज में छूट देने के लिए एक मुक्त समाधान ओटीएस योजना शुरू की गई है। लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें लोग इस योजना के बारे में जागरूक हो सके और अधिक से अधिक लाभ उठा सके। आगे की जानकारी देते हुए बताया है कि यह योजना तीन चरणों में लागू की गई है प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर, द्वितीय चरण एक जनवरी से 15 जनवरी एवं तृतीय चरण 15 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। इस योजना के तहत छोटे एवं बड़े विद्युत बकाया दर विद्युत उपकेंद्र में पहुंचकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं इस योजना के तहत उन्हें विद्युत सरकार में छूट दी जाएगी। विद्युत विभाग द्वारा आयोजित इस जागरूकता रैली में विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

बांदा से पैदल अयोध्या जा रहे भक्तों का बड़े मठ में हुआ स्वागत

डलमऊ रायबरेली। बांदा जनपद से पैदल चलकर अयोध्या धाम रामलाल दर्शन के लिए निकले श्रद्धालु राम की भक्ति में पिछले सोलह वर्षों से लीन राम भक्तों का अखण्ड राम नाम संकीर्तन लगातार चल रहा है। भगवान राम को मिले 16 वर्षों के वनवास के रूप में बांदा जनपद के राम भक्तों ने 16 वर्षों तक अखंड राम नाम के जाप के बाद रामलला के दर्शन के संकल्प को पूरा करने के लिए पैदल यात्रा करते हुए धार्मिक नगरी डलमऊ पहुंचे और वहां स्थित सनातन धर्मपीठ बड़ा मठ डलमऊ में ठहरने के पश्चात गंगा स्नान किया और मठ मे भोजन एवं विश्राम के बाद अयोध्या धाम के लिए राम भक्तों ने प्रस्थान किया। मठ डलमऊ में राम भक्तो का स्वामी दिव्यानंद महाराज ने भाव स्वागत किया बांदा से चलकर अयोध्या तक की पैदल यात्रा में कामता सिंह, अशोक तिवारी, पंकज, रज्जन तिवारी, सुशील द्विवेदी, आसाराम, अवधेश बाजपेई, यात्रा प्रभारी नंद किशोर तिवारी भोले महाराज आदि राम भक्त शामिल हैं। यात्रा का शुभारंभ संकट मोचन मंदिर बांदा से छह दिसम्बर को शुरू हुआ था यात्रा में हम सभी राम भक्त प्रमुख स्थानों पर ठहराव के बाद आगे की यात्रा शुरू करते हैं। राम भक्तों के स्वागत में सनातन धर्मपेठ बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज, उमाकांत मिश्र व मठ के शिष्य उपस्थित रहे।

चिकित्सा शिविर में सैकड़ों महिलाओं का हुआ निःशुल्क इलाज

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

रमा मल्टीस्पेशिलटी हास्पिटल रायबरेली व व्यापार मंडल के सयुक्त तत्वावधान में कस्बे के आचार्य नगर स्थित बालाजी मेडिकल सेंटर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता वर्मा ने एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का उपचार किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया रायबरेली की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता वर्मा प्रत्येक मंगलवार को अपनी सेवायें उक्त सेंटर पर देंगी। चिकित्सा शिविर के संयोजक विपिन वर्मा ने बताया कि शिविर में आने वाली महिला मरीजों की निःशुल्क बीपी, शुगर आदि की जांच की गई साथ ही दवायें भी प्रदान की गईं। इसके पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता, व्यपार मंडल प्रभारी अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बुके भेंटकर शिविर में मौजूद चिकित्सा कर्मियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर नितिन वर्मा, सचिन सिंह, अभिषेक सोनी, आयुष कौशल, संतोष मिश्रा, विनोद कुमार, अमित गुप्ता आदि सहयोगी मौजूद रहे।

चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू की मां का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

महराजगंज रायबरेली। कहते हैं मां मां होती है और माता का स्थान जीवन में कोई नहीं ले सकता क्योंकि धरती पर माता अपने पुत्र पर वह सब कुछ न्यौछावर करती है जिसे देने में भगवान भी संकोच करता है। लेकिन माता अपने पुत्रों को अपने प्राण तक दे देती है और जब मां की मौत होती है तब पुत्र के लिए पूरी दुनिया उजड़ जाती है। आज महराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू की माता का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया इसकी सूचना जैसे ही कस्बे में आई शोक संवेदना प्रकट करने के लिए हजारों की संख्या में लोग प्रभात साहू के आवास पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गवासी सत्यनारायण गुप्ता की पत्नी एवं मौजूदा चेयरमैन प्रतिनिधि भाजपा नेता प्रभात साहू की मां तथा महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी सुधीर साहू की बुआ राम कुमारी उम्र 85 वर्ष का निधन हो गया जिनका पार्थिव शरीर लखनऊ से महराजगंज कस्बे लाया गया और अंतिम संस्कार के लिए भौसी आश्रम ग्राम पंचायत डोमापुर पर ले जाया गया जहां विधि विधान से दिवंगत आत्मा को विदाई दी गई तथा उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सैकड़ों जनप्रतिनिधि हजारों की संख्या में जनता तमाम अधिकारी कर्मचारी पत्रकार और समाजसेवी मौजूद रहे।

एसडीएम अवधेश कुमार ने रैन बसेरे का निरीक्षण रात्रि में ठंड से बचाव के लिए बांटें कंबल

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

जिले में बढ़ती ठंड से बचाव के लिए एसडीएम अवधेश कुमार ने रात्रि के समय तहसील क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका उतरौला के बस स्टेशन पर स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया, जहां पर रात को ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोग विश्राम करते हैं। एसडीएम ने रैन बसेरे में सफाई व्यवस्था, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया और इन्हें सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के लिए अलग से सुरक्षित रास्ते का प्रबंध करने का भी आदेश दिया, ताकि उनका आवागमन सुरक्षित और सुविधाजनक हो। इसके बाद, एसडीएम ने वहां मौजूद जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए, ताकि वे ठंड में राहत महसूस कर सकें। कंबल वितरण के दौरान एसडीएम ने कहा कि ठंड के मौसम में प्रशासन का कर्तव्य है कि वह जनता को हर संभव राहत प्रदान करे। इस मौके पर तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, अधिशासी अधिकारी राजमणि, और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। एसडीएम ने इस दौरान लोगों को ठंड से बचने के उपायों के बारे में भी बताया और सभी से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ठंड के मौसम में रैन बसेरे जैसी सुविधाएं कई लोगों की जान बचाने में मददगार साबित हो सकती हैं।

प्रमुख चौराहों पर हटाया गया अतिक्रमण, सीओ ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह ने कस्बे के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सड़कों के किनारे से अवैध अतिक्रमण हटवाने का अभियान चलाया। इस दौरान पटरियों पर दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में अतिक्रमण करने पर उनके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और सड़कों पर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग भी की गई, ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। अभियान का उद्देश्य कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुधारना और अतिक्रमण से उत्पन्न समस्याओं को दूर करना था। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सराहना की और उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल से कस्बे में बेहतर यातायात व्यवस्था बनेगी।

मारपीट में चार घायल

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के ग्राम तमनपुर बाजार में मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद सफी निवासी सलेमपुर थाना नगराम जनपद लखनऊ व मोहम्मद इशाक पुत्र मोहम्मद बख्श निवासी तमनपुर दोनों तमनपुर गांव में ही चिकन काटने का व्यवसाय करते हैं। किसी बात को लेकर दोनों में गुरुवार देर शाम कहासुनी हो गई, तो इशाक ने शमीम पर पथराव कर दिया। शमीम की सूचना पर पहुँची पुलिस दोनों को थाने ले आई। जिसके बाद गांव में दोनों पक्षों के परिजनों में मारपीट हो गई। जिसमें मोबीन पुत्र सफी, आशिफ पुत्र जुनेर, जुनेर पुत्र सफी निवासीगण सलेमपुर थाना नगराम व अल्ताफ पुत्र लतीफ निवासी तमनपुर घायल हो गए। घायलों का आरोप है कि इशाक के भतीजे सोनू व मोनू ने कार सवार लोगों को बुला कर लाठी डंडो से मारपीट की है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है।

नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का सातवां दिन

कथावाचिका साध्वी रोहिणी ने राजा दशरथ व माता कौशल्या के पूर्व जन्म की कथा सुनाई

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

।स्थानीय क्षेत्र के छितलूपुर सराय खास में स्थित आदि शक्ति मां दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन कथावाचिका साध्वी रोहिणी शास्त्री नीम सारण्य ने राजा दशरथ व माता कौशल्या के पूर्व जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि पुराणों के अनुसार राजा दशरथ पूर्व जन्म में स्वायम्भु मनु थे। जबकि माता कौशल्या पूर्व जन्म में स्वायम्भु मनु की पत्नी शतरूपा थी। दोनों ने भगवान विष्णु को पुत्र रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु प्रकट होकर जब वरदान मांगने के लिए कहा तो स्वंयम्भू मनु और शतरूपा ने भगवान से वरदान स्वरूप भगवान विष्णु को पुत्र रूप में पाने की इच्छा जताई। भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान देते हुए कहा कि त्रेतायुग में आप दोनों अयोध्या के महाराजा और महारानी बनेंगे। आप दोंनो के पुत्र के रूप में मेरा सातवां अवतार होगा। इसी वरदान को पूरा करने के लिए भगवान राम दशरथ और कौशल्या के पुत्र के रूप में जन्म लिए। कैकेयी ने राम से कहा था कि तुम मेरे मैं तुम्हें अगले जन्म में पुत्र रूप में प्राप्त करूं, इसलिए कैकेयी यशोदा बनीं और उन्हें भी कृष्ण की माता बनने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर धर्मेन्द्र उपाध्या, दिलीप कुमार वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, ब्रह्म देव वर्मा सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।।

अभियान खत्म, सड़कों के घावों पर अब तक नहीं लगा मरहम

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

सरकार की पहल पर शहर से लेकर गांव तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चलाया गया। जो कागजों तक सीमित कर रह गया।

रेहराबाज़ार के किरतापुर से सुग्गौवा को जाने वाली सम्पर्क मार्ग जगह जगह गड्ढे हैं। सड़कों के घावों पर अब तक मरहम नही लगा।वही ग्रामीण मुकेश, विकास, राधेश्याम, आशीष, रमेश, बजरंगी, हीरालाल, पांचू, गब्बोधर का कहना है। कि किरतापुर से सुग्गौवा को जाने वाली सम्पर्क मार्ग पांच किलोमीटर पर करीब दस हजार लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर आए दिन गन्ना लदी ट्रॉली पलट जाती है और स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन वह गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क बने कई वर्ष बीत गये लेकिन, विभाग ने इसकी मरम्मत नहीं कराई। इससे सड़क बदहाल होती चली गई। अधिशासी अभियन्ता निर्माण खंड ने बताया कि बजट की उपलब्धता के अनुसार सड़कों को गड्ढा मुक्त किया गया है ।

सुविधा की निकासी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने अपने खाताधारकों को अगले साल से सीधे एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा देने का फैसला किया है। अब तक विभागीय जटिल प्रक्रिया व लालफीताशाही के चलते कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर अपना ही पैसा निकालने के लिये दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कुल मिलाकर धन निकासी में विभागीय हस्तक्षेप कम करने का प्रयास किया गया है। निश्चित रूप से श्रम मंत्रालय की यह पहल सामाजिक सुरक्षा को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलावकारी कदम है। यह कदम दक्षता सुधार व कर्मचारियों की अपने पैसे तक पहुंच बढ़ाने के लिये सार्वजनिक सेवा के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण का अच्छा उदाहरण है। दरअसल, फिलहाल ईपीएफओ की निकासी प्रक्रिया में देरी के कारण खाताधारकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। काफी समय के बाद जरूरतमंदों के खाते तक जरूरी राशि पहुंच पाती है। निश्चय ही पीएफ निकासी कार्ड का उद्देश्य उस लालफीताशाही को दूर करना है, जिसके चलते कर्मचारियों को पैसा समय पर मिल पाएगा। वैसे कुल राशि का पचास फीसदी निकासी सीमा तय करना, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालीन बचत सुरक्षा को बढ़ावा देना वाला कदम ही है। इसके अलावा भी ईपीएफओ अपने व्यापक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें योगदान की सीमा बढ़ाना, भविष्य निधि बचत को पेंशन के रूप में परिवर्तित करना भी शामिल है। निश्चित रूप से यह पहल सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। जिसका मकसद अपने कार्यबल के लिये डिजिटलीकरण को बढ़ाना तथा जीवनयापन को आसान बनाना भी है। यह सुखद ही है कि वर्ष 2017 के बाद ईपीएफओ के सत्तर मिलियन सदस्य बढ़े हैं। उल्लेखनीय है कि इस नई सुविधा के लिये संगठन ने अपने खाताधारकों को एक विशेष पीएफ कार्ड देने का निर्णय लिया है। जो बैंक के एटीएम कार्ड की तरह काम करेगा। बहरहाल, खाताधारक अगले साल जनवरी से अपने कार्ड के जरिये अपने खातों से सीधा पैसा निकाल सकेंगे। निस्संदेह, अब खाताधारकों के लिये पीएफ क्लेम करना और आसान हो जाएगा। वहीं एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा के बाद इसमें मानवीय हस्तक्षेप हो जाएगा। लेकिन एक बार में खाताधारक पीएफ बैलेंस का अधिकतम पचास फीसदी धन ही निकाल पाएंगे। विभाग का कहना है कि आईटी सिस्टम को उन्नत किया जा रहा है ताकि क्लेम प्रक्रिया को आसान व तेज बनाया जा सके। अब खाताधारकों को ईपीएफओ ऑफिस जाने अथवा लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता चौबीस घंटे, यहां तक कि छुट्टियों में भी पैसा निकाल सकेंगे। जिससे आपातकालीन जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि, फिलहाल भी विशेष परिस्थितियों मसलन घर खरीदने, बच्चों की पढ़ाई, शादी व बीमारी पर एक निश्चित रकम निकालने का प्रावधान है। उसमें भी नौकरी की कार्यावधि तथा धन की निर्धारित रकम तक की सुविधा ही शामिल है। ऐसे ही सेवानिवृत्ति से कुछ समय पहले तक एक बड़ी रकम निकालने की सुविधा भी शामिल है। दरअसल, केंद्र सरकार अपने सामाजिक दायित्व को विस्तार देने के क्रम में कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम कर रही है। जिसमें सरकार गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा देने के मकसद से इन कामगारों को चिकित्सा संरक्षण, डिसएबिलिटी सपोर्ट और पीएफ सुविधाएं देना शामिल है। फिलहाल इन्हें परंपरागत कर्मचारी व्यवस्था के लाभ नहीं मिल रहे हैं। इस तरह ईपीएफओ अपने सक्रिय सदस्यों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बढ़ी है। मकसद यही है कि उन्हें अधिक सुविधाएं दे सके। निश्चित रूप से हमारे श्रम बाजार को औपचारिक बनाने, भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने तथा सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर इस कार्यबल को मेडिकल कवर व वित्तीय सहायता देना न्यायसंगत ही होगा। सरकार की पहल प्रौद्योगिकी संचालित सामाजिक कल्याण ढांचे में बदलाव की ओर संकेत देती है। इससे व्यवस्था परिचालन की विसंगतियों को दूर करते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं में सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी पता चलता है। निश्चित रूप से यह कदम कर्मियों के कल्याण के मद्देनजर समानता व सुविधा के साथ सार्वजनिक संस्थानों के प्रति भरोसा बढ़ाने वाला भी है।

ब्रिक्स मुद्रा का सपना और डॉलर विरोधी अभियान ट्रम्प की नयी चिंता

नन्तू बनर्जी

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नौ सदस्यीय ब्रिक्स प्लस देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की धमकी दी है,यदि वे अमेरिकी डॉलर को एक आम ब्रिक्स मुद्रा से बदलने की कोशिश करेंगे। इसे ट्रम्प की ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा की ब्रिक्स देशों के लिए अलग मुद्रा के प्रस्ताव पर घबड़ाहट ही कहा जायेगा। लूला ने अमेरिकी डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के प्रति बढ़ती भेद्यता को कम करने के लिए यह प्रस्ताव दिया है। राष्ट्रपति लूला ने पिछले साल अगस्त में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आम ब्रिक्स मुद्रा का प्रस्ताव रखा था। हाल ही में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजान (रूस) में आयोजित नवीनतम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में एक नयी अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणाली का आह्वान करते हुए कहा कि डॉलर का उपयोग एक हथियार के रूप में किया जा रहा है। कजान शिखर सम्मेलन ने वैश्विक दक्षिण के साथ संबंधों को बढ़ावा देने की ब्रिक्स की महत्वाकांक्षा और विशेष रूप से वैश्विक वित्तीय और व्यापार प्रणाली में एक वैकल्पिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आकार देने के इसके उद्देश्य को रेखांकित किया। जाहिर है, अमेरिकी डॉलर के लिए एक वैकल्पिक मुद्रा को पेश करने का विचार ट्रम्प को पसंद नहीं आया, जिन्होंने इस विषय पर या भौगोलिक, राजनीतिक, व्यापार और आर्थिक विविधताओं को देखते हुए इस तरह की प्रतिस्पर्धी नयी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने में शामिल जमीनी स्तर की कठिनाइयों के बारे में ज्यादा सोचे बिना ही घबड़ाहट में प्रतिक्रिया व्यक्त की।

नौ ब्रिक्स राष्ट्र - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात- चार महाद्वीपों में फैले हुए हैं। ब्रिक्स देशों में सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली चीन, खुद एक आम ब्रिक्स मुद्रा रखने में दिलचस्पी नहीं रखता है, कम से कम अभी के लिए। चीन की रेनमिनबी अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से महत्व प्राप्त कर रही है, लेकिन उसके द्वारा अमेरिकी डॉलर को प्रभावित करने की संभावना नहीं है, जो दुनिया की मुख्य आरक्षित मुद्रा है जो वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 58 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती है। चीन अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े कर्जदार देशों में एक है, जिसका अकेले अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियों में करीब 775 बिलियन डॉलर का निवेश है।

चीन कई दशकों से अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिभूतियां खरीद रहा है। कई लोगों का मानना है कि ब्रिक्स मुद्रा बनाने का विचार व्यावहारिक से ज्यादा राजनीतिक है। इस

रूस कई पश्चिमी यूरोपीय देशों, चीन, सऊदी अरब और यूएई सहित पश्चिमी एशियाई देशों और भारत के साथ ऊर्जा व्यापार में खुशी से लगा हुआ है। लंबे समय से चल रहे यूक्रेन युद्ध ने द्विपक्षीयता को एक नया धक्का दिया है क्योंकि अधिक से अधिक आयातक और निर्यातक, साथ ही उधारकर्ता, ऋणदाता और मुद्रा व्यापारी स्वतंत्र रूप से अन्य मुद्राओं के उपयोग पर निर्णय ले रहे हैं। यह डी-डॉलरीकरण प्रक्रिया को मजबूत कर रहा है, तथा अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली पर कई तरह के प्रभाव पैदा कर रहा है, जिसमें विनिमय दर की अस्थिरता, व्यापार पैटर्न में संभावित परिवर्तन शामिल हैं और स्थापित वित्तीय संस्थानों के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है। तथाकथित ब्रिक्स मुद्रा प्रस्ताव एक गैर-मुद्दा है जबकि डी-डॉलरीकरण प्रक्रिया अमेरिका को एक वास्तविक खतरे के रूप में चिंतित करेगी। कमोडिटी स्पेस में, ऊर्जा लेनदेन की कीमत गैर-अमेरिकी मुद्राओं में बढ़ रही है। यह भी ध्यान रखना दिलचस्प हो सकता है कि केंद्रीय बैंक, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, अमेरिकी डॉलर-केंद्रित वित्तीय प्रणाली से दूर जाने के लिए अपने सोने के भंडार बढ़ा रहे हैं।

परियोजना की अवधारणा बनाना आसान है, लेकिन उचित योजनाओं के साथ इस पर विचार करना आसान नहीं है। इसके लिए बैंकिंग संघ के साथ-साथ राजकोषीय संघ की स्थापना की आवश्यकता होगी। इस प्रणाली से बाहर रहने वाले देशों से निपटने के लिए एक अनुशासनात्मक तंत्र होना चाहिए। इसके लिए एक साझा केंद्रीय बैंक की आवश्यकता होगी। व्यापार असंतुलन एक बड़ी समस्या बन सकता है। नौ ब्रिक्स देशों में से, चीन का व्यापार संतुलन उसके पक्ष में करीब एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन का वैश्विक व्यापारिक अधिशेष करीब 823.2 बिलियन डॉलर था, जिसमें निर्यात करीब 3.38 ट्रिलियन डॉलर और आयात करीब 2.56 ट्रिलियन डॉलर था। जबकि भारत का व्यापार घाटा 240 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से लगभग आधा चीन के साथ है। भारत, मिस्र और इथियोपिया आयात पर अधिक और निर्यात पर कम निर्भर हैं, जिससे उनका व्यापार संतुलन घाटे में है। ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों का मुख्य व्यापारिक साझेदार चीन है। वे एक-दूसरे के साथ बहुत कम व्यापार करते हैं। ब्रिक्स देशों की व्यक्तिगत व्यापार, आर्थिक और कूटनीतिक चिंताएं आर्थिक संभावनाओं और भू-राजनीतिक प्रभाव के बीच जटिल अंतर्संबंध को उजागर करती हैं। यह आलोचनात्मक रूप से जांचना महत्वपूर्ण हो सकता है कि ये गतिशीलता स्थापित शक्ति विन्यास और गठबंधनों को कैसे आकार देती है। अभी तक, चीन अमेरिका में निवेश को सुरक्षित और स्थिर मानता है। सैद्धांतिक रूप से, चीन प्रतिशोधात्मक उपाय के रूप में अपने अमेरिकी ऋण होल्डिंग्स को बेच सकता है, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है क्योंकि बड़ी मात्रा में ऋण का निपटान चीन के लिए जोखिम भी पैदा करेगा। पिछले कुछ वर्षों में, चीन की निर्यात-केंद्रित अर्थव्यवस्था अमेरिका की कीमत पर फली-फूली, जो चीनी माल का सबसे बड़ा आयातक है। 2023 में चीन से आयात में .109 बिलियन की गिरावट के बावजूद, चीन के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 279.4 बिलियन था। पिछले साल चीन के साथ अमेरिका के व्यापार का कुल मूल्य लगभग 575 बिलियन था। चीन डोनाल्ड ट्रम्प के चार साल के कार्यकाल के दौरान कम व्यापार और निवेश प्रोफाइल बनाये रख सकता है, जो दोनों देशों के बीच शत्रुतापूर्ण व्यापार और आर्थिक संबंधों को समय के साथ कम करने की उम्मीद करता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वैकल्पिक वैश्विक वित्तीय और व्यापार प्रणाली के लिए लूला-पुतिन के प्रस्ताव को जल्दबाजी में लेने की संभावना नहीं है। इसके अलावा, राजनीतिक और आर्थिक रूप से परिपक्व चीन पूरी तरह से जानता है कि अमेरिकी डॉलर के लिए एक वैकल्पिक आरक्षित मुद्रा के रूप में ब्रिक्स मुद्रा को एक साथ रखना अल्प या मध्यम अवधि में संभव नहीं है। संयोग से, चीन की तरह, भारत, दूसरी सबसे बड़ी ब्रिक्स अर्थव्यवस्था, ने अभी तक अमेरिकी डॉलर के लिए एक वैकल्पिक मुद्रा के लिए दबाव नहीं डाला है। हालांकि, वैश्विक व्यापार और वाणिज्य पर पर्याप्त अमेरिकी डॉलर की पकड़ को अस्थिर करने के लिए ब्रिक्स मुद्रा के जल्द ही आने की संभावना से अधिक, अगले अमेरिकी राष्ट्रपति को डी-डॉलरीकरण की प्रक्रिया के बारे में अधिक चिंतित होना चाहिए जो विशेष रूप से यूक्रेन के बाद रूस के खिलाफ अमेरिकी व्यापार और वित्तीय प्रतिबंध के बाद जमीन हासिल कर रहा है।

रूस कई पश्चिमी यूरोपीय देशों, चीन, सऊदी अरब और यूएई सहित पश्चिमी एशियाई देशों और भारत के साथ ऊर्जा व्यापार में खुशी से लगा हुआ है। लंबे समय से चल रहे यूक्रेन युद्ध ने द्विपक्षीयता को एक नया धक्का दिया है क्योंकि अधिक से अधिक आयातक और निर्यातक, साथ ही उधारकर्ता, ऋणदाता और मुद्रा व्यापारी स्वतंत्र रूप से अन्य मुद्राओं के उपयोग पर निर्णय ले रहे हैं। यह डी-डॉलरीकरण प्रक्रिया को मजबूत कर रहा है, तथा अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली पर कई तरह के प्रभाव पैदा कर रहा है, जिसमें विनिमय दर की अस्थिरता, व्यापार पैटर्न में संभावित परिवर्तन शामिल हैं और स्थापित वित्तीय संस्थानों के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है। तथाकथित ब्रिक्स मुद्रा प्रस्ताव एक गैर-मुद्दा है जबकि डी-डॉलरीकरण प्रक्रिया अमेरिका को एक वास्तविक खतरे के रूप में चिंतित करेगी। कमोडिटी स्पेस में, ऊर्जा लेनदेन की कीमत गैर-अमेरिकी मुद्राओं में बढ़ रही है। यह भी ध्यान रखना दिलचस्प हो सकता है कि केंद्रीय बैंक, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, अमेरिकी डॉलर-केंद्रित वित्तीय प्रणाली से दूर जाने के लिए अपने सोने के भंडार बढ़ा रहे हैं।

जे.पी. मॉर्गन की वैश्विक कमोडिटी रिसर्च टीम के अनुसार, केंद्रीय बैंकों ने सामूहिक रूप से 2022 में 1,136 टन सोना खरीदा, जो रिकॉर्ड पर सबसे अधिक वार्षिक मांग है, और 2023 में 1,037 टन और खरीदा। इसने अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी ट्रेजरी के एहतियाती भंडार की उनकी जरूरत को कम कर दिया, जो बदले में विकास को बढ़ावा देने वाली घरेलू परियोजनाओं में निवेश करने के लिए पूंजी को मुक्त करता है। अगले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए अच्छा होगा कि वे नाटो को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाएं, जिसका नेतृत्व वे करते हैं, ताकि यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सके, डी-डॉलरीकरण प्रक्रिया को धीमा किया जा सके, इजराइल-हमास युद्ध को लाल सागर और लेबनान जैसे नये सीमाओं तक फैलने से रोकने में मदद मिल सके, और वैश्विक वाणिज्य और कूटनीति पर बढ़ते चीनी प्रभाव को कम करने के लिए रूस को अपने पक्ष में वापस लाया जा सके, खासकर पश्चिम एशियाई क्षेत्र में।

विचार

बांग्लादेश के साथ संतुलित साझेदारी कैसे बनाए रखें

डॉ. सत्यवान सौरभ

बांग्लादेश के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी चिकन नेक और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मज़बूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध इतिहास है, जिसमें सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक सम्बंध गहरे हैं। दक्षिण एशिया में भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसियों में से एक के रूप में बांग्लादेश भारत की पड़ोस कूटनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश की रणनीतिक स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और देश के बाक़ी हिस्सों के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर बताया गया है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक निर्भरता और व्यापार सहयोग को दर्शाता है। बांग्लादेश आतंकवाद और सीमा प्रबंधन सहित कई सुरक्षा मुद्दों पर भारत के साथ सहयोग करता है। अभ्यास सम्प्रीति भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच साझा नदियाँ स्थायी उपयोग के लिए जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग को आवश्यक बनाती हैं। 1996 की भारत-बांग्लादेश जल संधि गंगा नदी से जल बंटवारे को नियंत्रित करती है, जिससे दोनों देशों के लिए जल संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित होती है। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध सांस्कृतिक सम्बंध हैं, जो उनके राजनयिक सम्बंधों को मज़बूत करते हैं। उदाहरण के लिए बंगाली संस्कृति, जो दोनों देशों में आम है, कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देती है। बांग्लादेश सार्क, बिम्सटेक और बीबीआईएन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपनी सदस्यता के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तनों के बीच संतुलित साझेदारी बनाए रखने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियाँ राजनीतिक अस्थिरता हैं। बांग्लादेश में 2024 का राजनीतिक संकट, जो विरोध प्रदर्शनों, नेतृत्व परिवर्तनों और अशांति से चिह्नित है, उसने दोनों देशों की भागीदारी में अनिश्चितता

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (14 दिसम्बर) पर विशेष

पैदा की, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा और व्यापार मामलों पर। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ है, जिससे लोगों के बीच आपसी सम्बंध और दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग प्रभावित हुआ है।

भारत को द्विपक्षीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान के माध्यम से बांग्लादेश के साथ नियमित रूप से जुड़ना चाहिए। भारतीय विदेश सचिव की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के लिए ढाका की हालिया यात्रा अगस्त 2024 में अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मज़बूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए। उदाहरण के लिए सुरक्षा समन्वय में सुधार और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अभ्यास सम्प्रीति जैसी संयुक्त सुरक्षा पहलों का विस्तार किया जा सकता है। भारत को बांग्लादेश के साथ एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते पर बातचीत करके तीस्ता नदी जल-बंटवारे के विवाद को हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन आदान-प्रदान लोगों के बीच मज़बूत सम्बंध बना सकते हैं, अविश्वास को कम कर सकते हैं और सहयोग बढ़ा सकते हैं। पर्यटन मार्गों और बंगाली त्योहारों जैसे लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने से आपसी समझ बढ़ेगी और सांस्कृतिक सम्बंध मज़बूत होंगे। बांग्लादेश के साथ भारत के रणनीतिक सम्बंध क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करके, आर्थिक सहयोग बढ़ाकर और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करके, भारत बांग्लादेश के साथ गहरे सम्बंधों को बढ़ावा दे सकता है। यह दृष्टिकोण गुजराल सिद्धांत को दर्शाता है, जो गैर-पारस्परिक समायोजन और आपसी सम्मान की वकालत करता है, भारत के पड़ोसियों के बीच सामंजस्यपूर्ण सम्बंधों को बढ़ावा देता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

साहित्य

अहसास

के एन रेनू

अँधेरे का छोर
चाँद का डूबता चेहरा
चन्द सितारों की गिनती
सब कुछ तो था वहाँ
खुशबू के भींगेपन ने
सरोबार कर दिया था हमें
तुम्हें याद हैं....?
आज कौन सी तारीख है
मैं कही थी तुमसे
तुम्हारे जेहन में
नम आँखों से मुस्कुराती
दूर दूर तक
उसकी बस्ती न थी
मेरे लिए सब कुछ था
अहसास, तनहाई, आँसू
और तुम्हारी याद..
तुम्हारे लिये
मैं होकर भी नहीं थी

राशिफल

मेषः- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

वृषभ :- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

मिथुनः- भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

कर्कः- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

सिंह :- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

कन्याः- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुलाः- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

वृश्चिकः- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

धनुः- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकरः- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

कुंभः- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

मीनः- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी

योगेश कुमार गोयल

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देना : हर वाट मायने रखता है।' ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था।

दरअसल, दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए

मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्वों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्वों का इस्तेमाल किया जाए। आईएसआई चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है। वहीं, तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बर्बादी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

डीएम ने शीतलहर से बचाव को नगर पालिका की व्यवस्थाओं को परखा

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

शीत लहर के प्रकोप से आम जनमानस को बचाने के लिए नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा नगर में की गयी व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। गुरुवार की रात करीब 9.00 बजे जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने रोडवेज बस स्टैण्ड में नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा संचालित किये जा रहे अस्थायी रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहाँ पर राहगीर रूके हुए थे। उपस्थित लोगों से उनका हाल जाना और उपलब्ध व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में ड्यूटी पर तैनात पालिका कर्मी से जानकारी ली। रैन बसेरे में लोगों के लिए गद्दा, कम्बल एवं तकिया उपलब्ध मिले। स्थल पर पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं शौचालय आदि की समुचित सुविधा पायी गयी। रैन बसेरा के बाहर अलाव जलते हुए पाये गये, जहाँ लोग आग के पास बैठे मिले।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने आल्हा चौक स्थित अम्बेडकर पार्क पहुंचकर वहां संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया और मौके पर उपलब्ध व्यवस्थाओं को जांचा-परखा, जहां लोगों के लेटने के लिए गद्दा, कम्बल एवं तकिया उपलब्ध थे। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारीके साथ उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अवधेश कुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

यज्ञ देखने निकलीं दो युवतियां लापता, रिपोर्ट दर्ज

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी दो युवतियों के कुरारा यज्ञ से घर वापस न आने से परेशान दोनो के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी अहमद ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को मेरी पुत्री रूबीना उम्र 16 वर्ष गांव निवासी तेज सिंह पुत्र स्वर्गीय हीरालाल की पुत्री प्रियंका 16 वर्ष के साथ दोपहर एक बजे कुरारा यज्ञ देखने की बात कहकर निकली थी। तीन बजे भतीजी हिना ने प्रियंका से फोन पर बात की तो उसने कहा कि हम दोनो घर वापस आ रही है। जब दोनों शाम तक वापस घर नहीं आई तो उनकी खोजबीन की। नाते रिश्तेदारी में फोन कर जानकारी की लेकिन कही पता नही चला दोनो के पिता ने अज्ञात के खिलाफ थाने में भगा लें जाने की तहरीर दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

इंजीनियरिंग सेवा में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर छात्रा को किया सम्मानित

- छात्रा ने कहा, एक बार असफलता मिलने पर नहीं होना चाहिए निराश

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

कस्बे के हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा उन्नति चौरसिया का भारतीय इंजीनियरिंग सेवा में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की डायरेक्टर शिवांगी राजपूत ने छात्रा को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की डायरेक्टर शिवांगी राजपूत ने बताया कि उन्नति चौरसिया ने इसी विद्यालय से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से बीटेक एमटेक किया है। उन्नति ने यह सफलता प्राप्त करके विद्यालय व नगर सहित माता पिता का नाम रोशन किया है। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने उन्नति को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्नति ने कहा कि ऐसा कोई मुकाम नहीं है जिसे हम हासिल नहीं कर सकते हैं। बस अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। कहा कि अगर अपने कार्य में असफलता मिलती है तो निराश नहीं होना चाहिए। दोबारा उस लक्ष्य में उत्साह के साथ उस लक्ष्य निर्धारित करने में लग जाना चाहिए। सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रामहेत राजपूत प्रधानाचार्य अली उल्ला खान आदर्श खरे आदि शिक्षकों ने उन्नति को शुभकामनाएं दी।

रामपुर लगातार दो गोल कर निर्णायक मोड़ पर पहुंचा, पहला मैच रामपुर व पंजाब की टीम के मध्य खेला गया

मौदहा,हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में चल रहा मौलाना सलीम मेमोरियल खेल महोत्सव के चौथे और अंतिम चरण में अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को पहला मैंच रामपुर और पंजाब की टीमों के बीच खेला गया। आमतौर पर दो हाफ में खेला जाने वाला हाकी मैंच इस बार चार क्वार्टर में खेला गया जिसमें पहले क्वार्टर से ही रामपुर की टीम ने अपने इरादे जाहिर करते हुए दबदबा बनाए रखा और मैंच के आठवें मिनट में ही शानदार गोल दागकर पंजाब को दबाव में ला दिया। पंजाब इस दबाव से उबर पाती इसके पहले ही ग्यारहवें मिनट में दूसरा गोल दागकर रामपुर ने मैंच में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। जबकि मैंच के तीसरे क्वार्टर में रामपुर ने तीसरा गोल कर मैंच को अपनी तरफ मोड़ दिया हालांकि तीसरे क्वार्टर में ही पंजाब ने एक गोल कर रामपुर की बढ़त कुछ कम कर दी और इसी तरह रामपुर ने 3.1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। जिसमें रामपुर की ओर से शानदार प्रदर्शन एवं डिफेंस के बल पर पंजाब को बांधने वाले साहिल को मैन आफ द मैच चुना गया। जिनको मुख्य अतिथि निजामी स्पोर्ट्स मौदहा के अध्यक्ष बीतू बादशाह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं पहले दिन का दूसरा मुकाबला करमपुर (गाजीपुर) और झांसी के बीच खेला गया जिसमें करमपुर ने अपने पहले क्वार्टर के छठवें मिनट में पहला गोल दागकर झांसी के ऊपर दबाव बना लिया इसके बाद दूसरे क्वार्टर में कोई भी गोल नहीं हुआ और हाफ टाइम पूरा हो गया। तीसरे क्वार्टर के शुरू होते ही 38वे मिनट में झांसी ने अपना पहला गोल कर मुकाबला बराबरी पर खड़ा कर दिया इसके तुरंत बाद करमपुर ने 42वें मिनट में अपना दूसरा गोलकर मैच में 2.1 से निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। मैच में रैफरी की भूमिका सैय्यद अलीए रूपेंद्र कुमारए मुशीर अहमद एवं रफीक खान ने निभाई। जबकि रिजर्व अंपायर लाल खान एवं स्कोरर अबरार अहमद रहे। इस दौरान नौशाद संजरी, मुशर्रफ कमालए, अख्तर मास्टर नसीम दरोगा समीर सभासद राजू मेम्बर आदि उपस्थित रहे। आज का पहला मुकाबला करनाल और रेलवे भुसावल के बीच खेला जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि होंगे सपा नेता एवं शादाब हुसैन बिट्टू।

किशोरी को भगाने में 20 वर्ष की कठोर कारावास

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा कस्बे के एक मुहाल निवासी ने मौदहा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 16 दिसंबर 2020 शाम छह बजे घरेलू सामान लेने मुहल्ले की दुकान में गई थी। जो वापस नहीं लौटी। इस बीच जानकारी मिली कि बीरू नाम का युवक उसकी पुत्री से फोन पर बातचीत करता रहा है। जो उसकी पुत्री को बहला कर अपने साथ ले गया है। जिसकी सूचना कोतवाली में 15 दिसंबर को दी लेकिन तब रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पुलिस ने आरोपित बीरू पुत्र शेरे बाबू निवासी हरौली थाना माधौगढ़ जनपद जालौन के खिलाफ 24 दिसंबर 2020 को मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो कीर्ति माला सिंह ने मुकदमें की सुनवाई करते हुए आरोपित बीरू को धारा पाक्सो का दोषी मानते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास सुनाते हुए 16 हजार रुपेय जुर्माना लगाया है।

एसडीएम ने सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के गोहानी पनवाड़ी गांव में उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने चौपाल लगाकर किसानों को केंद्र व प्रदेश की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण भी किया।

एसडीम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए तमाम योजनाएं चल रही है। जिस प्रकार 18 वर्ष से अधिक उम्र की विधवाओं को विधवा पेंशनए 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को वृद्धा पेंशन तथा 40 फीसदी से अधिक विकलांग व्यक्ति को विकलांग पेंशन दी जाती है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत एक परिवार की दो बच्चियों को 6 किस्तों में 25 हजार रुपये दिया जाता है तथा मुख्यमंत्री बाल योजना के अंतर्गत ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता का देहांत सन 2020 के बाद हुआ हो उन्हें 25 सौ रुपये प्रतिमाह 18 वर्ष तक दिया जायेगा। जबकि सामूहिक विवाह योजना की अंतर्गत आने वाली 51 हजार रुपये की धनराशि में नव दंपति को 35 हजार रुपए नगद दस हजार रुपये का सामान तथा छह हजार रुपये उनके विवाह कार्यक्रम में खर्च किए जाते हैं। इसके साथ ही कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति को तीन हजार रुपये प्रति माह पेंशन देने की योजना है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा सफाई कर्मी की शिकायत की गई। जिसके निस्तारण के लिए खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

तमंचे से हवाई फायरिंग पुलिस जांच में जुटी

राठ(हमीरपुर)। कस्बे के छोटी जुलहेटी बाबा गौश गेट पर अराजकतत्वों द्वारा अवैध तमंचे से फायरिंग करने पर मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गुरुवार की रात करीब आठ बजे बाराखंबा बाबा गौश गेट पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने हवाई फायर कर दिया। जब तक मोहल्लेवासी कुछ समझ पाते युवक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जाकर जांच पड़ताल की। लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। इस संबंध में कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि फायरिंग की घटना नहीं हुई है। वहां लोगों से पूछताछ की जा रही है।

खबरें एक नजर में

किसानों ने क्रय केंद्रों में शोषण का रोना रोया विधायक से, एसडीएम से कार्रवाई करने को कहा

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। सरकारी दलहन, तिलहन क्रय केंद्रों में किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। जिस पर किसानों ने विधायक को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं का अवगत कराया है। किसान रमेश सिंह बृजभान सिंह राजू बाबूराम जयराम आदि ने बताया कि कस्बे की गल्ला मंडी में मूंगफली खरीद के चार सरकारी केंद्र खुले हैं। जिसमें एक केंद्र में बारदाना समाप्त हो जाने का बहाना बनाकर केंद्र प्रभारी खरीद चालू नहीं कर रहा है। जबकि अन्य तीन केंद्रों में केंद्र प्रभारी मौजूद नहीं मिलते हैं। जिससे उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पता है। वहीं जिन किसानों ने अपनी मूंगफली केंद्र में बेच दी है। उसका सिक्सआर नहीं दिया जाता है। सिक्सआर देने के नाम पर प्रति कुंतल 12 सौ रुपये की मांग की जाती है। किसानों ने क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी को ज्ञापन देकर अपना शोषण रुकवाने की मांग की है। विधायक ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को जांच कर ऐसे केंद्र प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

युवकों पर तमंचे व कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। कस्बे के चौपरा गेट पर पहले से घात लगाए बैठे सात युवकों ने दो युवकों को कुल्हाड़ी व तमंचे की बट से हमला कर लहुलुहान कर दिया। पीड़ित युवक ने कोतवाली में एससी.एसटी एक्ट व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी देवेंद्र वर्मा पुत्र शिवकुमार ने बताया कि बुधवार को वह व उसका चचेरा भाई दिनेश अपने घर पर थे। तभी रात करीब आठ बजे सोनू यादव पुत्र रामकुमार निवासी मुगलपुरा उसके घर पर आया और उसे व उसके चचेरे भाई को साथ लिवा ले गया। जैसे ही तीनों चौपरा गेट के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए बैठे रामसिंह गौर पुत्र मुन्ना निवासी सिकंदरपुरा शादाब निवासी बजरिया प्रीतम राजपूत निवासी चिल्ली व चार अज्ञात लोगों ने उसे व उसके चचेरे भाई को देखा तो जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगे। बताया कि रामसिंह ने कुल्हाड़ी व शादाब ने कट्टे की बट से हमला कर दिया। चार अज्ञात लोगों ने लात घूसों से मारा-पीटा। मारपीट से उसे व उसके चचेरे भाई को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। बताया कि मरणासन्न अवस्था में उक्त युवक छोड़ कर भाग गए। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कराई जा रही है।

जिलाधिकारी ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। गुरुवार देर रात्रि कानपुर नगर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा मध्य रात्रि रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्दी के बढ़ते मौसम के मद्देनजर, जनपद के विभिन्न रैन बसेरों का मध्य रात्रि औचक निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा तथा उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित भी किया।

पुलिस की मौजूदगी में वितरित की गयी खाद

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समित के बाहर पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र में डीएपी खाद आने की जानकारी मिलते ही किसानो की भीड़ लग गई। पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। क्षेत्र में धान की फसल वाले खेतो की बुवाई का कार्य चल रहा है। जिसमे किसानो को डीएपी खाद की जरूरत है मंडी समिति के बाहर की दुकान में पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र संचालित है। सुबह एक ट्रक डी ए पी खाद के आने की जानकारी मिलते ही किसानो की भीड़ लग गई । केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि छोटे किसानों को दो बोरी व बड़े किसानों को चार बोरी डीएपी खाद का वितरण किया गया है। अभी क्षेत्र में धान की फसल की कटाई के बाद गेंहू व चना की बुवाई के लिए खेत पड़े है। जिसमें डीएपी खाद की जरूरत है। अभी भी खाद के लिए किसान लाइन लगा रहे है।

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ठगे, रिपोर्ट दर्ज

- फर्जी दस्तावेज पर सऊदी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर इंडिया भेजा

मौदहा(हमीरपुर)। कस्बा निवासी मुंशीर उद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह कस्बे का एक शिक्षित बेरोजगार युवक है एक सितंबर 2024 को शैफुल उसके घर पहुंचा और उसकी दयनीय स्थिति, बेरोजगारी को देखकर सऊदी अरब में नौकरी दिलाने की बात कहते हुए साढ़े तीन लाख रूपये उसके माता पिता से ले लिये, माता-पिता ने इतनी बड़ी धनराशि कर्ज व जेवर बेच कर दिये थे। यही नहीं शैफुल ने उससे फर्जी मेडिकल बनवाने के नाम पर साठ हजार रुपये ले लिये, तथा फर्जी दस्तावेजों को दिखाकर विदेश भेज दिया जिसमें मेरा पूरा खर्च 4 लाख 10 हजार रूपये आया। प्रार्थी ने बताया कि जब वह 13 सितंबर 2024 को विदेश पहुंच गया तो उपरोक्त शैफुल द्वारा बनवाए गए सभी दस्तावेजों को वहां फर्जी करार दे दिए गए, जिसके बाद मुझे सऊदी पुलिस के हवाले कर दिया गया। जहां पर उसे यातनाएं देने के बाद दिनांक 24 नवंबर 2024 को भारत वापस कर दिया गया। उसने बताया कि इस तरह से फर्जी तथा कूटरचित तरीके से बनवाए गए दस्तावेजों के सहारे उससे 4 लाख से अधिक रूपये की ठगी की है। जिसमें ठग ने अपने को सही साबित करने में इधर.उधर इंटरव्यू तथा मेडिकल आदि कराने में 60 हजार रूपये खर्च करा दिये जो अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

नेयवेली पावर प्लांट की प्रथम यूनिट का केक काटकर किया गया शुभारंभ

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।

एनएलसी आईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रसन्ना कुमार मोदुमल्ली ने उप्र पावर लिमिटेड के कानपुर नगर के घाटमपुर तहसील में नवनिर्मित 3600 मेगावाट नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड की पहली यूनिट रात्रि 12 बजे वाणिज्यिक संचालन का शुभारंभ किया। जिसके बाद से नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर का उत्पादन और वितरण प्रारम्भ हो गया है। नेयवेली उत्तर प्रदेश लिमिटेड एनएलसी आईएल का प्रथम कोल बेस सुपरक्रटिकल थर्मल पावर प्लांट है। सम्बोधन के दौरान भी प्रसन्ना ने सभी एन एनयूपीपीएल कर्मचारियों को बहुत बधाई दी,और उन सभी के योगदान की सराहना की। उन्होंने प्लांट के आसपास के ग्रामवासियों के सहयोग जैसे भूमि आवंटन आदि के लिए उनका बहुत आभार प्रकट किया। साथ ही सभी एनयूपीपीएल कर्मचारियों को दूसरी और तीसरी यूनिट को शीघ्र ही चालू करने के निर्देश दिए। तथा प्रशासनिक भवन के बाहर सभी अनुबंध कर्मचारियों को इस सहायता की बधाई दी और मिठाई वितरित की।

बैंकों ने बकायदारों की आरसी जारी कर कसा शिकंजा

पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।

बैंकों से ऋण लेकर चुप्पी साधे बैठे बकायेदारों पर राजस्व टीम ने कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को बैंकों द्वारा जारी की गई आरसी के आधार पर बकायादारों की धर पकड़ की एवं ऋण अदायगी ना होने की स्थिति में कुर्की की चेतावनी दी गई। जनपद में बैंकों के तमाम बकायेदार हैं जिनके द्वारा ऋण के रूप में करोड़ों की रकम लेकर धनराशि जमा नहीं की जा रही है जिससे उनके खाते एनपीए हो गए हैं। बैंकों पर बोझ बढ़ गया है जिला प्रशासन के निर्देश पर ऐसे बकाया दारों की आरसी जारी की गई है और अब इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है बृहस्पतिवार को इंडियन बैंक प्रबंधक पनवाड़ी अजय कांत तिवारी मसूदपुर इंडियन बैंक प्रबंधक, अनिल कुमार वर्मा एवं क्षेत्रीय अमीन, कमलापति प्रजापति की उपस्थिति में स्योढी एवं दिदवारा में वसूली कार्रवाई की गई। तहसील की राजस्व टीम ने बकायदारों को यथाशीघ्र अपना ऋण अदा करने अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहने के लिए कहा इसमें कुर्की के साथ जेल भेजने जैसी कार्रवाई भी शामिल है।

गौरतलब हो कई बकाए दार ऐसे भी है जिनके खाते एनपीए हो गए हैं और वो बैंक के लोन को नही भरना चाहते हैं जिससे बैंकों पर ऋण भार अत्यधिक बढ़ गया है जिस पर तहसील टीम भी अब तैयार है उनकी धर पकड़ एवम डवॉच जारी है एवम कुर्की की कार्यवाही भी शामिल हैं। इंडियन बैंक प्रबंधक अजय कांत ने सभी बकायादारों को अल्टीमेटम दे दिया है एवम जेल भेजने की भी मंशा है, जिससे बैंक पुनः बहाल हो जाये और जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराने में आसानी हो।

उतरौला बस स्टेशन पर शौचालय जर्जर, यात्रियों को हो रही परेशानी

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

उतरौला बस स्टेशन पर वर्षों से एक गंभीर समस्या बनी हुई है। हालांकि, इस बस स्टेशन के निर्माण के लिए सरकार ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये आवंटित किए थे, लेकिन यहां बने सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत अब तक नहीं की गई है। पुराने शौचालय की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि पिछले तीन वर्षों से इसे बंद कर दिया गया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि यात्रियों को शौचालय की सुविधा के लिए अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बस स्टेशन पर केवल एक सार्वजनिक शौचालय था, जिसे पूरी तरह से खराब होने के बाद बंद कर दिया गया। अब, इस शौचालय का कोई विकल्प नहीं है और यात्री खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। खासकर महिलाओं को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। सड़क पर सफर करने वाले यात्री लघुशंका के लिए इधर-उधर जाने के लिए विवश हैं, जो यात्रा के दौरान उन्हें असुविधाजनक बना देता है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। नगर पालिका परिषद ने इस मुद्दे को संज्ञान में लिया, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत के लिए कई बार निवेदन किया गया, लेकिन रोडवेज विभाग और अन्य अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोग आक्रोशित हैं और उनका कहना है कि शौचालय के मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। इसके अलावा, यह भी बताया गया है कि सफाई अभियान और स्वच्छता के सरकारी प्रयासों के बावजूद, इस तरह की अनदेखी से शौचालयों का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। अब यह स्थिति गंभीर होती जा रही है, और यदि जल्दी कदम नहीं उठाए गए तो यात्रियों को और भी अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

उच्च न्यायालय के आदेश पर सरगम खरे ने पुनः ग्रहण किया प्रधानाचार्या का प्रभार

- पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने सरगम खरे का किया स्वागत

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर पुनः कार्यभार ग्रहण किया। उनके विद्यालय पहुंचते ही बड़ी संख्या में छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। बता दें कि दिनांक 9 सितंबर, 13 सितंबर व 27 सितंबर को शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों ने बीच सत्र में एक पक्षीय आदेश पारित कर विद्यालय की अन्य अध्यापिका को प्रधानाचार्या का प्रभार सौंप दिया था। इन एक पक्षीय आदेशों पर सरगम खरे द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों से पत्राचार कर न्याय मांगा गया था, परंतु कोई सुनवाई न होने पर उन्हें माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की शरण लेनी पड़ी। माननीय उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान विद्वान अधिवक्ताओं अभिनव त्रिपाठी, प्रशांत शुक्ला व विजय कुमार त्रिपाठी की दलीलों के सामने विपक्षीगणों के सभी अधिवक्ता निरूत्तर साबित हुए जिस पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने कड़ी फटकार लगाते हुए सभी आदेशों को स्थगित कर पूर्व स्थिति बहाल करने का आदेश दिया।

मानक पर खरा नहीं उतरा चरखारी श्रीनगर चौड़ीकरण मार्ग

- चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मौके पर लगायी क्लास

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के चरखारी से श्रीनगर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य मानक के अनुरूप न किए जाने पर चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौके पर माप कराते हुए क्लास ली तथा कार्य को मानक के अनुरूप कराते हुए ठेकेदार के विरुद्ध कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। चरखारी से श्रीनगर वाया सूपा 24.2 किलोमीटर मार्ग कको 7 फुट चौड़ा किए जाने के लिए शासन द्वारा धन स्वीकृत किया गया था लेकिन लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अधिकारियों द्वारा मौके पर मौजूद न रहते हुए कार्य को पूरी तरह से ठेकेदार के सहारे छोड़ दिया जिससे ठेकेदार द्वारा पूरी तरह से मनमानी करते हुए मानक से कम चौड़ाई करते हुए लीपापोती कर दी गयी। शुक्रवार को चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने चरखारी श्रीनगर मार्ग का निरीक्षण किया जहां लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अधिकारी सहायक अभियन्ता की मौजूदगी में चौड़ीकरण की माप कराई गयी जो कि कहीं भी मानक पर नहीं दिखाई दी तथा प्रस्तावित 7 फुट से कम सड़क का निर्माण पाया गया। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी सड़क के किनारे बिजली के पोल या हैंडपंप आदि मिले उस स्थल को छोड़ते हुए मानक से कम माप पर सड़क का निर्माण कर दिया गया है। डॉ. राजपूत ने सड़क की माप कराने के साथ उसकी गुणवत्ता की जांच भी मौके पर करायी गयी और जांच के दौरान अधिकारी अपनी बगलें झांकते नजर आए। उन्होंने सड़क को मानक के अनुरूप पूरा कराने तथा ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए हैं।

कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखना पहली प्राथमिकता : डीआईजी

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

झांसी परिक्षेत्र में नए डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने प्रभार संभालने के साथ ही मीडिया टीम से बातचीत के दौरान बताया कि शासन की योजनाओं का मजबूती से पालन एवं उनका क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि लॉ एवं ऑर्डर दुरुस्त रखना पुलिस की प्राथमिकता होती है और इसी दिशा में मिशन शक्ति के जागरूकता कार्यक्रम को ग्रामीण स्तर तक बढ़ाया जाएगा। इसमें अन्य इकाइयों को भी शामिल किया जाएगा जैसे आशा कार्यकत्री, एएनएम एवं स्वयं सहायता समूह ताकि मिशन शक्ति के माध्यम से ज्यादा प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो सके।

झांसी परिक्षेत्र के अंतर्गत जालौन, झांसी और ललितपुर जिला शामिल है, जिनकी सीमाएं मध्य प्रदेश से जुड़ी हुई है। अनेक धार्मिक त्योहारों के समय दोनों तरफ से लोग ज्यादा संख्या में एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में आते है इस बात का पूरा ख्याल रखा जाएगा कि शांतिप्रिय ढंग से श्रद्धालुओं के दर्शन संभव हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़े जनपदों के पुलिस अधिकारियों एवं झांसी परिक्षेत्र

- ऑपरेशन कनविक्शन में लंबित विवेचनायें पूरी कर अपराधियों पर कसी जायेगी नकेल
- शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कराने में नहीं बरती जायेगी कोताही

के पुलिस अधिकारियों का आपस में सामंजस्य स्थापित किया जाएगा ताकि अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके। सीसीटीएनएस, आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का गंभीरता से अवलोकन कर त्वरित निवारण करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। समाधान दिवस व अन्य राजस्व से जुड़े मामलों में प्रशासन के साथ संयुक्त टीम बनकर राजस्व के विषयों को सुलझाया जाएगा।

सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर गंभीरता प्रकट करते हुए डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने कहा कि लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि एक्सीडेंट के केसों में रोकथाम की जा सके। साइबर क्राइम पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि समय से की गई शिकायतों के विषय में पुलिस जल्दी और पूर्ण रिकवरी कर लेती है इसीलिए जरूरी है कि साइबर अपराधों को पुलिस को समय से सूचित कर दिया जाए एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए नए कदम उठाए जाएंगे। ''ऑपरेशन कनविक्शन'' के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि विवेचनाओं में जल्दी लाई जाएगी ताकि अपराधियों पर नकेल कसी जा सके। उन्होंने बताया कि वह 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी है और बुंदेलखंड के अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि पूर्व में बतौर एसपी चित्रकूट रह चुके हैं।

डीएम-एसपी ने ठंड से ठिठुरते लोगों को कम्बल ओढ़ाकर लिया हालचाल

- फुटपाथ पर सोते मिले लोगों को शेल्टर होम भिजवाया
- जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रैन बसेरा का किया निरीक्षण

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला अस्पताल, राजकीय मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन, कोंच बस स्टैण्ड में कम्बल वितरण और कोंच बस स्टैण्ड पर स्थापित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कंबल वितरण कर अस्पताल में तीमरदारों का हालचाल लिया। फुटपाथ पर सो रहे लोगों को शेल्टर होम भिजवाया गया। शेल्टर होम में जाकर एवं कंबल पाकर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद।

व पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों को कम्बल वितरित किए। जिलाधिकारी ने लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। कम्बल वितरण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बेसहारा और जरूरतमंद लोगों की मदद करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में ठिठुरने के लिए मजबूर न हो, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कोंच बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, बिस्तरों की स्थिति, और ठंड से बचाव के इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि रैन बसेरों में आने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। पुलिस टीम नियमित रूप से इन स्थानों का दौरा कर रही है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर नेहा ब्याडवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, तहसीलदार शेर बहादुर, मेडिकल सीएमएस प्रशांत निरंजन आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर कोतवाली क्षेत्र में एक पखवारे पूर्व दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति की गुरुवार को गाँव में ही मौत हो गई। कोतवाली के गोसूपुर गांव निवासी रामधनी पुत्र मातारफेर बीती 25 नवंबर की सुबह खेत जाने के लिए अपने गांव के समीप लखनऊ- सुल्तानपुर हाइवे के किनारे खड़े थे इसी समय हैदरगढ़ की ओर से आए एक बाइक सवा ने तेज गति से टक्कर मार दी थी। दुर्घटना के बाद परिजन घायल रामधनी को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ ले गए थे यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया था मृतक के भाई संतलाल ने बताया कि ट्रामा सेंटर में इलाज के बाद डाक्टरों की सलाह पर रामधनी को 2 दिसंबर को परिजन गांव ले आए थे गोसूपुर गांव में ही उसकी मौत हो गई मृतक के परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस चौपाल कार्यक्रम के दौरान ब्लाक के अधिकारी व कर्मचारियों ने सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। ए डी ओ पंचायत समाज कल्याण दिवाकर यादव ने वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन, बाल सेवा योजना, शादी अनुदान योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा पंचायत में जो भी ग्रामीण इस योजना के पात्र व्यक्ति है वह अपना ऑनलाइन आवेदन करवाकर उसकी हार्ड कापी पंचायत सचिव के पास अवश्य जमा कर दे जिससे उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा सके। पंचायत सचिव पंकज कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, जीरो पावर्टी सर्वे, पी एम विश्वकर्मा, गोल्डन कार्ड, मनरेगा योजना की विस्तृत जानकारी दी इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव में जो भी मजदूर मनरेगा में 100 दिन से अधिक काम पूरा कर लिए है वह अपना श्रमिक कार्ड रजिस्ट्रेशन करवा ले करवा जिससे उन्हें अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर जे ई एम आई मनोज कुमार, पंचायत सचिव उदय शुक्ला ग्राम रोजगार सेवक महेंद्र कुमार शुक्ला, कोटेदार शिवनाथ सिंह, बी सी सखी मंजू विश्वकर्मा सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

शिविर लगाकर 25 किसानों का हुआ फार्मर रजिस्ट्री

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के पंचायत भवन में करौरा में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए एसडीएम प्रीति सिंह के निर्देश पर लेखपाल अशुतोष मिश्रा के नेतृव कैम्प लगाया गया। इस कैंप में 25 किसानों के रजिस्ट्रेशन किये गए। किसान रामजीलाल ने बताया की पंचायत भवन में आज कैंप लगाया गया जिसमें रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आधार कार्ड खतौनी व मोबाइल लेकर गए थे जहां पर लेखपाल व अन्य अधिकारियों ने मेरा रजिस्ट्रेशन करवा दिया। रजिस्ट्रेशन करते समय मोबाइल पर ओटीपी आया। यह कैंप प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगाए जाएंगे ।31 दिसम्बर तक विषेश अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक राजस्व ग्राम के लेखपाल एवं कृषि विभाग के कर्मचारी/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक उपस्थित रहेगें। इस संबंध में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया कि फ़ार्मर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए गांव मव कैंप लगाएं जा रहे हैं। किसान कैंप में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले। सिरौलीगौसपुर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि क्षेत्र के किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से य 31 दिसम्बर तक गांवों में आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री अभियान कैम्प में आधार, आधार बेस मोबाइल नम्बर, खतौनी एवं की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर फार्मर रजिस्ट्री करा लें। जिससे भविष्य में कोई असुविधा न हो। उन्होंने किसानों से अपील किया कि जिन किसानों के मोबाइल नंबर आधार कार्ड में लगे हुए हैं अगर वह नंबर निष्क्रिय है तो उन्हें सक्रिय करवा ले।

टैनिस बाल टूर्नामेंट में आर्मी इलेवन ने जीता मैच

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत के बगल स्थित मैदान पर चल रहे तीन दिवसीय टेनिस बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में आज नूर इलेवन शाह कटरा कप्तान लाला ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित ओवरों आठ में पांच विकेट पर 86 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए आर्मी इलेवन के कप्तान बबलू आरा मशीन की टीम द्वारा एक ओवर शेष रहते 87 रन बनाकर टूर्नामेंट का फाइनल मैच अपनी टीम के नाम कर लिया। मैच में खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नासिर होटल ने शानदार 65 रन बनाएं जिन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से बबलू खान मिस्त्री द्वारा नवाजा गया। टूर्नामेंट की विजेता टीम के कप्तान बबलू आरा मशीन व उपविजेता टीम को बबलू खान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के संयोजक मोहम्मद शुएब राइन , मोहम्मद शाहिद अंसारी मोहम्मद शिबू खान रफत मोबाइल मोहम्मद शादाब सिद्दीकी शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

बीएसए ने केजीबीवी का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। विकास खंड हरख अंतर्गत बंगला बजार स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे ने आकस्मिक निरीक्षण किया। बता दें कि बीते बृहस्पतिवार को इसी विद्यालय मे कक्षा 7मे पढ़ने वाली 14वर्षीय छात्रा (आँचल) की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। जिसे आनन फानन मे सीएचसी जैदपुर ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था! जिसको लेकर आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे ने निरिक्षण किया प्राप्त जानकारी के अनुसार निरिक्षण के दौरान बीएसए ने विद्यालय परिसर मे बने आवास का भी निरिक्षण किया और छात्राओं से भी पूँछतांछ की इसके साथ ही अन्य बिन्दुओ पर भी जाँच की वहीं इस सम्बन्ध मे बेसिक क्षिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय का निरिक्षण किया गया है वहां जब मौजूद स्टॉप से जानकारी की गई तो पता चला की बच्ची चाय पिया उसके बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ी जिसे तत्काल सीएचसी जैदपुर लें जाया गया था जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था फिलहाल बच्ची का पोस्टमार्टम हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थित स्पष्ट हो पायेगी और जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

विधायक गौरव रावत ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

वादे न निभाना, जनता को धोखे में रखने की कला में भारतीय जनता पार्टी की कला है जिसमे वह निपुर और पारंगत है नीति, नियत और नेतृत्व से पंगु हो चुकी प्रदेश की सरकार से जनता का विश्वास उठ चुका है उक्त कथन विधानसभा जैदपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड बंकी की ग्राम मंजीठा में पूर्वांचल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करते हुए जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा। विधायक गौरव रावत ने देश और प्रदेश की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश को अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी की आग में झोंकने वाले लोग आज बटने और कटने की बात कर रहे है ये वही

लोग है जिन्होंने जाति, धर्म संप्रदाय के नाम पर पूरे देश को बाट दिया। गौरव कुमार रावत ने

कहा कि रामराज के नाम पर नाथूराम राज चल रहा है प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर के नाम पर जाति विशेष के लोगो की हत्या की जा रही है जबकि इनामी माफियाओं को सत्ता में संरक्षित किया जा रहा है। इससे पहले विधायक गौरव कुमार रावत ने फीता काट कर सड़क का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मसौली ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, रक्षा राम वर्मा, अर्जुन वर्मा, नंदकिशोर, कपूर यादव, राकेश आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

इंटरलॉकिंग मार्गो का प्रमुख प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

हैदरगढ। क्षेत्र पंचायत निधि से नवनिर्मित इंटरलॉकिंग मार्गों का उद्घाटन रामदेव सिंह प्र ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा ऐतिहासिक द्वारा ऐतिहासिक विकास के कार्य किये जा रहे हैं जिसके बल पर आगामी 2027 में एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर श्री सिंह द्वारा विकास क्षेत्र हैदरगढ़ के विशंभर पुरवा गांव में डामर रोड से राम अवध के दरवाजे से होते हुए डामर रोड तक, ग्राम सभा अहिर-गांव के फूलशाह गढ़ी में सड़क से इंद्रपाल बीडीसी के घर से होते हुए तेजपाल के घर तक एवं ग्राम सभा ओहरामऊ में सर्विस रोड से पंचायत भवन तक नवनिर्मित इंटरलॉकिंग मार्गो का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुबेहा, राम सागर मौर्य, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिनव सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष राम किशोर गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि ओहरामऊ योगेश प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अहिरगांव विनोद शुक्ला, प्रधान सडवा विनोद सिंह, रन बहादुर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप, इन्द्रपाल, श्रीमती कमला देवी के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित ग्राम वासी मौजूद रहे।

ओटीएस के तहत 31 जनवरी तक एकमुश्त जमा कर बिजली बिल में पा सकते हैं छूट

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 24-25 योजना को लेकर विद्युत विभाग के अवर अभियंता शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृव में सभी विद्युत कर्मचारियों ने विद्युत उपकेंद्र से प्रचार रौली निकाली जिसमें सूरतगंज,बभनवा, लालपुर, करौता, हेतमापुर सहित दर्जनों गांव पहुंचकर उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी दिया और उपभोक्ताओं से प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 तक दिसंबर द्वितीय चरण 1 जनवरी 15 तक तृतीय चरण 16 जनवरी 31 तक बकाया बिल जमा करने के लिए अपील किया।

सूरतगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव, टीजीटू मोहम्मद अलीम इरशाद, प्रदीप प्रजापति, आदि विद्युत विभाग के

कर्मियों ने उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी देते हुए अपील किया कि सरकार द्वारा लाई गई एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना का लाभ ले। विद्युत विभाग के कर्मचारी लाउडस्पीकर बैनर पोस्टर आदि से गांव-गांव में पहुंचकर ओटीएस योजना का प्रचार प्रसार किया।

इस संबंध में अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 15 दिसम्बर से सरकार के द्वारा ओटीएस योजना शुरू की जा रही है जिसमें उपभोक्ताओं को भारी छूट दी जा रही है क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील है कि अपना बकाया बिल ओटीएस योजना का लाभ लेकर जमा कर दें। उपभोक्ता जल्दी आए ज्यादा लाभ पाए। इस अवसर पर निरंकार यादव, रोहित मिश्रा, आकश वर्मा, प्रवेश, सचिन गुप्ता, रामेश्वर, सन्दीप, अमित, लालता मिश्रा, प्रमोद, बब्लू, सुनील, जयदीप मिश्रा, अजित कुमार, भूपेंद्र कुमार यादव, सुनील कुमार, हेमराज, नरेंद्र कुमार, नीरज, रामू, कुमार, अरविंद कुमार, मनोज, सुमित, आलोक सहित सभी विद्युत कर्मचारी मौजूद।

जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए घर-घर वितरित किया जा रहा कम्बल

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज के हल्का शिव नाम क्षेत्र के लेखपाल भानु प्रताप एवं खैर वीरू के हल्का लेखपाल राकेश कुमार द्वारा इस भीषण शीतलहरी ठंड को देखते हुए देर रात्रि में गरीब असहाय निर्धन लोगों को घर-घर पहुंच कर इस भीषण ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल भानु प्रताप द्वारा बताया गया कि हमारे क्षेत्र के शिव नाम ग्राम पंचायत में लगभग एक दर्जन से अधिक गरीब असहाय व निर्धन लोग थे जिनको हमें स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अपने टीम के साथ पहुंचकर ऐसे लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया। तो वही खैर वीरू हल्का लेखपाल राकेश कुमार द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक गरीब असहाय व निर्धन बुजुर्ग लोगों को कंबल का देर रात्रि में वितरण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र के अनुपालन में आगामी 14 दिसंबर को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनपद न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता तथा अपर जिला जज /प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा की देखरेख में आयोजित होगा।सचिव श्री वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रि-लिटिगेशन वाद धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआईएक्ट),बैंक वसूली वाद,श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर, अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो) आपराधिक शमनीय वाद,धारा-138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएँ, श्रम विवाद वाद,विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबन्धित वेतन,भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले। राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों। अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि आपसी सुलह समझौते के आधार निस्तारित कराया जा सकता है,जिससे आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा लाभान्वित हो सके। श्री वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 दिसंबर यानी शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/ प्राधिकरण अध्यक्ष श्री वर्मा द्वारा प्रातः 10 बजे 24 कक्षीय भवन के मीटिंग हाल में किया जाएगा जिसका शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया जायेगा।

सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Ajay Singh दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Ajay Gurjar है। Ajay Gurjar F/o of Army/JC No-482131H, रैंक-सूबेदार, गिर्राज सिंह गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-शाहगंज तुलसीपुरा, हिण्डौन सिटी, जिला-करौली, राजस्थान-पिन कोड नंबर-322230.

सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Ladoo Devi व जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Laddo है। Laddo M/o of Army/JC No-482069F, रैंक-सूबेदार, जसराम गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-पीपल खेड़ा, जिला-दौसा, राजस्थान-पिन कोड नंबर-321608.

सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Ramji Lal Gurjar व जन्मतिथि 01.07.1951 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Ramji Lal है। Ramji Lal F/o of Army/JC No-482069F, रैंक-सूबेदार, जसराम गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-पीपल खेड़ा, जिला-दौसा, राजस्थान-321608.

सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र नाम Veer Vijay Pratap Singh Bhadauria दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम Veer Vijay Pratap Singh Bhadouriya है। Satyapal Singh, Army/JC NO-481652K, रैंक-सूबेदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-लखनपुरा, पछांया गांव, पोस्ट-पछाया गांव, जिला-इटावा, उत्तर प्रदेश-206131.

सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Geeta Devi व जन्मतिथि 01.07.1958 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Gita व जन्मतिथि 01.01.1964 है। Gita M/o of ArmyNo-3007973F, रैंक-L/Hav, महावीर सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-डाबोली मिठी, पोस्ट-राजापुरा, जिला-नागौर, राजस्थान-341301.

घर में घुसकर किशोरी से अभद्रता कर की मारपीट

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। घर में घुसकर किशोरी के साथ अभद्रता करने और विरोध करने पर गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने पुलिस को बताया कि गुरूवार की रात एक युवक ने उसके घर के दरवाजा खटखटाया। जब उसने दरवाजा खोला तो मोहल्ले का ही सुल्तान जबरन घर के अंदर घुस आया और उसके साथ अभद्रता करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसने गाली, गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने पर जब परिजन वहां आए तो उनके साथ भी मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छह शिकायतें प्राप्त दो का हुआ मौके पर निस्तारण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें आवास हैंडपंप पेंशन से संबंधित 6 शिकायतें आई। मौके पर दो शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। पहली चौपाल ग्राम पंचायत रामसहाय गांव के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान दयाशकंर शुक्ला की अध्यक्षता एवं पंचायत सचिव राजेश कुमार के संयोजन में आयोजित की गई। चौपाल में विकास तिवारी ने आवास की मांग को लेकर शिकायत किया जिसपर सचिव ने आश्वासन दिया। वही गांव के ही रोहित,अश्वनी पाल ने हैंडपंप मरम्मत के लिए शिकायत किया। इस शिकायत का तत्काल निस्तारण के लिए ग्राम प्रधान ने हैंडपंप मिस्त्री को भेज कर ठीक करवा रहे हैं। दूसरी चौपाल मदारपुर के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने ग्रामीणों की सुनी समस्या जिसमें पेंशन से संबंधित एक शिकायत आई जबकि आवास से संबंधित दो शिकायतें आई। मौके पर पेंशन संबंधी शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी ग्राम प्रधान जय राम मोर्या तथा पंचायत सहायक के अतिरिक्त सफाई कर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

शहर में जाम की समस्या के समाधान के लिए एक्शन प्लान, 16 से चलेगा अभियान : नगर मजिस्ट्रेट

- ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा यूनियन के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

शहर में बढ़ते जाम की समस्या को देखते हुए नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने कोतवाली उरई में ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जाम की समस्या के समाधान पर चर्चा की गई और बिना परमिट ऑटो रिक्शा और अपंजीकृत ई-रिक्शा की संख्या को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि शहर में ऐसे बिना परमिट ऑटो रिक्शा और अपंजीकृत ई-रिक्शा की संख्या काफी बढ़ गई है, जिनके पास वैध परमिट नहीं है। यूनियन के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे 15 दिसंबर तक इन अपंजीकृत वाहनों को ऑफरोड करवा लें। इसके बाद, यदि कोई वाहन सड़क पर पाया गया, तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और चालक पर आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। नगर मजिस्ट्रेट ने यह भी कहा कि जिन ऑटो रिक्शा धारकों के पास परमिट हैं, वह केवल अपने निर्धारित क्षेत्र, यानी 16 किलोमीटर सीमा तक ही परिचालन कर सकते हैं। इसके साथ ही, रिक्शा चालक को निर्धारित सवारी मानक के अनुसार ही यात्रियों को बैठाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर से एक व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें निर्देशों का पालन न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कदम से शहर में जाम की समस्या को सुलझाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह, एआरटीओ राजेश कुमार, टीएसआई वीर बहादुर सिंह, ऑटो यूनियन से सुधीर कुमार पाण्डेय, ई रिक्शा यूनियन से रवि वर्मा, खलील अहमद, मुनेश कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जीवात्मा का एक ही धर्म है, भगवद शरणागति : मनुपुत्र दास

- हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा प्रदर्शनी पंडाल

इटावा, समृद्धि न्यूज।

महोत्सव पंडाल में गुरुवार की देर शाम श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में भव्य व दिव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। सर्द हवाओं के बीच देर रात तक श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन व भजनों पर झूमते रहे। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। महोत्सव पंडाल में व्रजधाम सा नजारा दिखाई दिया।

कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र सक्सेना के संयोजन में हुये हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ सदर बिधायक सरिता भदौरिया व उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के पूर्व सदस्य व रंगमंच कलाकार रहे और अब अध्यात्म साधक विशाल कपूर, जिन्होंने जगद्गुरु श्री राम भद्राचार्य जी से हरिनाम की दीक्षा भी ली है, ने युगल सरकार भगवान गौर निताई व महाप्रभु भगवान जगन्नाथ का पूजन अर्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास ने पंडाल में मौजूद हजारों भक्तों को हरिनाम व राधानाम संकीर्तन कराया और अपने आध्यात्मिक संदेश में कहा कि पृथ्वी लोक में अनंत जन्मों के बाद मनुष्य जन्म मिलता है और मनुष्य जन्म मिलने का एक ही उद्देश्य है, भगवत्प्राप्ति करना, जो भगवान की शरणागति से मिलती है। इसलिए जीवात्मा का एक ही धर्म है, भगवान के शरणागत हो जाना। लेकिन मन बुद्धि और अहंकार इसमें बाधक बनते हैं। इनसे बचने का उपाय है, किसी साधु संत का आश्रय ले और सतत हरिनाम संकीर्तन करे। कहा भी है, बड़े भाग मानुष तन पावा। सुर दुर्लभ सदग्रंथन गावा। और, कलियुग केवल हरिगुन गाहा। सुमिरत नर पावहिं भव थाहा। उसके बाद संकीर्तन में श्रद्धालु इस कदर डूबे रहे कि वह अपने को थिरकने से न रोक सके। पंडित मनुपुत्र दास ने भक्ति गीतों की स्वर लहरियों के बीच भगवान का विभिन्न प्रकार के पुष्पों से पुष्पाभिषेक भी किया।

किशोर न्यायबोर्ड पदाधिकारियों ने किया कारागार का निरीक्षण

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड अमित कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत किशोर बैरक का जायजा लिया गया, किशोर बैरक में निरुद्ध बंदियों के केस के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा जिन बन्दियों के पास पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों, उन्हें सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत कारागार के सर्किल में स्थित पाकशाला का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के लिए तैयार किये जा रहे भोजन को चेक किया गया।इस दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं सफाई व्यवस्था ठीक पाई गयी। इसके बाद प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्यायबोर्ड श्री यादव, सदस्य राघवेन्द्र अवस्थी तथा विधि सह परिवीक्षा अधिकारी समेकित बाल संरक्षण कार्यालय शिवाकांत शुक्ला द्वारा कारागार में निरुद्ध गरीब एवं निर्धन बन्दियों को ठंड से बचाव हेतु वस्त्र वितरित किया गया। निरीक्षण एवं वस्त्र वितरण के दौरान वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल सुरेश बहादुर सिंह एवं उप कारापाल श्री नीरज कुमार दुबे उपस्थित रहे।

मेडिकल एसेसमेंट कैंप में दिव्यांगों को बांटी गई किट

प्रमाण पत्र के लिए 42 बच्चों को किया गया चयनित

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

दिव्यांग छात्र को किट भेंट करते सीडीओ व बीएसए।

नगर के जीटी रोड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक तालग्राम व छिबरामऊ के परिषदीय विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। कैंप का उदघाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने किया। बीएसए ने दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग नहीं बल्कि एक अद्भुत प्रतिभा का धनी होना बताया।

शुक्रवार को आयोजित मेडिकल एसेसमेंट कैंप में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने ब्लाक तालग्राम के 04 गंभीर रूप से बहु दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड किट, 06 दृष्टि वाधित दिव्यांग बच्चों को ब्रेल किट व ब्रेल बुक प्रदान की। लर्निंग किट पाकर सभी दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिल उठे। कैंप में 67 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 42 दिव्यांग बच्चे प्रमाण पत्र हेतु चयनित किए गए। 10 बच्चे रेफर व 15 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु अमान्य घोषित किया गया। जिला समन्वयक विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि कैंप में खंड विकास अधिकारी तालग्राम मनोज गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, नोडल अधिकारी सुरेन्द्र चौधरी, देवेश वर्मा, रमाकांत सिंहा, अक्षत शुक्ला, पूजा कटियार, सुरेन्द्र सिंह, डॉ. मोनिका सचान, डॉ. प्रमोद, अर्जुन सारन, प्रधानाध्यापक सतीश चन्द्र आदि सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ससुरालियों ने विवाहिता से की मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में पचास हज़ार रुपए की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासिनी अफ़साना बेगम पत्नी चांदबाबू ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि एक वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। तभी से उसके ससुरालीजन उससे अतिरिक्त दहेज में पचास हज़ार रुपए की मांग करने लगें। जब पीड़िता ने गरीबी का हवाला दिया। तो उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। साथ ही उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

तत्काल करें लम्बित प्रकरणों का निस्तारण : डीएम

जिलाधिकारी ने जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए, दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, फार्मर रजिस्ट्री, इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर आदि के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सदर तहसील में 353, छिबरामऊ में 1041 तथा तिर्वा तहसील में 80 प्रकरण लेखपाल लॉगिन पर लम्बित है। उन लम्बित प्रकरणों का निस्तारण तत्काल करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होने तहसीलदार तिर्वा को इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर हेतु हो रहे बैनामों के कार्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। कहा कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें। जिलाधिकारी ने सरदामई, गढ़िया पाह, हाथिन, हरबल्लभपुर, कटिघरा के अभिलेख बनाए जाने की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि कार्य में गति लाकर कार्य को पूर्ण करें। किसी कार्य को पेंडिंग न रखा जाए। समस्त लेखपाल और कानूनगो अपने कार्यों के प्रति शिथिलता न बरतें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह, चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।

पुलिस लाइन में परेड का आयोजन, कर्मियों ने लगाई दौड़

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

एसपी की मौजूदगी में दौड़ लगाते पुलिसकर्मी

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई।

परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। सभी अधिकारी/ कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया तथा प्रभारी

शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई दौड़

यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें। पीआरवीकर्मी अपने- अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान जीडी कार्यालय, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा, कन्ट्रोल रूम, आर ओ आई पी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम यूपी 112 आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए।

अभियान चलाकर चार बच्चों को कराया श्रम मुक्त

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एंव मिशन शक्ति - फेज 05 व नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी ए.एच.टी.यू. के कुशल निर्देशन में निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय ए.एच.टी.यू. टीम तथा अरविन्द्र सिंह नेगी श्रम प्रवर्तन अधिकारी छिबरामऊ टीम द्वारा कस्बा छिबरामऊ में बस स्टैण्ड, पूर्वी वाईपास, पश्चिमी वाईपास, होटल, ढाबो व मेडिकल स्टोर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत्ति एवं नशा मुक्त व मिशन शक्ति-फेज 05 ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत भिन्न- भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान 04 बच्चों को श्रम मुक्त कराया। और लोगो को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एंव नशा मुक्ति अभियान रोकने हेतु जागरुक किया।

पाक्सो एक्ट मामले में आरोपी को भेजा जेल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। पाक्सो एक्ट मामले में पंजीकृत मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने विकास कुशवाहा पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम औसेर के विरुद्ध थाना ठठिया पर पाक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कुलवीर सिह के नेतृत्व में पुलिस ने सम्बन्धित अभियुक्त विकाश कुशवाहा पुत्र राजकुमार को औसरे तिराहे के पास गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा।

कपड़ा व्यापारी ने लगाया चेक में हेरा-फेरी का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

कपड़ा व्यापारी से मिली चेक में हेरा-फेरी कर युवक ने भुगतान के लिए बैंक में लगा दिया। रकम अधिक होने के कारण भुगतान नहीं हो सका। इसकी जानकारी कपड़ा व्यापारी को हुई तो उसने चेक रूकवा दी। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। नगर के जीटी रोड निवासी आतीश चंद्र गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज करवाए गए मुकदमें में कहां है कि जनपद व थाना आगरा निवासी राजू पोद्दार व मनोज पोद्दार से अपनी दुकान के लिए कपड़ा खरीदा था। जिसका कुछ भुगतान नगद में किया और एक 10000 की चेक उनको दी। जिस चेक में उन्होंने हेरा फेरी कर उसको 8,10000 रुपये में बदल दिया। इस मामले की जानकारी जब पीड़ित दुकानदार को हुई तो उसने आरोपितों के विरुद्ध बैंक मैनेजर को एक लिखित शिकायती पत्र दिया और चेक को वहीं पर स्टॉप करवा दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। लेकिन उसे इंसाफ नहीं मिल सका। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबरें एक नजर में

एसपी ने होमगार्ड को किया सम्मानित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करने के क्रम में थाना तिर्वा पर कार्यरत होमगार्ड मुखराम सिंह को शस्त्र परीक्षण में उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए 500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया।

फीडर पर काम करने वाले कर्मचारियों को लगा करंट

छिबरामऊ, कन्नौज। फीडर नंबर तीन सिट डाउन लेकर फीडर नंबर चार पर काम करने से लगा करंट सेफाई के लिए किया गया रेफर घायल को सौसैया अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया राजेश बिजली लाइनमैन तीन नंबर फीडर पर काम कर रहा था चार नंबर फीडर पर शटडाउन ले लिया जिसमें राजेश बिजली का कारण लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सैया अस्पताल ले जाया गया जहां उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

हवाएं चलने से बड़ी गलन लोगों ने आग का लिया सहारा

समधन, समृद्धि न्यूज़। पिछले तीन दिनों से चल रही हवाओं के साथ पाहला गिरने से गलन बड़ गई लोगों ने आग का लिया सहारा दिन में धूप होते हुए भी हवाओं के चलने से गलन बनी रही शुक्रवार को हवाऐं चलने से पूरे दिन गलन बनी रही बच्चें व बुजुर्ग लोग हवाओं को बचाकर धूप में बैठें रहें कस्बा समधन में जगह-जगह लोग आग के सहारे बैठें रहें। धीरे-धीरे सर्दी अपने पूरे सबाब पर पहुंच रही है। जिसको देखते हुए समधन नगर के स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत टाउन कार्यालय के अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष आसमा बेगम से सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलवायें जाने की मांग उठाई गई है। वही सर्दी को देखते हुए रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर गर्म कपड़ों की जमकर खरीदारी शुरू हो गई है।

विद्यालय संचालक पर धमकी देने का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज। युवक ने विद्यालय संचालक व उसके पुत्र पर फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खांडेदेवर निवासी इरशाद अली पुत्र नईमुद्दीन अली ने बताया कि फ्तेहगढ़ रोड किनारे उसकी भूमि है। जिसमें आगे के हिस्से में वह फर्नीचर की दुकान किए है। जबकि पीछे भूमि पर अंडर ग्राउंड गोदाम बनवाने के लिए मिट्टी निकलवा कर कार्य शुरू कराया। तो स्कूल संचालक व उसके पुत्र ने दुकान पर आकर अभद्रता की और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। आरोप है कि पड़ोसी उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विद्यालय संचालक ने झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

कन्नौज/गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव खंडेदेवर निवासी इरशाद अली पुत्र नईमुद्दीन अली ने कोतवाली पहुंचकर दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि फतेहगढ़ की ओर जाने वाले मार्ग पर प्रार्थी की भूमि है। जिसमें आगे हिस्से पर प्राथी फर्नीचर की दुकान किए हुए है। पीछे उसकी भूमि खाली पड़ी हुई है। पड़ोस में आकाश एजुकेशन विद्यालय है, जिसके संचालक राकेश कटियार और उसके पुत्र आकाश कटियार के द्वारा लगातार प्रार्थी की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ माह पूर्व विद्यालय संचालक और उसके पुत्र द्वारा हमारी जमीन पर कब्जा करने की नियत से खेत के समीप से निकली सरकारी नाली पर जबरन कब्जा कर उसमें गेट लगाकर जमीन पर कब्जा संचालक

पीड़ित ने पुलिस से की लिखित शिकायत

व उसके पुत्र ने कर लिया। जिसका हमने विरोध किया। प्रार्थी गरीब व मजदूर व्यक्ति है। अपनी पीछे खेत की भूमि पर अंडर ग्राउंड गोदाम बनवाने के लिए खेत की मिट्टी निकलवाकर कार्य आरंभ किया, तभी संचालक और उसके पुत्र दुकान पर अपने चार अज्ञात साथियों के साथ आए और उसे समय मैं दुकान पर मौजूद नहीं था। कर्मचारी ओमकार जाटव को धमकी देते हुए कहा तेरे मालिक को किसी मुकदमे में फंसा दूंगा बो बिल्कुल ठीक हो जाएगा। जब कर्मचारी ने विरोध किया तो उसके साथ जाति सूचक गाली-गलौज किया। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

विधवा ने लगाया दुष्कर्म कर दूसरी शादी का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

विधवा ने कोतवाली में दी तहरीर, महिला हुई गर्भवती, दिया पुत्र को जन्म

शादी का झांसा देकर युवक ने विधवा महिला से 03 वर्ष तक दुष्कर्म किया। इस दौरान विधवा गर्भवती हो गई और 01 वर्ष पूर्व उसने एक पुत्र को जन्म दिया था। इसके बाद कुछ दिनों पूर्व ही युवक ने दूसरा विवाह कर लिया। यह जानकारी जब पीड़िता को हुई तो उसने युवक के घर जाकर हंगामा काट दिया। साथ ही कोतवाली पुलिस को आरोपित युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र की समधन चौकी निवासी विधवा महिला ने बताया कि उसके पति का निधन 08 वर्ष पूर्व हो गया था। पहले पति से हमारे एक पुत्री है। लगभग 03 वर्ष पूर्व पड़ोस का एक युवक उससे हमदर्दी रखने लगा। धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ने पर उसने शादी का प्रस्ताव रखा। पीड़ित महिला ने बताया कि पति का साया उठने के बाद अन्य परिजनों से उसका कोई संपर्क नहीं था। अकेलेपन से बचने के कारण उसने युवक से शादी करने के लिए हामी भर दी। जिसके बाद युवक उससे शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद वह गर्भवती हो गई और लगभग एक वर्ष पूर्व उसने एक पुत्र को जन्म दिया। पीड़ित विधवा महिला ने बताया कि युवक लगातार शादी का झांसा देकर 03 वर्ष तक दुष्कर्म करता रहा और कुछ दिनों पूर्व ही उसने एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया।

जब इस बात की जानकारी उसे हुई तो उसने युवक के घर जाकर हंगामा काट दिया और कोतवाली पुलिस को आरोपित युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे का कहना है कि इस प्रकरण में पुलिस पूरी तहकीकात करेगी और आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को सात साल की सजा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुये न्यायालय में 07 वर्ष के कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियुक्त द्वारा संगठित गिरोह बनाकर समाज में भय व आतंक का माहौल बनाना व आर्थिक तथा भौतिक लाभ अर्जित करने के सम्बन्ध में थाना इन्दरगढ़ पर गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया।

5000 रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय एडीजे 5 द्वारा अभियुक्त अमजद पुत्र जौहरी निवासी उस्मानपुर थाना विशुनगढ़ को 07 वर्ष का कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कर जेल भेजा गया।

जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को भेजा जेल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने बाले आरोपियों को 3 वर्ष 06 माह का साश्रम कारावास और 6000 रुपए के जुर्माने के साथ जेल भेजा गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने गलौज करके तथा जान से मारने की नियत से सीने में वार करने के सम्बन्ध में थाना विशुनगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को दोषी पाते हुए पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय एडीजे एफटीसी 2 द्वारा प्रत्येक अभियुक्त प्रताप सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी खरौली, मनोज पुत्र हवलदार सिंह, संजीव पुत्र हवलदार सिंह निवासी खरौली थाना विशुनगढ़ को 03 वर्ष 06 माह का साधारण कारावास व 6000- 6000 रुपये जुर्माना लगाया।

पति को लेकर दो पत्नियों में विवाद, चले लाठी-डंडे, दो घायल

कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।

पति को लेकर दोनों पत्नियों में विवाद हो गया। देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने शुरु हो गये। इस दौरान एक महिला का भाई गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गयी।

घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया तथा आरोपी को हिरासत मे ले लिया गया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के क्षेत्र महरुपुर रावी निवासी आकाश जो कि पहले से ही शादीशुदा है। उसके एक बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि हाल में ही उसने एक प्रीती नाम की महिला से पहली पत्नी के होते हुए शादीकर ली। शुक्रवार को इसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते लाठी-डंडेच लने लगे। इस दौरान प्रीती का भाई सतीश गम्भीर रुप से घायल हो गया। सतीश का आरोप है कि आकाश ने उसे छत से फेंक दिया। वहीं पहली पत्नी का कहना है कि आकाश मेरा पति है और प्रीती नाम की महिला भी अपने आपको उसकी पत्नी बता रही है। वह अपने भाई सतीश के साथ यहां रहने आ गयी और झगड़ा कर दिया। पुलिस मेरे पति आकाश को पकड़कर ले गयी है। वहीं पुलिस के सामने भी लोग डंडे चलाते नजर आये।

मिट्टी खनन रोकने में प्रशासन विफल

क्षेत्र में हो रहा मिट्टी खनन

कमालगंज, समृद्धि न्यूज़। अवैध मिट्टी का खनन जनपद में रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी खनन माफिया रात की बात छोड़ो, दिन में खनन करते दिखायी दे रहे हैं और बड़े आराम से ट्राली लेकर थाने के सामने से गुजरते हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम श्रंगीरामपुर में सुबह सुबह व शाम मिट्टी का खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि जिलाधिकारी कई बार बैठकों में कह चुके हैं कि मिट्टी खनन पर पूरी तरह से लगाम लगायी जाये, लेकिन अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलन्द हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पुलिस की मिलीभगत से मिट्टी का अवैध खनन होता है। ग्रामीण 100 घनमीटर की परमीशन लेकर हजारों घन मीटर मिट्टी का खनन करते हैं। लोगों का कहना है कि खनन माफियाओं की जड़ें ऊपर तक हैं। जिससे इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है।

एक मुस्त समाधान योजना के तहत जमा करें बकाया बिल: एसडीओ

बकाया विधुत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई रैली

समधन, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार की ओर बिजली उपभोक्ताओं के लिये एक मुस्त समाधान योजना के तहत अपना बकाया बिल को जमा करके योजना का लाभ लेने की अपील एसडीओ ने की है।

क्षेत्र के मलिकपुर में गुरुवार को रामाश्रम विधुत उपकेन्द्र के अवर अभियंता रामकुमार के नेतृत्व में लाइनमैनो ने एक बिजली बकाया उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये रैली निकालकर शासन की ओर से एक मुस्त समाधान योजना के तहत अपना बकाया बिल के ब्याज में शत प्रतिशत छूट का लाभ लेने के लिये जागरूक किया गया सिकंदरपुर एसडीओ अगस्त मौर्य ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये क्षेत्र के सभी गांवों में अवर अभियंता रामकुमार के नेतृत्व में बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं को जागरूक करने का काम किया जायेगा जिससे अधिक से अधिक बकाया बिल उपभोक्ताओं को एक मुस्त समाधान योजना जो 15 दिसम्बर से शुरू हो रही है उसका लाभ मिल सके। इस दौरान लाइनमैन शीश कुमार, लक्ष्मन राजपूत, रामशंकर राजपूत, ओमनरायन, योगेन्द्र कठेरिया, दीपू ठाकुर, रोहित कुमार, उमेश कुमार, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

जुमे की नमाज़ को मस्जिदों में तैनात रही पुलिस

कोतवाली प्रभारी ने की शांति व सौहार्द कायम रखने की अपील

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जुमे की नमाज़ को लेकर कोतवाली पुलिस पहले से ही अलर्ट मोड़ पर रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस प्रशाशन ने जुमे की नमाज़ को सकुशल संपन्न करवाया। साथ ही कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने बताया कि जुम्मे की नमाज़ को लेकर के पुलिस की टीमें अलर्ट मोड़ है। पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियो की ड्यूटी लगाई गई और बराबर ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की गई हैं। सोशल मीडिया पर भी हम लोग निगरानी रख रहे है। पूरे कोतवाली क्षेत्र में कही भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही है। शुक्रवार को सकुशल जुम्मे की नमाज़ सम्पन्न करवायी गई। जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। नमाज के दौरान शहर के मुख्य चोराहे, तिराहे पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। नमाज पूरी होने तक पुलिस की टीमें कोतवाली क्षेत्र में भ्रमणशील रही। नमाज होने के बाद लोग शांतिपूर्वक तरीके से अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर लौट गए।

सब्सिडी पर सरकारी यंत्र खरीदें किसान : एडीओ

समधन, समृद्धि न्यूज़।

किसान पाठशाला में जानकारी देते एडीओ कृषि राजीव कुमार राजपूत

किसानों को कृषि सम्बन्धी जानकारी देते हुऐ एडीओ ने बताया कि सरकार कृषि यन्त्रों गेहूं आदि बीजों को सब्सिडी पर दे रही है उन्होंने आगे कहा कि किसान उन्नतिशील प्रमाणित बीजों का प्रयोग करके अपनी फसल में अच्छी पैदावार करके लाभ ले सकते हैं।

मलिकपुर स्थित पंचायत सभागार में गुरुवार को एक किसान गोष्ठी पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें तालग्राम विकास खण्ड के एडीओ कृषि राजीव कुमार राजपूत ने किसानों को बताया कि फसल बोआई से पहले मृदा परीक्षण जरुर करायें जिससे यह पता चल सके कि हमारे खेत की मिटटी में कौन से तत्व की कमी है उस तत्व की कमी की पूर्ति के लिये खादों का प्रयोग करें साथ ही फसल चक्र जरुर अपनाये एक फसल की बोआई बार बार न करें क्योंकि इससे उत्पादन घटता है और रासायनिक खादों की जगह जैविक खाद का प्रयोग अधिक करने पर बल दिया आगे उन्होंने प्रमाणित बीजों की बोआई करने की सलाह दी एडीओ ने कहा कि सरकार किसानों के उत्थान व विकास के लिये सरकारी यन्त्रो व गेहूं का बीज सब्सिडी पर मुहैया कराने का काम कर रही है। इस अवसर पर डॉक्टर विजय कुमार, हीरालाल दिवाकर, अर्पित कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह, सुभाष चन्द्र, मुदस्सिर शेख, रिफाकत अली, जगत सिंह ,पुष्पेंद्र कुमार, विपिन कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

योग एवं मेडिटेशन से निरोगी काया प्राप्त करें: डॉ. अमित सक्सेना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज में हो रहे पीजी ओरिएन्टेशन एवं बीएएमएस ट्रांजिशनल कार्यक्रम के ग्यारहवें दिन डॉ. विघ्नेश्वर मिश्रा ने छात्र/छात्राओं को बच्चों के सम्पूर्ण विकास में माता पिता दोनों का संतुलित सहयोग आवश्यक है ऐसा बताया। उन्होनें छात्र/छात्राआ को जंक फूड से होने वाली बीमारियों को बताते हुए उनसे दूर रहने को कहा।

उन्होनें छात्रों को पर्याप्त नींद लेने और मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। इसके बाद ''वदतू संस्कृत'' कार्यक्रम में डॉ. अरिमर्दन सिंह ने भाषा का ज्ञान दिया। ''नो योर कैम्पस'' के तहत छात्र/छात्राओं को द्रव्यगुण विभाग और स्वस्थ्यवृत्त विभाग का

कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक व कॉलेज स्टाफ आदि

भ्रमण किया और वहां के म्यूजियम लैब एवं योग कक्ष का अवलोकन किया। विभाग का भ्रमण डॉ. सुहेबा और डॉ. अरूण कुमार पाण्डये ने करवाया। पी.जी. छात्र/छात्राओं को डॉ. शिव ओम दीक्षित ने ''एन्टरप्योनोर रिसर्च'' कार्यक्रम के अनुसार उनका ज्ञानवर्धन किया कि वो अपनी शिक्षा और ज्ञान से व्यवसाय भी शुरू कर सकते है और भविष्य में आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण एवं देख-रेख कर उसको अपने व्यवसाय के रूप में भी विकसित कर सकते है। अन्त में ''योग एवं मेडिटेशन''कार्यक्रम में मिस्टर अमित सक्सेना ने छात्र/छात्राओं को योग एवं ध्यान के लाभ बताये। उन्होंने कहा छात्र/छात्राओं को अपने जीवन में योग को जरूर अपनाना चाहिये जिससे वह अपने भविश्य को सुधार का अपना जीवन सुखमय एवं निरोगी रख सकते है। कार्यक्रम में डॉ. शीलू, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरूण कुमार पाण्डये, डॉ. सुहेबा आदि उस्थित रहे।

वृद्ध समेत दो की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज,समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव च्योलारा निवासी सोहनलाल उम्र 75 वर्षीय पुत्र हीरालाल की सर्दी में हालत बिगड़ गयी। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक जितेंद्र सिंह ने सोहनलाल को मृत घोषितकर दिया। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव रुदैन निवासी रतन सिंह उम्र 45 वर्षीय पुत्र चेतराम की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रतनसिंह को भी मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते दोनो के परिजनो मे कोहराम मच गया।

कस्तूरबा विद्यालय में रसोइयों में हुआ विवाद, सिर फोड़ा

- डीसी बालिका शिक्षा ने बताया कि मामले के बीओ से जाँच रिपोर्ट मांगी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

घायल रसोइया

स्कूल में किसी बात को लेकर रसोइयों में विवाद हो गया। जिससे एक रसोइया ने दूसरे का सिर फोड़ दिया। घटना की सूचना बीओ को दी गयी है। विकास खंड कमालगंज के ग्राम बीबीपुर स्थित कस्तूरबा विद्यालय में माहिन बेगम निवासी राजेपुर सराय मेंदा व कमलेश कुमारी रसोईया के पद पर तैनात है। शुक्रवार को दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि माहिन बेगम ने कमलेश कुमारी के सिर में चिमटा मार दिया। जिससे उसके सिर से खून आ गया। दोनों पक्ष बीएसए कार्यालय पहुंचे। जहाँ अधिकारियों के सामने अपना-अपना पक्ष रखा। डीसी बालिका शिक्षा नागेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले के बीओ से जाँच रिपोर्ट मांगी गयी है।

ईओ ने रैन बसेरे का निरीक्षण कर दिये निर्देश

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कायमगंज शीत लहर व गलन भरी ठन्ड को देखते हुए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वने रैन बसेरे का अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने देर रात्रि ठन्ड में औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी बेसहाय, गरीब एवं राहगीरों और फुटपाथ पर निवास करने वाले असहाय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी व असुविधा न हो। अधिशासी अधिकारी ने इस दौरान नगर में मोटी जड़ गांठ वाली लकड़ी के अलाव जलाये गये। उन्होंने अलावों का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान रजाई, गद्दा, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था

सर्दी में अलाव तापते लोग

व अन्य मूलभूत सुविधाए उपलब्ध पायीं। रैन बसेरा में नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी ने पर्याप्त मात्रा में भोजन तथा साफ -सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजे के साथ आये तीमारदारों से रैन बसेरे में विश्राम करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, बड़े बाबू रामभुवन यादव, सफाई नायक विजेन्द्र, रवि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त के दौरे को लेकर सरकारी अमला सतर्क

- अपर जिलाधिकारी ने ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण दिये दिशा निर्देश

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

खंड विकास परिसर कमालगंज में मंडलायुक्त के दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिसको लेकर शुक्रवार सुबह जिले के आला अधिकारी अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी सहित पूरा सरकारी हमला मंडलायुक्त के आने को लेकर अलर्ट दिख रहा है। जिसको लेकर साफ-सफाई का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। शुक्रवार

निरीक्षण करते एडीएम व मौजूद बीडीओ आदि

सुबह 9.30 बजे लगभग खंड विकास परिसर में एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति तथा एसडीएम संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, तहसीलदार श्रद्धा पांडे सहित सभी जिले के आला अधिकारी खंड विकास परिषद में पहुंचे और वहां साफ -सफाई की व्यवस्था देखी ब्लॉक प्रमुख कच्छ में मकड़ी का जाला नजर आया तथा ब्लॉक परिसर में सफाई भी नहीं हुई थी।

जिसको लेकर खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद शर्मा को साफ-सफाई संबंधित निर्देश दिये। इसके बाद ब्लैक कमालगंज के ग्राम मोहनपुर दिनारपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय मोहनपुर का निरीक्षण किया। जहां पर गंदगी का अंबार दिखा। वहां पर भी ग्राम प्रधान और सचिव को साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति ने प्राइमरी स्कूल के कुछ बच्चों से सवाल जवाब किया, लेकिन बच्चों के नाम बताने पर फिर उनको ब्लैक बोर्ड के आगे खड़ा होकर खुद ही समझाया। इसके बाद वह ग्राम पंचायत भरतामऊ के लिए निकल गए। वहां भी मंडलायुक्त का प्रोग्राम होना है। बताते चले सोमवार को कानपुर मंडलायुक्त का खंड विकास परिषद कमालगंज में प्रोग्राम है जिसको लेकर सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। खंड विकास अधिकारी ने सभी सचिवों को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी सचिवगण सोमवार को मौजूद रहेंगे तथा जिसके क्षेत्र में गंदगी पाई जाती है वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा। इसके लिए सभी सचिव अपने-अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें।

भांजी के साथ छेड़छाड़ करने में मामा फंसे

संकिसा, समृद्धि न्यूज।

- आरोपित मामा एक विद्यालय में हैं शिक्षक
- छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज कराया मुकदमा

थाना मेरापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी मामा ने अपनी भांजी के साथ छेड़छाड़ किए जाने के मामले में पड़ोसी जनपद मैनपुरी करहल चौराहा निवासी अपने मौसेरे भाई आलोक यादव पुत्र देवेंद्र सिंह के विरुद्ध छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार मामा ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि 11 दिसम्बर को मैं एक शादी समारोह में कन्नौज गया हुआ था। मेरी 14 वर्षीय भांजी घर पर अकेली थी। इसी दिन शाम 5 बजे मेरी मौसी का पुत्र आलोक यादव मेरे घर आया और मेरी भांजी को घर पर अकेला पाकर उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। भांजी के चीखने चिल्लाने पर आलोक मौके से भाग गया।

आलोक यादव एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक पद पर कार्यरत है। पीड़ित किशोरी एक विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है। मेरापुर पुलिस ने मामा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा रवि सोलंकी के सुपुर्द कर दी।

बाइक सवार बदमाशों ने युवक से तमंचे के बल पर लूटी बाइक व नकदी

- सीमा विवाद में घंटों उलझी रही तीन थानों की पुलिस, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

कम्पिल, समृद्धि न्यूज।

बाइक सवार बदमाशों ने युवक का पीछा कर तमंचे के बल पर मारपीट कर नगदी व बाइक लूट ली। सूचना पर पहुंची तीन थानों की पुलिस सीमा विवाद में चार घंटे उलझी रही। सुनवाई न होने पर पीड़ित युवक सड़क पर बैठ गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव गढ़िया जगन्नाथ निवासी हितेंद्र सिंह की जनपद एटा की अलीगंज तहसील में किराने की दुकान है। गुरुवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर वापस जा रहे थे। कंपिल अलीगंज मार्ग पर बाइक सवार तीन बदमाश हितेंद्र का पीछा करने लगे। क्षेत्र के गाँव करनपुर के पास ब्रेकर पर हितेंद्र की बाइक धीमी होते ही बदमाशों ने हितेंद्र की बाइक मे लात मार कर गिरा दिया और तमंचे के बल पर मारपीट कर हितेंद्र को घायल कर दिया। तीनों बदमाश युवक से दुकानदारी के 27 हजार रूपये, जरूरी कागजात, दुकान की चाबी व बाइक लूटकर अलीगंज की तरफभाग गये। ग्रामीणों के फोन से हितेंद्र ने मामले की सूचना स्वजनों को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना

जांच पड़ताल करती पुलिस

112 पुलिस को दी। मौके पर पहुँचे अलीगंज सीओ सुधांशु शेखर, एसओ रामपुर पुलिस, कंपिल एसओ विश्वनाथ आर्या, सीओ जयसिंह परिहार ने जांच पड़ताल की। तीनो थानों की पुलिस सीमा विवाद मे उलझी रही। सुनवाई न होने पर हितेंद्र सड़क पर ही बैठ गया। मामला कंपिल थाने का निकला। हितेंद्र ने रात में ही पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच की बात कहकर हितेंद्र को घर भेज दिया।

शुक्रवार परिजनों के साथ थाने पहुँचे हितेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर एसओ विश्वनाथ आर्या को जांच सौंप दी है। शुक्रवार सुबह अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ जय सिंह परिहार, एसओ विश्वनाथ आर्या, अलीगंज सीओ सुधांशु शेखर, रामपुर थाने के एसओ रुपेश वर्मा सहित तीन थानों की पुलिस ने शुक्रवार दोपहर घटनास्थल का निरिक्षण किया। पीड़ित हितेंद्र से घटना की जानकारी ली। एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी व सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार ने खेतों में साक्ष्य जुटाये।

मगर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने तहरीर देने आये एक ग्रामीण के साथ घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जनपद की सीमा पर रोड पर अन्य जगह भी फुटेज खंगाले। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसओ विश्व नाथ आर्या ने बताया मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। खुलासे के लिए टीम बना दी गयी है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

सजा काट रहे कैदी की हालत बिगड़ी, मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद कानपुर देहात के थाना अकबरपुर रनिया क्षेत्र के ग्राम रायपुर कुकहट निवासी वृद्ध देवसिंह पुत्र स्व0 जसवंत सिंह उम्र 70 वर्ष को सन 2015 में इलाहाबाद हाईकोर्ट से 302 आई.पी.सी. के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2017 में केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में वृद्ध को दाखिल किया गया था। गुरुवार शुक्रवार की रात वृद्ध की हालत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। जहां वृद्ध कैदी की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने वृद्ध कैदी के शव को मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना भेज दी। सूचना के बाद जिला अस्पताल लोहिया पहुंची पुलिस ने शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे मृतक मृत कैदी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कैदी के पुत्र सत्येंद्र सिंह ने जेल के डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया की जेल के डॉक्टर की लापरवाही से पिता के शरीर में इंफेक्शन फैल गया। जिससे उनकी मौत हो गई है और कहा कि जेल प्रशासन ने पूर्व में पिता के बीमार होने की मुझे कोई सूचना नहीं दी। आज सुबह करीब 7.00 बजे फोन कर पिता की मौत की सूचना दी है।

मां विषारी देवी का लगा बोर्ड हटाए जाने से सनातनियों में रोष

संकिसा, समृद्धि न्यूज। संकिसा निवासी आशुतोष दीक्षित ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मां विषारी देवी मंदिर के पास 7 दिसम्बर को समय करीब 11 बजे पर्यटन विभाग द्वारा एक बोर्ड लगाया गया था। जिस पर अंकित था मां विषारी देवी मंदिर देर शाम उसी बोर्ड को जो अधिकारी व कर्मचारी लगाने आए थे उन्हीं के द्वारा उखाड़ लिया गया।जब विषारी देवी मंदिर के पुजारी कुलदीप गिरी ने इस बात का विरोध किया तो उपरोक्त अधिकारीगणों ने उन्हें बताया कि इस बोर्ड को बाउण्ड्री के अन्दर लगाएंगे लेकिन बोर्ड को अन्दर नहीं लगाया बोर्ड को निजी वाहन में लादकर अपने साथ ले गए। हम सनातनियों को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बोर्ड उखाड़ लिए जाने से मां विषारी देवी का अपमान हुआ है। जबकि नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर में पर्यटन विभाग द्वारा लगाए गए बोर्ड सुरक्षित है। यह बोर्ड किसी राजनीतिक दल के इशारे पर उखड़वाया गया है। जिलाधिकारी से उखाड़े गए बोर्ड को विषारी देवी मंदिर के गेट के पास लगवाए जाने की मांग की। शिकायत के बाद सदर एसडीएम रजनीकांत पांडे ने मौका मुआयना किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पद को लेकर कार्यकर्ताओं ने किए आवेदन

- छः बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए ठोंका दावा

अमृतपुर,समृद्धि न्यूज।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देश पर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए कायमगंज से चुनाव पर्यवेक्षक रश्मि दुबे लीलापुर पंचायत घर पहुंचीं। जहां भाजपा कार्यकर्ता उदय प्रताप सिंह उर्फ रिंकू ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मीटिंग शुरू हुई।

मीटिंग के दौरान बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर यह विशेष जिम्मेदारी का चुनाव होगा। जिसको लेकर आज यहां बैठक की गई है। बैठक के दौरान 6 कार्यकर्ताओं ने दावा ठोंका। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता अर्चना सिंह, विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू, नीरज अवस्थी, विवेक राठौर, विभवेश राठौर, संदीप तिवारी, शिव कुमार सिंह चौहान ने आवेदन किया। मीटिंग समाप्त होने पर कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए तथा कार्यकर्ताओं ने चुनाव से पहले ही मंडल अध्यक्ष को दिशा दे दी है। जिसमें बताया जा रहा है कि दो प्रबल दावेदार हैं। ऊंट कि करवट बैठेगा यब अभी तक नहीं सकते। मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर क्षेत्र के भाजपा नेताओं में सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव पर्यवेक्षक भी कार्यकर्ताओं का सम्मान व जोश देखकर गदगद दिखे। कहा की कार्यकर्ताओं की ही बदौलत से भाजपा आज आगे बढ़ रही है। जल्द ही यह आवेदन रिपोर्ट मंडल के नेताओं को सौंपेंगे। उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष का चयन निष्पक्ष होगा। वहीं मौके पर कुछ जनप्रतिनिधि बिना बुलाए पहुंच गए। माहौल गर्म होता देख मौके से खिसक गए।

चुनाव पर्यवेक्षक को आवेदन सौंपते भाजपाई

कार्यकर्ताओं में मौके पर मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह, प्रधान प्रतिनिधि उदय प्रताप उर्फ रिंकू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, आलोक बाजपेई, जितेंद्र सिंह, राजपाल कुशवाहा, रवेश पांडे, आर्यन अवस्थी आदि कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

हत्या के मामले में युवक पर दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 17 को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हत्या के मामले में अपर जिला जज कक्ष 5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने लालू उर्फ देवेंद्र पुत्र रामफल गंगवार निवासी नगला दमू थाना नबाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 17 दिसंबर की तिथि नियत की गयी है।

बीते लगभग 23 पूर्व थाना नबाबगंज निवासी ह्रदेश पुत्र स्व0 नन्हें लाल गुप्ता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 04 मार्च 2001 को मेरी माँ विमला देवी ग्राम नगला दमू निवासी पप्पू उर्फ इंद्रेश पुत्र रामफल गंगवार के यहाँ दिए गए 40 हजार रुपये लेने के लिए शाम को चार बजे गयी हुई थी, लेकिन घर वापस न आने पर शाम छः बजे मैं व मेरे मामा सर्वेश मां को देखने के लिए नबाबगंज से नगला दमू के रास्ते बरतल के आगे तलैया के पास पहुंचे, तो देखा कि मेरी मां को पप्पू व उसका भाई लालू तमंचों से मार रहे थे। दोनों भाइयों को जब मैंने रोका, तो उन्होंने तमंचे से मेरी माँ के ऊपर फायर कर दिया। जिससे मेरी मां गिर गयीं। जब मैंने कहा कि यह क्या किया। इस पर पप्पू ने कहा इन दोनों को मार डालो। हम लोग डर की बजह से खेतों की ओर भागे। इन लोगों ने मेरा पीछा किया। हम लोग दूर जाकर गेहूं के खेत में छिप गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने लालू उर्फ देवेंद्र को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 17 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी। पप्पू उर्फ इंद्रेश की पत्रवाली पृथक है।

प्रशिक्षु चिकित्सकों ने किया प्रकृति परीक्षण

ग्रामीणों का प्रकृति परीक्षण करते प्रशिक्षु चिकित्सक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत गांव परतापुर, गलवार में डॉ. विकास,डॉ. भारती, डॉ. पियूष के नेतृत्व में टीम ने 2020 बैच के छात्र-छात्राओं जिसमें अंकित मौर्या, तान्या, सौम्या आदि ने गांव के लोगों का शारीरिक परीक्षण कर उनकी प्रकृति सम्बन्धी सवाल पूछकर उनका प्रकृति परीक्षण किया। गांव अमेठी जदीद में डॉ. आनन्द बाजपेयी, डॉ. अरीब, डॉ. समर्पिता ने गांव वालों को दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के नियम बताकर स्वस्थ्य रहने के तरीके बताये तथा बैच 2023 के छात्र-छात्राओं गौरव, अदिति, श्वेता, चंदन आदि गांव वालों ने प्रकृति परीक्षण किया। डॉ. अरिमर्दन सिंह के नेतृत्व में के.डी. बालिका विद्यालय फर्रुखाबाद में 2021 बैच के छात्र-छात्राओं जिनमें साकेत, निशा, अशिता, नितिन, मोहित आदि ने विद्यालय एवं आसपास के लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन एवं रुपरेखा कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. शीलू गुप्ता एवं प्रकृति परीक्षण नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में हुआ।

स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे सफाई कर्मी

गांव की सफाई व्यवस्था की पोल खोलते ग्रामीण

गांव में नाली के गंदे पानी से जलमग्न गली

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

गाँव में स्वच्छ भारत मिशन का खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है। गाँव की सफाई के लिए जिम्मेदार सफाई कर्मी मननाने ढंग से काम करते हैं। गॉव-गॉव सफाई कर्मी तैनात किए गए है। गाँव की साफ-सफाई की जिम्मेदारी सफाईकर्मी की है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गाँव-गाँव सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अधिकतर कागजों में चल रहा है। जिसकी वानगी कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली मजरा प्रेमनगर गाँव में देखी जा सकती है। जहाँ काफी दिनों से सफाई कर्मी नहीं आया अगर आता है तो मनमाने ढंग से काम करता है। जिससे गाँव की नलियाँ गन्दगी से पटी हुई हैं। लोगों के घरों का गन्दा पानी रास्ते में जमा रहता है।गांव की महिला स्नेहलता ने आरोप लगाते हुए कहा सफाई कर्मचारी ने काफी दिनों से सफाई नहीं की। जिससे नालियों का पानी सड़कों पर वह रहा है। स्कूल पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राजपाल का कहना है सफाई कर्मचारी आते है, लेकिन ढंग से सफाई नहीं करते। इसकी वजह से गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है। वहीं गाँव के रमेश चन्द्र ने कहा गाँव में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सफाई कर्मचारियों से कूड़े का ढेर हटवाने को कहा, लेकिन अपनी मनमानी के चलते हम लोगों की एक भी नहीं सुनते।

प्रधानाचार्य परिषद ने संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर दिया धरना, सीएम को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद कानपुर मण्डल द्वारा एक दिवसीय धरने का आयोजन संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल कार्यालय पर किया गया। मुख्यमंत्री सम्बोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक को सौंपा। धरना के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक डॉ. अंगद सिंह, प्रदेश परामर्शदात्री समिति प्रमुख डॉ. वीरेन्द्र देव चतुर्वेदी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, प्रदेश महामंत्री संदीप चतुर्वेदी कुमार चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिरीश मिश्रा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्रदेश महामंत्री संदीप कुमार चतुर्वेदी ने मांग पत्र को पढ़कर सुनाया और मुख्यमंत्री सम्बोधित मांग पत्र संयुक्त शिक्षा निदेशक को

संयुक्त शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

सौंपा। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कुछ मांगों को तत्काल पूर्ण कराने का भी आश्वासन दिया। संदीप कुमार चतुर्वेदी ने सभी का आभार जताया। कुछ जनपदों के जिलाध्यक्षों को लेकर उनके जिले की समस्याओं हेतु संयुक्त शिक्षा निदेशक के साथ वार्ता की। जिस पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने लम्बित एरियर भुगतान, बोर्ड परीक्षा केंद्रों के विद्यालयों के पारिश्रमिक भुगतान, आउटसोर्सिंग से चयनित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मानदेय भुगतान आदि हेतु तत्काल संबंधित पटल सहायकों को उक्त समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मण्डलीय अध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा, मण्डलीय महामंत्री प्रेमनारायण सिंह राजपूत, मण्डलीय उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. हेमराज सिंह गौड़, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र अवस्थी, फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सुनील मिश्रा, डॉ. योगेन्द्र सिंह तोमर व अन्य जनपदों के जिलाध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे।

कर्दम ऋषि की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कथा का श्रवण कराते कथाव्यास दाताराम व मौजूद भक्तगण

गंगा नगर में चले रहे 19वें धार्मिक अनुष्ठान के तीसरे दिन की कथा में कथाव्यास आचार्य दाताराम अग्निहोत्री ने कर्दम ऋषि की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कर्दम ऋषि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे। ब्रह्मा जी ने उन्हें सृष्टि वृद्धि करने की आज्ञा दी। इसलिए संतान प्राप्ति के लिए कर्दम ऋषि ने कठोरतम तपस्या की।

जिससे भगवान विष्णु ने प्रसन्न होकर उन्हे मुन सतरुपा की पुत्र देवहूति से विवाह करने की आज्ञा दी। तो कर्दम ऋषि ने कहा कि मैं विवाह एक शर्त पर करूंगा जब देवहूति के संतान हो जायेगी, तभी मैं गृहस्थ छोड़कर वन चला जाऊंगा। मनु सतरुपा और देवहूति ने इस शर्त को स्वीकार किया और कर्दम ऋषि का विवाह देवहूति से हो गया। फिर उनके नौ कन्यायें हुई। इसके बाद कर्दम ऋषि ने सन्यास लेने की बात कही। तो देवहूति ने उन्हे याद दिलाया कि स्वामी आपने एक पुत्र होने के बाद सन्यास की बात कही थी। इस पर कर्दम ऋषि कन्याओं के विवाह व पुत्र प्राप्ती के चक्कर में पुनः गृहस्थ में उलझ गये। फिर उनके कपिल नामक पुत्र का जन्म हुआ। मानस वक्ता डॉ. रामबाबू पाठक ने भरत चरित की कथा सुनाई। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस अवसर पर अमित बाजपेयी, अवधेश पाण्डेय, विभोर सोमवंशी, निर्दोष शुक्ल, सर्वेश अवस्थी, ऋषि पाल सिंह, अखिलेश त्रिवेदी, अरविन्द चौहान, उमेश मिश्रा, मनोज अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

जीएसटी विभाग द्वारा जारी अव्यवहारिक आदेश को समाप्त करने की व्यापारियों ने उठायी मांग

अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

औद्योगिक इकाईयों के गेट पर जीएसटी विभाग द्वारा की जा रही निगरानी व जबरत मेन गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के दबाव से उत्पन्न समस्याओं के उत्पीड़न से त्रस्त उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री मांग पत्र जीएसटी के सहायक अधिकरी राय को सौंपा। भेजे गये मांग पत्र में दर्शाया कि जीएसटी विभाग द्वारा विगत दिनों पान मसाला इस्पात की औद्योगिक इकाई ने विभाग के कर्मचारियों द्वारा निगरानी करने का आदेश जारी किया गया है। इससे प्रदेश के राजस्व में कुछ वृद्धि हो सकती है, लेकिन लम्बे समय के लिए प्रदेश हित के लिए नहीं है। इसका विपरीत प्रभाव होगा, उद्योग अन्य प्रदेश के लिए पलायन करने के लिए मजबूर होगें। कर अराजकता के इस माहौल के कारण जीएसटी में नए रजिस्ट्रेशन कराने वाले भी हतोत्साहित होगें। इकाईया बंद होने के कारण यहां पर रोजगार की समस्या उत्पन्न होगी। पान मसाला व लोहे के साथ-साथ अन्य ट्रेड की बड़ी इकाई भी इसको लेकर के बहुत ही घबराई व गंभीर है। अन्य किसी दूसरे प्रदेश में भविष्य की योजनाओं को लेकर कार्य करने लगे हैं। इस अव्यवहारिक आदेश को तुरंत समाप्त किया जाये। जिससे एक राष्ट्र एक टैक्स की अवधारणा का पालन हो सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालू कनौजिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम आदि व्यापारी मौजूद रहे।

मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बाल संरक्षण की दी गई जानकारियां

- बच्चों को कम से कम मोबाइल का करने दे इस्तेमाल: अनिल चन्द्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते अनिल चन्द्रा

मोहम्मदाबाद विकास खण्ड के सभागार कक्ष में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन उप जिलाधिकारी/खंड विकास अधिकारी नितेश राज की अध्यक्षता में किया गया। उप जिलाधिकारी नितेश राज ने सभी से कहा कि जनपद की जन चौपालों में भी बच्चों से संबंधित योजनाओं एवं कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी दी जाए तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र के विद्यालयों में समय-समय पर पुलिस विभाग के साथ समन्वय बनाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराकर बच्चों को जानकारी दी जाए और सभी हेल्पलाइन नंबर बताए जाएं। उन्होंने बाल श्रमिकों को चिन्हित कर अभियान अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा ने वर्तमान में घटित हो रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को मोबाइल के अधिक प्रयोग से बचाएं, क्योंकि इससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और वह अनजान लिंक पर क्लिक भी कर देते हैं, जिससे वह साइबर अपराधियो के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित कराने के लिए कहा।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो अधिनियम, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), बालश्रम, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दत्तक ग्रहण, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 (1098), महिला हेल्पलाइन 181, इमरजेंसी नंबर112 आदि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माता पिता किसी भी दशा में अपने छोटे बच्चो को अकेला न छोड़ें। खंड चिकित्साधिकारी सोनी मिश्रा ने बच्चों के कुपोषित होने के कारणों पर जानकारी दी। कुपोषित बच्चों को एनआरसी वार्ड, जिला अस्पताल में भर्ती कराएं और बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूर कराएं। थाना ए.एच.टी. प्रभारी निरीक्षक हरिनंदन ओझा ने मानव तस्करी, बाल अपराध के विषय चर्चा कर बताया कि अपने बच्चों को प्रलोभन से बचाएं। इस अवसर पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी आशु कुमार, खण्ड शिक्षाधिकारी के प्रतिनिधि अश्वनी कुमार, कार्यकत्री रूबी सिंह, ब्लॉक समन्वयक विवेक यादव आदि उपस्थित रहे।

नित्या सिंह को मिलेगा उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा पुरस्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नित्या सिंह

तहसील अमृतपुर के ग्राम नगला हूसा निवासी नित्या सिंह पुत्र राजेश कुमार ने उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा आयोजित कविता, कहानी, निबंध प्रतियोगिता में पूरे राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नित्या सिंह गणित विषय से स्नातक पूर्ण करने के बाद से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा भी उन्होंने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। प्रतियोगिता में चयन की सूचना पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की डॉ0 अमिता दुबे ने शुभकामना एवं बधाई संदेश डाक द्वारा भेजकर दी है। नित्या सिंह ने पर्यावरण और हमारा दायित्व विषय पर 2500 शब्दों का निबंध लिखा था। जिसे आगामी 30 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के सभागार में सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार वितरण उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर किया जाएगा। नित्या सिंह की इस उपलब्धि से पूरे जनपद के साहित्यप्रेमियों में हर्ष की लहर है। विशाल श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप, वैभव सोमवंशी, विपिन अवस्थी, प्रियांशु पाण्डेय सहित तमाम साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने बधाई दी है।

वरिष्ठ पत्रकार विनय सिंह को पत्रकारों ने दी सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कलमकार

प्रिंट एवम् इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एक दैनिक अखबार के जिला प्रतितिनिधि विनय सिंह का गत रविवार को देहान्त हो गया था। उनकी शोक श्रद्धांजलि सभा बागरूस्तम स्थित ताहिर खा बज्जू के आवास पर सवेंद्र कुमार अवस्थी इंदू की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

वरिष्ठ पत्रकार इंदू अवस्थी ने कहा कि विनय सिंह ने अपने जीवन में पत्रकारों के लिए काफी संघर्ष किया। वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र भदौरिया ने कहा कि विनय सिंह एक दशक पूर्व राष्ट्रीय संगठन बनाया था और सभी पत्रकारों को साथ लेकर संघर्ष किया था। पत्रकारों को भी इसी प्रकार एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। संजय शर्मा ने कहा कि विनय के सानिध्य में पत्रकारिता की। सभी पत्रकार मिलकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए काम करे, यही विनय कुशवाहा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वरिष्ठ पत्रकार विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी पत्रकार एकजुट होकर एक दूसरे पत्रकार की मदद करे। पत्रकारों के संगठन को आगे बढ़ाए। कहीं अगर पत्रकारों के सम्मान की बात आये तो सभी एकजुट दिखायी दे। सुरेश गुप्ता ने कहा कि विनय सिंह एक वट वृक्ष थे, वह सबको साथ लेकर चलते रहे। मोहन लाल गौड़ ने मैंने विनय सिंह के साथ 21 साल तक काम किया। उनके जाने से पूर्णरूप से मैं अनाथ हो गया हूं। महेश चंद्रवर्मा ने कहा कि पत्रकारों की एकता के लिए काफी संघर्ष विनय ने किया। डा0 रामकिशन राजपूत ने कहा कि विनय के परिवार से मेरा संबंध था। उनके पिता दयाराम कुशवाहा आरपी डिग्री कालेज में मेरे साथी शिक्षक थे। पत्रकार आर्थिक रूप से काफी कमजोर होते हैं।

विनय ने संगठन के माध्यम से पत्रकारों को काफी आगे बढ़ाया। इस अवसर पर विपिन बिहारी सक्सेना, अनिल प्रजापति, दिलीप कश्यप, इरशाद अली, ओमप्रकाश शुक्ला, ताहिर खा बज्ज, जितेंद्र, देवेंद्र श्रीवास्तव, हाजी अहमद अंसारी, शकील मंसूरी, हाजी महमूद मास्टर, रहीस अहमद, अनिल शर्मा, ज्ञान चंद्र, अली अहमद मंसूरी आदि ने श्रद्धांजलि दी और अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

डीएम ने रैन बसेरा का निरीक्षण कर शरणार्थियों का जाना हाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रैन बसेरा में शरणार्थी से जानकारी लेते डीएम

शासन की मंशा के अनुरूप सर्दी के मौसम में किसी भी निराश्रित एवं बेसहारा व्यक्ति को खुले आसमान के नीचे, सड़क पर, फुटपाथ पर न सोना पड़े, ये सुनिश्चित करने के लिये जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने रात्रि 9:55 बजे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान डीएम ने दीनदयाल अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत शहरी बेघरों हेतु निर्मित आश्रय गृह रैन बसेरा फतेहगढ़ व रोडवेज बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया। वहां पर मौजूद आश्रय लिये सभी शरणार्थियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में पूछा एवं सम्बन्धित को निर्देशित किया कि रैन बसेरों में ठहरने वाले शरणार्थियों के आईडी प्रूफ की जांच किए जाएं एवं उनके साथ लाए गए सामानों को भी चेक किया जाए। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, ईओ नगर पालिका फर्रुखाबाद व संबंधित उपस्थित रहे।

मण्डी में आलू की आमद रही 70 मोटर, भाव स्थिर

- सामान्य आलू से लाल आलू 500 रुपये पैकेट ज्यादा में बिका

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मण्डी में लगा आलू

आलू मण्डी सातनपुर में आलू की आमद बढ़ी। मण्डी में शुक्रवार को आलू की आमद लगभग 70 मोटर रही। आलू आढ़ती बेंचे लाल वर्मा ने बताया कि आलू 800 रुपये से 900 रुपये पैकेट बिका। मण्डी में लगातार आलू की आमद बढ़ रही है। वहीं मण्डी में लाल आलू आ गया। जिससे आलू के भाव में उछाल आया है।

सब्जियों का राजा आलू हमारे भोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे हम सब्जी चिप्स, पकोड़े, आलू पराठे, आलू चाट, आलू सलाद और भी अन्य विभिन्न तरीकों से उपयोग में लाते हैं। जानकारों की माने तो आलू का नाम आते ही हमेशा दिमाग में सफेद आलू का ही खयाल आता है, लेकिन आलू लाल भी होते हैं, जो बहुत सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।

लाल आलू एंटीऑक्सीडेंट्स, खासकर एंथोसायनिन से भरपूर होता है, जिसकी वजह से ही इसका रंग लाल होता है। ये आलू पोषक तत्वों का खजाना होते हैं। जिससे हमें बहुत कई सारे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। इसी कारण यह सफेद आलू से महंगा रहता है। सातनपुर में मण्डी में लालू आने लगा है। जिसका भाव सफेद आलू से हमेशा की तरह इस बार भी 400 से 500 रुपये पैकेट महंगा ही रहा। लाल आलू के बारे में बताया गया कि लाल आलू में विटामिन सी, पोटैशियम, विटामि बी6, फ़ाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स, आयरन और मैग्नीशियम होता है। लाल आलू में मौजूद विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मज़बूत करता है। लाल आलू में मौजूद फ़ाइबर पाचन में मदद करता है और कब्ज़ से राहत दिलाता है। लाल आलू में मौजूद पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को एनर्जी देता है। विटामिन बी6 तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखता है। एंटीऑक्सीडेंट सूजन को कम करने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। बाहर के व्यापारियों ने आकर आलू की खरीददारी की। आमद बढ़ने के बाद भी आलू का भाव स्थिर है। नया आलू मण्डी में पूर्ण रुप से आने लगा है। वहीं लाल आलू भी आने लगा है। आलू कच्चा होने के कारण शीघ्र बिकवाली होकर अन्य मण्डियों व दुकानों पर भेज दिया जाता है। खेतों में किसानों ने आलू की खुदाई करना शुरु कर दी है। आलू का साइज सामान्य हो गया है।

श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने सुनाई राजा परीक्षित की कथा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कथा श्रवण कराते आचार्य व भक्तगण

कृष्णा नगर कॉलोनी कादरीगेट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर आचार्य सुनील शुक्ला ने श्रीमद् भागवत कथा के सुंदर चित्रों का वर्णन किया। उन्होंने बचपन से तेरी मेरी यारी चले आना मुरारी भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। आचार्य सुनील शुक्ला ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई।

द्वापर युग में परीक्षित नाम के एक राजा थे, जो बहुत ही न्याय प्रिय और अपनी प्रजा के प्रति निष्ठावान थे। राजा परीक्षित धनुर्धर अर्जुन के पौत्र और वीर अभिमन्यु के पुत्र थे। वह एक बार जंगल में शिकार करने गए, जहां उन्होंने शमीक ऋषि मौन अवस्था में ध्यान कर रहे थे। राजा परीक्षित शमीक ऋषि से पीने के लिए पानी मांगते हैं, लेकिन ऋषि ध्यान में थे इसलिए वह राजा की बात का कोई उत्तर नहीं देते। राजा परीक्षित के सिर पर स्वर्ण मुकुट पर विराजमान कलियुग के प्रभाव से राजा ने इस अपना अपमान समझा। गुस्से के कारण राजा परीक्षित उनके गले में मरा हुआ सांप डाल देते हैं। जब इस बात का पता शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को लगता है तो वह क्रोध में आकर राजा परीक्षित को श्राप दे देते हैं। अपने पिता के अपमान पर ऋषि श्रृंगी राजा परीक्षित को यह श्राप देते हैं कि 7 दिन में नाग राज तक्षक उन्हें डस लेगा और उनकी मृत्यु हो जाएगी। श्राप के कारण राजा को 7 दिन के बाद नाराज तक्षक ने डस लिया और उनकी मृत्यु हो गई। राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरुआत मानी जाती है। इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, सुआ लाल, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, आशीष, सुनील तिवारी, जितेंद्र सिंह, शिवम् त्रिपाठी, बबलू छोटे आदि लोग मौजूद रहे हैं।

सीएमओ की भाषाशैली की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने की निंदा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

डॉ. राम मनोहर लोहिया के पुरुष चिकित्सालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अभिषेक बाजपेई की व संचालन नरेन्द्र मिश्र ने किया। बैठक में चर्चा हुई कि 9 दिसम्बर को डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजर आयुष्मान भारत रविप्रताप सिंह को मुख्य चिकित्साधिकारी क्षेत्र भ्रमण पर ले जा रहे थे। भोलेपुर स्थित पुल के समीप रविप्रताप सिंह ने 2 माह का लंबित मानदेय मांगा। जिस पर सीएम ने रविप्रताप सिंह के साथ गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिसका विरोध करने पर सीएमओ ने कार से धक्का देकर नीचे उतरवा दिया और रविप्रताप के साथ हाथापाई की। मौके पर अन्य साथियों ने बीच बचाव कर दिया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने सीएमओ की इस भाषाशैली व व्यवहार की निंदा की। संगठन ने चेतावनी दी कि रविप्रताप के विरुद्ध कार्यवाही की गई तो संघ इसका विरोध किया। जिसका उत्तरदायित्व सीएमओ का होगा। इस मौके पर पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में बालक-बालिकाओं ने दिखाया दमखम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रतियोगिता शुरु कराती सीओ सिटी व जिला क्रीड़ाधिकारी

जिला स्तरीय बॉक्सिंग जूनियर बालक वर्ग एवं एथलेटिक्स बालक/बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ नगर क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय, जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने एथलेटिक्स में हरी झण्डी दिखाकर एवं बाक्सिंग में बाउट कराकर किया। प्रतियोगिता में अम्पायर/निर्णायक की भूमिका में संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरून कुमार, करन कुशवाहा, सचिन सिंह, निशा परिहार, अभिषेक दुबे, जितेन्द्र कुमार, आस्था अवस्थी, संजीव द्विवेदी, योगेश शुक्ला, सत्यम मिश्रा, अंकामा हॉकी प्रशिक्षक अथक पटेल, अं0का0मा0 बाक्सिंग प्रशिक्षक के साथ स्टेडियम के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर में सौरभ प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय, आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर में सौरभ यादव प्रथम, वरदान दीक्षित द्वितीय, सचिन तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में दीपक सिंह प्रथम, आकाश द्वितीय, विशाल यादव तृतीय रहे। 800 मीटर में शांतनु प्रथम, अनिकेत द्वितीय, अभय कुमार मिश्रा तृतीय रहे। 1500 मीटर में शांतनु प्रथम, आशीष पाल द्वितीय, अतुल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लॉग जम्प में सौरभ प्रथम, नवनीत द्वितीय, आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। जैवलीन थ्रो में तपन प्रथम, ऋषभ द्वितीय, सूरज तृतीय स्थान पर रहे।

डिसकस थ्रो में आतोष प्रताप सिंह प्रथम, पारस द्वितीय, आयूष तृतीय रहे। जूनियर बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर में शिवांकी प्रथम, कीर्ति द्वितीय, आकांक्षा तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर में शिवांकी प्रथम, सरस्वती द्वितीय, उजेफा तृतीय स्थान पर रही।

400 मीटर में वीना यादव प्रथम, रागिनी द्वितीय, रितु तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में नैन्सी प्रथम, आरजू द्वितीय, रितु तृतीय स्थान पर रही। 1500 मीटर में आरजू प्रथम, लवी राठौर द्वितीय, रागिनी तृतीय स्थान पर रही। लॉग जम्प में अराध्या प्रथम, राजूल यादव द्वितीय, अनामिका गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। जैवलीन थ्रो में वंदना प्रथम, सुहानी राठौर द्वितीय, निशा तृतीय रही।

डिसकस थ्रो में संजना प्रथम, सुहानी राठौर द्वितीय सृष्टि तृतीय स्थान पर रही।

जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि 14 दिसम्बर को एथलेटिक्स के हैमर थ्रो, शॉटपट एवं मिक्स रिले की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। साथ ही दोपहर 12 बजे से क्रिकेट, बाक्सिंग एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों एवं निर्णायकों का पुरस्कार मुख्य अतिथि के द्वारा वितरित किये जायेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा

भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं

▸ हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार कर रही है काम

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की है। भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। इसे भारत के लोगों ने भारतीय मूल्यों के अनुरूप बनाया है। इसमें सबका योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार काम कर रही है, जो प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसके मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी।

इस दौरान राजनाथ सिंह ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष किया, आज कुछ विपक्षी नेता अपनी जेब में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं। दरअसल, उन्होंने बचपन से ही यह सीखा है। उन्होंने अपने परिवारों में पीढ़ियों से संविधान को जेब में रखा हुआ देखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को जेब में नहीं बल्कि सिर-माथे से लगाकर रखती है।

भारतीयों के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक कालखंड के बाद बने कई लोकतंत्र और उनके संविधान लंबे समय तक नहीं टिके लेकिन भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों के बावजूद अपनी मूल भावना को खोए बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने संविधान के संरक्षक और व्याख्याकार के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को भी स्वीकार किया।

आज संविधान की रक्षा की बात हो रही है। यह हम सभी का कर्तव्य है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि किसने संविधान का सम्मान किया है और किसने इसका अपमान किया है।

भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने का एक रोडमैप हैं संविधान

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का संविधान केवल शासन प्रणाली स्थापित करने का माध्यम नहीं है बल्कि यह भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने का एक रोडमैप है। हमारे संविधान ने भारतीयता से परिचित कराया है। हमारे संविधान की मूल प्रति के भाग 3 में भगवान श्रीराम, मां सीताजी और लक्ष्मणजी की तस्वीर भी अंकित है। मूल प्रति के मुखपृष्ठ पर अजंता गुफाओं की पेंटिंग की छाप दिखती है। साथ ही कमल का फूल भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भी संविधान के अनुरूप आचरण कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इसी मूल भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी ने संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने का महापाप किया था। कांग्रेस 1976 में 43वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम लेकर आई। यह प्रधानमंत्री, राज्यपालों और अन्य संवैधानिक पद धारकों को आपराधिक और कानूनी छूट प्रदान करने के लिए लाया गया था। एक बार ऐसे पद पर बैठो, सारे अपराधों से बरी हो जायेंगे।

मैं किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा देश के लिए मर मिट जाऊंगा : जगदीप धनखड़

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले आज सभापति और सदन में विपक्ष के नेता के बीच खूब कहासुनी हुई।

मीडिया में चल रहे व्यवस्थित अभियान पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज कहा, दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी श्रेणी के खिलाफ़ है।÷ उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, ÷मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों से विचलित हो रहे हैं... मैंने सार्वजनिक डोमेन में जो कुछ भी चलाया जा रहा है, उसका अध्ययन कर लिया है। हम संविधान का पालन क्यों नहीं कर सकते? आपने एक नोटिस दिया, जिसे हमने प्राप्त किया, आपने अपने प्रेस सम्मेलन में पूछा कि नोटिस का क्या हुआ? यह इंगित करते हुए कि सभापति नोटिस पर बैठे हुए हैं..कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है। किसान पुत्र होने और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने की बात करते हुए सभापति ने कहा,यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमज़ोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा। आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है?

मैं भी मजदूर का बेटा हूं : खरगे

सभापति के वक्तव्य का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं। उन्होंने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, ꠸आप भाजपा के सांसदों को बोलने का मौका दे रहे हैं जबकि कांग्रेस को नहीं। हम यहां आपकी तारीफ सुनने नहीं आए हैं। कांग्रेस सांसद खरगे ने कहा कि सदन चलाना सभापति की जिम्मेदारी होती है। सभापति विपक्षी सांसदों का अपमान करते हैं। जो सभापति मेरा सम्मान नहीं कर रहे, मैं उनका क्या सम्मान कर सकता हूं। आप मेरा अपमान कर रहे हैं।

महिलाओं को सशक्त बनाने का एक भारतीय मॉडल बनाया जाना चाहिए : धर्मेन्द्र प्रधान

एजेंसी

पिछले 10 वर्षों में सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए आगे बढ़कर किया नेतृत्व

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का एक भारतीय मॉडल बनाया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि महिलाएं सभी निर्णय लेने वाली संरचनाओं और जीवन विकल्पों में शामिल हों।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की समानता और सशक्तीकरण ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकता है। धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 'नारी नेतृत्व विकासशील भारत 2047 के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता को आकार देना' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की ओर बढ़ रहे हैं, नारी शक्ति अधिक निर्णय लेने वाली भूमिकाएं निभाएगी। प्रधान ने कहा कि कार्यशाला एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप शिक्षा के हर स्तर पर महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य यह दिखाना है कि कैसे महिलाएं उच्च शिक्षा में शैक्षिक मानकों को उठा रही हैं और साथ ही उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार और प्रेरित भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ताकत, लचीलापन और आशा का प्रतीक है और महिलाओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना भारतीय सभ्यता का एक अंतर्निहित मूल्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने किस तरह से महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर एक परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। मंत्री ने कहा कि उभरती हुई नई विश्व व्यवस्था ज्ञान से प्रेरित होगी और महिलाएं कृत्रिम रुकावटों को तोड़ रही हैं, लैंगिक भूमिकाओं को चुनौती दे रही हैं और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित सहित सभी क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ रही है।

नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृति विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल

नई दिल्ली। पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं। इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं।

सड़क हादसों में पहले स्थान पर कायम होना दुखद : नितिन गडकरी

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क हादसों में भारत का पहले स्थान पर आना गर्व का नहीं चिंता का विषय है। वह आज यहां द्वारिका में आईआईएसएसएम के ग्लोबल कॉन्क्लेव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर साल लाखों लोग सड़क हादसों की भेंट चढ़ जाते हैं। हम कई प्रतिभाशाली डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और बुद्धिजीवी खो देते हैं। गडकरी ने आश्चर्य जताया कि मानव व्यवहार को बदलना बहुत कठिन है। बड़े पैमाने पर लोगों को प्रशिक्षण देने की जरूरत है। लोग वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना नहीं छोड़ते। वे हेलमेट नहीं पहनना चाहते और हादसों को आमंत्रित करते हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुरक्षा कई क्षेत्रों से जुड़ी है, लेकिन हमें सड़क सुरक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। हमें देश को आत्मनिर्भर बनाना है, कौशल इंजीनियरों को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन, प्रशिक्षण और अनुसंधान कभी रुकना नहीं चाहिए। श्री गडकरी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी समस्या बढ़ती जनसंख्या है हमें शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक बनाना है। सुरक्षा के लिहाज से आंतरिक ख्ड्डश्व बाह्य दोनों की महत्ता है। साथ ही हमें संरक्षा के लिए भी नियमों का पालन करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए पूर्व सांसद, आईआईएसएसएम के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आर के सिन्हा की सराहना की।

खबरें एक नजर में

अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की

कीव। अमेरिका यूक्रेन को 50.0 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त सैन्य सहायता पैकेज प्रदान करेगा। यह जानकारी अमेरिका विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडेन ने 26 सितंबर को सुरक्षा सहायता में वृद्धि की घोषणा की थी, जिसके तहत अमेरिकायूक्रेन को तत्काल आवश्यक हथियारों और उपकरणों का एक और महत्वपूर्ण पैकेज प्रदान कर रहा है... यह अतिरिक्त सहायता 50 करोड़ डॉलर की है। उन्होंने कहा कि पैकेज में आर्टिलरी गोला-बारूद, काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) गोला-बारूद, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) के लिए गोला-बारूद, साथ ही रासायनिक, जैविक और परमाणु खतरों के लिए सुरक्षा उपकरण शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद पर हुए आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और और अन्य नेता शामिल हैं। 13 दिसंबर 2001 को दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल जगदीश, मातबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज ने आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

समस्याओं को लेकर महिला आयोग की उपाध्यक्ष से मिले व्यापारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में व्यापारी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल आज पूर्व मेयर प्रत्याशी अजय त्रिपाठी मुन्ना के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महिला आयोग की उपाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उन्हें शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर व्यापारियों ने महिला आयोग की उपाध्यक्ष से महिला व्यापारियों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने महिला सुरक्षा और महिला विकास की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के जरूरी कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर अजय राजेश सोनी, अजय अवस्थी, तारा चंद्र रावत, राज किशोर साहू, वीपी सिंह, जितेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लखनऊ नगर निगम में छुट्टी के दिन जमा होगा टैक्स

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ नगर निगम में छुट्टी के दिन भी टैक्स जमा होगा। गृहकर की आय में वृद्धि और लक्ष्य पाने के लिए कदम उठाया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने निर्देश दिया है कि गृहकर निर्धारण, पुनरीक्षण और वसूली संबंधी काम जारी रहेंगे। शनिवार और रविवार को भी कैश काउंटर खुला रहेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि 14 और 15 दिसंबर को नगर निगम कार्यालय पर कैश काउंटर खुले रखते हुए कर निर्धारण, पुनरीक्षण, बकायेदार भवन स्वामियों से संपर्क करके गृहकर की अधिक से अधिक धनराशि वसूली कराई जाएगी। शनिवार और रविवार को नगर निगम लखनऊ के सभी विभाग विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग में कार्यदाई संस्था के माध्यम से सभी आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय को ई-वेतन द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भुगतान के लिए औपचारिकताएं समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम की गृहकर की आय में वृद्धि को लेकर सभी जोनल कार्यालय पर कैश काउंटर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुले रहेंगे। गृहकर से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया जाएगा। छुट्टी के दिन बकायेदारों से संपर्क करके हाउस टैक्स जमा कराया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में होटल संचालक की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में गोमती नगर इलाके में पिकअप की टक्कर से ढाबा संचालक की मौत हो गई। वह काम से अपने घर की तरफजा रहे थे। तभी पिकअप चालक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। इलाज के दौरान उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। साथ ही आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है। झलियन पुरवा विनीत खंड गोमती नगर में रहने वाले रमेश चंद्र यादव (58) गोमती नगर विस्तार में मखदूमपुर चौकी के सामने भोजनालय चलाते थे। दोपहर करीब 3 बजे होटल से घर की तरफ काम से जा रहे थे। खरगापुर क्रॉसिंग के पास पहुंचे थे।

कोई लरिया में जाइब हो ललमुनिया के माई... गीत ने दर्शकों का मन मोहा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि नम्रता पाठक पत्नी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि थिएटर एवं बॉलीवुड कलाकार देवेंद्र कुमार मोदी एवं महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लोक गीतों व भोजपुरी गीतों से सजी महफिल में झूलनी में मन लागा हमार गोरी संतोष कुमार यादव ने लोक गीत प्रस्तुति देकर दर्शकों को आकर्षित किया। हम कोई लरिया में जाइब हो ललमुनिया के माई... गीत प्रस्तुति देकर पंडाल में बैठे दर्शकों का मन मोह लिया। आर्गन पर लालधर वर्मा ढोलक पर मोनू शर्मा पैड पर विशेष कुमार। तौहंके हिंदुस्तान महोत्सव घुमाईब गोरी झूला झूलाइब गोरी ना...अपनी खनकती आवाज से संतोष कुमार यादव भोजपुरी गीत सुनाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध किया। रेलिया बैरन पिया को लिए जाए गायिका प्रीति लाल ने अपनी आवाज़ से अवधी भोजपुरी पारंपरिक लोकगीतों पर जादू बिखेर दर्शको को आकर्षित किया। रत्न गिरी सेवा संस्थान अध्यक्ष शक्ति बाजपेई उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला के संयोजन में रत्नागिरी सेवा संस्थान द्वारा भारतीय संस्कृति दर्शन कार्यक्रम के तहत कुछ राज्यों की कला एवं संस्कृति की झांकिया मंच के माध्यम से समाजसेवी महिलाओं व उनके साथियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

जज के ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। डालीबाग में डीजीपी आवास के सामने रहने वाला शनि कश्यप (28) पुत्र प्रताप कश्यप एक जज की गाड़ी चलाता था। भाई शुभम ने बताया कि गुरुवार को ड्यूटी से लौटने के बाद शनि ने सबसे अच्छी तरह से बातचीत की। साथ में बैठकर खाना खाया। इसके बाद अपने कमरे में चले गए और मोबाइल चलाने लगे। कुछ देर बाद छोटी बहन कोमल उन्हें देखने गई तो कमरे में लगे लोहे के एंगल के सहारे फंदा बनाकर लटके मिले।

यह जानकारी पुलिस को दी गई। पिता प्रताप कश्यप ने बताया कि गुरुवार को बेटी कोमल के लिए बहराइच रिश्ता देखने जाना था। पहले शनि साथ में जा रहा था लेकिन फिर मना कर दिया। रिश्ता पक्का होने के बाद शनि से बातचीत हुई। इसके आधे घंटे बाद ही उसके फंदे से लटकने के सूचना मिली। फांसी लगाने की असल वजह का पता नहीं चल पा रहा है। शनि की तीन साल पहले शादी हुई थी, लेकिन अभी कोई संतान नहीं है।

शिवेंद्र हत्याकांड में शामिल कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

▸ यूपी, मुंबई व महाराष्ट्र में भी पटेल के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं

समृद्धि न्यूज

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश विशेष टास्क फोर्स ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट से एक लाख के इनामी बदमाश सतीश पटेल को गिरफ्तार किया है। वह ईंट उद्योग के मालिक शिवेंद्र की हत्या समेत कई गंभीर अपराधों में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ यूपी, मुंबई महाराष्ट्र में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह ने बताया कि सतीश पटेल मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के पूरेनगिया पर्वतपुर, थाना जेठवारा का निवासी है। वह भट्ठा उद्योग के मालिक शिवेंद्र हत्या की घटना में शामिल था। आरोपित ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि शिवेन्द्र सिंह ईंट भट्ठा के मालिक थे और स्थानीय लोगों को ब्याज पर पैसे देते थे। एक टेन्ट व्यवसायी राजेन्द्र (बचोली) को तीन लाख रुपये ब्याज पर दिए गए थे। जब अप्रैल-मई में ब्याज नहीं चुका पाया, तो उसने सतीश पटेल व राजेन्द्र के साथ मिलकर शिवेन्द्र सिंह की हत्या का षड्यंत्र रचा। चार अगस्त 2024 की रात को शिवेन्द्र सिंह अपने भट्ठे पर शराब पी रहे थे, तभी विकास पटेल, अनिल पटेल और राजेन्द्र बचोली ने उनके सिर में गोली मार दी। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आठ अगस्त को इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। इस घटना के बाद शिवेन्द्र के भाई ने थाना जेठवारा में केस दर्ज कराया। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि सतीश पटेल पर 13 गंभीर मामलों में उत्तर प्रदेश, मुंबई और महाराष्ट्र में केस दर्ज हैं। उसे थाना जेठवारा में धारा 103(1), 62(2) के तहत गिरफ़्तार किया गया है।

सीएम आवास से कुछ दूरी पर ट्रक पलटा, चालक और क्लीनर घायल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के गौतमपल्ली थाना क्षेत्र के बंदरियाबाग चौराहे पर भीषण एक्सीडेंट हो गया। सीएम आवास से कुछ दूर पर हुए हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर घायल हो गए हैं। घटना गुरुवार देर रात की है। ट्रक में 34 टन लोड था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 18 टायरा ट्रक मोड़ते समय अनियंत्रित होकर पलट गया है। ट्रक उत्तराखंड से आंध्रप्रदेश जा रहा था। तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोने की वजह से यह दुर्घटना हुई है। ट्रक के पलटने से सड़क पर जौ बिखर गया। काफी देर दक यातायात बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद ट्रक को हटाने और सड़क को साफकराने का काम शुरू किया गया। दो क्रेन की सहायता से ट्रक को किनारे कराया गया। जौ की बोरियों को सड़क किनारे रख दिया गया है।

सीएम धामी ने राज्य के विकास का रखा रोडमैप

समृद्धि न्यूज

नियमों के पालन से राज्य में सतत विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी भू-सम्बंधित नियमों का पालन किया जाएगा और जो लोग भूमि का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में रोजगार सृजन और नियमों का पालन करने वाले लोगों को पूरी मदद और समर्थन मिलेगा

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2024 कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्होंने राज्य के निरंतर विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्राप्त उपलब्धियों पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को 21वीं सदी का दशक बताया और राज्य सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राज्य की जीएसडीपी को अगले पांच वर्षों में दुगना करने के लक्ष्य की घोषणा की और कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में उत्तराखंड पहले स्थान पर है। उन्होंने बेरोजगारी दर में 4.4त्न की गिरावट की भी जानकारी दी, जो राज्य की आर्थिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली देहरादून एलिवेटेड सड़क के निर्माण को एक अहम प्रगति कदम बताया, जिससे दोनों शहरों के बीच यात्रा की दूरी अब केवल ढाई घंटे में पूरी की जा सकेगी। यह प्रोजेक्ट उत्तराखंड को न केवल एक बेहतर ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क प्रदान करेगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार के क्षेत्र में भी राज्य को एक नई पहचान दिलाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस साल आपदा के बावजूद, चार धाम यात्रा के दौरान 46 लाख श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचे, जो राज्य की पर्यटन क्षमता और आकर्षण को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम का भव्य पुनर्निर्माण कार्य राज्य के पर्यटन क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाता है।

मुख्यमंत्री ने राज्य में शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की घोषणा भी की, जिससे उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में यह भी बताया कि उत्तराखंड में यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) जल्द लागू किया जाएगा, जो राज्य में समान कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया और राज्य में हो रहे विकास कार्यों में भागीदार बनने का आह्वान किया।

उत्पादन इकाइयां पैकेज्ड पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर दें जोर

▸ गुणवत्ता कार्मिकों के लिए दो दिवसीय कैप्सूल कोर्स का आयोजन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की लखनऊ शाखा ने पैकेज्ड पेयजल (प्राकृतिक खनिज जल को छोड़कर) के उत्पादन से जुड़ी इकाइयों के गुणवत्ता कार्मिकों के लिए दो दिवसीय कैप्सूल कोर्स का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गोमती नगर स्थित होटल कम्फर्ट इन में आयोजित किया गया, जिसका समापन शुक्रवार को प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करके किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पेयजल के उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण से जुड़े हर पहलू पर जागरूकता बढ़ाना था।

साथ ही, बीआईएस द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों और हालिया संशोधनों की जानकारी देना भी इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य था। बीआईएस के लखनऊ शाखा प्रमुख व वरिष्ठ निदेशक श्री सुधीर बिश्नोई ने बताया कि पैकेज्ड पेयजल को उच्च जोखिम वाले खाद्य पदार्थ की श्रेणी में रखा गया है। इसके लिए भारतीय मानक ब्यूरो और खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा कड़े नियम बनाए गए हैं। पैकेज्ड पेयजल का उत्पादन बीआईएस मानक आईएस 14543 के तहत किया जाता है, जिसमें जल उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण से संबंधित दिशा-निर्देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस कोर्स के माध्यम से प्रतिभागियों को जल उपचार प्रक्रिया, सूक्ष्मजीव संदूषकों की सीमाएं, रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक के उपयोग, सैंपल फेलियर की स्थिति में प्रबंधन, और लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बढ़ती आवश्यकता क्यों है। श्री बिश्नोई ने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि इस वर्ष लगभग 40 प्रतिशत पानी के नमूने बीआईएस मानकों को पूरा करने में विफल रहे।

छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना योगी सरकार का लक्ष्य : योगेन्द्र उपाध्याय

▸ उच्च शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और इसकी गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से गुरुवार को विधानपरिषद सभाकक्ष संख्या-80 में राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पहली बैठक आयोजित की गई। इस ऐतिहासिक बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने की।

बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी और प्रदेश के उच्च शिक्षा तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए नई नीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार करते हुए नैक मूल्यांकन और एनआईआरएफ रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु वार्षिक योजना बनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के लिए प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु राज्य स्तरीय कार्यकारिणी निकाय के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रकोष्ठ की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं, ताकि शिक्षा क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए और नए शिक्षकों को ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से राज्य के कॉलेजों के शोध प्रस्तावों को ÷समर्थ पोर्टल÷ के माध्यम से संचालित करने की योजना बनाई गई। इसके लिए समयबद्ध कार्य योजना और टाइमलाइन जारी करने पर भी सहमति बनी। साथ ही, प्रदेश में एकल प्रवेश प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया, जिससे छात्र ऑनलाइन माध्यम से ही सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे।बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के तहत प्रदेश के अर्ह महाविद्यालयों को यूजीसी स्वायत्त महाविद्यालय योजना के लिए प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वार्षिक गतिविधि योजना, शैक्षणिक कैलेंडर, और संस्थागत विकास योजना तैयार कर अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। विश्वविद्यालयों की नियुक्ति समितियों में सरकार के प्रतिनिधित्व हेतु एक समिति गठित की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा में हो रहे सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि शिक्षा के क्षेत्र में हर छात्र को गुणवत्ता और समावेशी शिक्षा मिले। अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन छात्र हितों को ध्यान में रखकर किया जाए।